e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 197

गुरुवार
20.07.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

हमेशा मनुष्य को परछाई और आईने की तरह दोस्त बनाने चाहिए, क्योंकि परछाई कभी साथ नही छोड़ती और आईना कभी झूठ नही बोलता।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
Department of Oncology
Dr. Partha Sen
MBBS, MD
Clinical Oncologist
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## उत्तराखंड : नमामि गंगे प्रोजेक्ट की साइट पर हुआ बड़ा हादसा

# करंट लगने से 16 लोगों की मौत

एजेंसी

**चमोली (उत्तराखंड) :** उत्तराखंड के चमोली जिले में नमामि गंगे प्रोजेक्ट की साइट पर बड़ा हादसा हो गया. यहां करंट लगने से दो दर्जन से ज्यादा लोग बुरी तरह झुलस गए. सभी को आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया. जानकारी के मुताबिक इस हादसे की चपेट में आने से अबतक 16 लोगों की मौत हो गई है. ऐसी आशंका है कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है. सूत्रों का कहना है कि इस हादसे में छह पुलिस कर्मियों की भी जान चली गई है. जानकारी के मुताबिक इस हादसे की चपेट में आने से 20 से ज्यादा लोग भी बुरी तरह झुलस गए हैं. इनमें दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें श्रीनगर के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है.

बताया जा रहा है कि मंगलवार देर रात को भी सीवर प्लांट के चौकीदार की भी करंट लगने से मौत हो गई थी. हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर लिखा गया कि अत्यंत पीड़ादायक ! उत्तराखंड के चमोली में हुए हादसे से बहुत दुख हुआ है। शोकाकुल परिजनों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना प्रकट करने के साथ ही सभी घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जताया दुख

### सीएम ने दिए न्यायिक जांच के आदेश

वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली घटना पर दुख जताते हुए न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं. एसपी चमोली परमेंद्र डोभाल ने बताया कि चमोली जिले में अलकनंदा नदी के किनारे ट्रांसफॉर्मर फटने से कई लोगों की मौत हो गई और जब कई बुरी तरह घायल हो गए हैं. घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. अस्पताल में बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई है. इसके अलावा अस्पताल और घटना स्थल पर आलाधिकारियों का तांता लग गया है.

**आशंका है कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है. सूत्रों का कहना है कि इस हादसे में छह पुलिस कर्मियों की भी जान चली गई है.**



### रेलिंग पर करंट फैलने से हुआ हादसा

उत्तराखंड के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वी मुरुगेसन का कहना है कि एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर और पांच होम गार्ड समेत करीब 15 लोगों की मौत हो गई है. इस मामले की जांच जारी है. प्रथम दृष्टया पता चला है कि रेलिंग पर करंट फैल जाने से वहां मौजूद चपेट में आ गए.

### ऊर्जा निगम पर लापरवाही का लग रहा आरोप

वहीं इस हादसे को लेकर गुस्साए लोग ऊर्जा निगम पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं. वे निगम के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. इधर हादसे के जानकारी होते ही प्रोजेक्ट का काम रोक दिया गया है. फिलहाल बचाव और राहत के लिए टीमें मौके पर पहुंच गई हैं.

## सहायक आचार्य के 26 हजार पदों पर बहाली के लिए शुरू हुआ नियुक्ति प्रक्रिया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर झारखण्ड राज्य कर्मचारी चयन आयोग ने नियुक्ति प्रक्रिया को गति देने की दिशा में तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। इसके तहत झारखण्ड के इतिहास में पहली बार एक साथ 26 हजार पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया है।

जिन 26 हजार पदों के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया है, वे सभी राज्य के विद्यालयों में नियुक्त किए जाने वाले सहायक आचार्य के पद हैं। इसके साथ झारखण्ड राज्य कर्मचारी चयन आयोग ने अभी तक लगभग 35 हजार से अधिक रिक्तियों के लिए विज्ञापन निकाल दिया है।

### बेहतर शिक्षा प्रदान करना एवं रिक्तियों को भरना लक्ष्य

सहायक आचार्यों की नियुक्ति होने से विद्यालयों में पठन-पाठन को बल मिलेगा, साथ ही इससे विद्यालयों में शिक्षकों की जो कमी है उसे पूरा कर टीचर-स्टूडेंट अनुपात में भी बढ़ोत्तरी होगी। शिक्षा के क्षेत्र में झारखण्ड आगे बड़े, यही मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का संकल्प है। राज्य स्तर पर खुले उत्कृष्ट विद्यालय उसी का प्रमाण हैं। मुख्यमंत्री ने प्रारंभ से विभिन्न विभागों की रिक्तियों को भरने के प्रति गंभीरता दिखाई है और वे इस मामले में हमेशा से संवेदनशील रहें हैं।

विभागों द्वारा नियुक्ति नियमावली में आ रही अड़चनों को दूर कर नियुक्ति प्रक्रिया का मार्ग प्रशस्त किया गया है। यही वजह है कि अबतक 8328 लोगों की नियुक्ति की गई है, इसमें जेपीएससी द्वारा रिकॉर्ड समय में 250 पदों पर नियुक्ति भी शामिल है।

### इनके लिए निकाली गई अधिसूचना

राज्य सरकार के निदेश पर झारखण्ड प्रयोगशाला सहायक, स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक परीक्षा, झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त परीक्षा, झारखण्ड नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त परीक्षा, झारखण्ड दिप्लोमा स्तर संयुक्त परीक्षा, उत्पाद सिपाही परीक्षा, झारखण्ड औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा (आईटीआई प्रशिक्षक), झारखण्ड मैट्रिक स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए अधिसूचना निकाली गई है।

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28⁰ |
| न्युनतम | 22⁰ |

## क्विक न्यूज

### झारखंड में कमजोर हुआ मानसून, 24 जुलाई तक रुक-रुक कर होगी बारिश

**रांची :** झारखंड में एक बार फिर से मानसून की रफ्तार धीमी पड़ गई है। बीते कुछ दिनों में हल्की-फुल्की बारिश हुई थी। प्रदेश के लोगों को लगा था कि अब शायद उन्हें थोड़ी राहत मिले लेकिन अगले चार दिनों के लिए मानसून फिर से शिथिल हो सकता है। कई जिलों में कम बारिश की वजह से परेशानी बढ़ी है। बंगाल की खाड़ी में एक साइक्लोनिक सरकुलेशन बन रहा है। इसका असर 20 जुलाई तक दिख सकता है। पिछले 24 घंटे में झारखंड के कई हिस्सों में रुक- रुक कर बारिश हुई है।

### गिरिडीह : 12 ट्रैक्टर अवैध माइका जब्त

**गिरिडीह :** जिले के अबरख बाहुल तिसरी क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने बुधवार को अवैध माइका कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। बताया गया कि वन विभाग ने तिसरी पुलिस के सहयोग से तिसरी डीपू रोड में छापेमारी कर 12 ट्रैक्टर माइका जब्त किया है। जमा अवैध स्टोक माइका डीपू रोड स्थित एयरटेल टावर के समीप के क्षेत्र में झाड़ियों में डंप किया गया था।

### गठबंधन का नाम इंडिया रखने का मामला थाना पहुंचा, 26 पार्टियों के खिलाफ शिकायत

**नई दिल्ली :** विपक्षी गठबंधन का नाम इंडिया रखने का मामला थाने पहुंच गया है. इसपर आपत्ति जताते हुए दिल्ली के बाराखंबा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई गई है. कहा गया है कि इंडिया नाम रखना एंब्लेम्स एक्ट का उल्लंघन है. इस एक्ट के तहत कोई भी अपने निजी फायदे के लिए इंडिया नाम का इस्तेमाल नहीं कर सकता. कहा गया है कि इससे लोगों की भावना आहत हुई हैं.

### सर्वदलीय बैठक में मणिपुर हिंसा, यूसीसी, महंगाई, बाढ़ सहित कई मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग की गई

**नई दिल्ली :** संसद के मानसून सत्र से पहले दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई गई. सत्र 11 अगस्त तक चलना प्रस्तावित है. इस दौरान संसद के दोनों सदनों की कुल 17 बैठकें होनी हैं. सर्वदलीय बैठक में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, प्रह्लाद जोशी, अर्जुन राम मेघवाल आदि शामिल हुए. इधर, मानसून सत्र के एजेंडे पर चर्चा करने के लिए लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा बुलाई गई सदन की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में विपक्षी दलों ने मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में मणिपुर हिंसा, यूसीसी, महंगाई और उत्तर भारत में आए भयानक बाढ़ सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग की.

### झारखंड के राज्यपाल ने जैन यूनिवर्सिटी बिल सरकार को लौटाया


**रांची :** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित जैन यूनिवर्सिटी बिल पर आपत्ति जताते हुए उसे राज्य सरकार को लौटा दिया है. उन्होंने सरकार से पूछा है कि राज्य में पहले से चल रही प्राइवेट यूनिवर्सिटीज में गड़बड़ियों की जांच के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं? सरकार और विधानसभा ने इसके लिए जो कमेटियां गठित की थी, उनकी रिपोर्ट कहां है और उन पर क्या कार्रवाई हुई है ?

### झारखंड में विकास की नई रूपरेखा तय करेगा जस्ट ट्रांजिशन टास्क फोर्स : सीएस

**रांची :** राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने कहा कि सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्क फोर्स राज्य ही नहीं, बल्कि भारत के क्लाइमेट चेंज से संबंधित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों और ग्रीन इकोनॉमी के रास्ते पर चलने के लिहाज से बेहद अहम है। यह टास्क फोर्स राज्य की भावी दशा और दिशा के लिए बेहद निर्णायक पहल है। क्योंकि, यह आकलन करेगा कि हरित अर्थव्यवस्था की राह पर चलना झारखंड जैसे खनिज संपन्न राज्य को कैसे प्रभावित करेगा और इसका क्या ठोस समाधान एवं नीतिगत रास्ता होगा।

## झारखंड को मिले 24 आईपीएस

**पिछले महीने ही यूपीएससी के धौलपुर दिल्ली स्थित कार्यालय में प्रोन्नति को लेकर सलेक्शन कमेटी की बैठक में डीएसपी से एसपी रैंक में 24 अधिकारियों को प्रोन्नति देने पर सहमति बनी थी.**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड को 24 आईपीएस अफसर मिल गए है.

पिछले महीने ही यूपीएससी के धौलपुर दिल्ली स्थित कार्यालय में प्रोन्नति को लेकर सलेक्शन कमेटी की बैठक में डीएसपी से एसपी रैंक में 24 अधिकारियों को प्रोन्नति देने पर सहमति बनी थी. यूपीएससी की सेलेक्शन कमेटी की मिनट्स जारी होने के बाद इस संबंध में अधिसूचना बुधवार को जारी कर दी गई.

झारखण्ड में खेल कोटा से बहाल हुए सरोजनी लकड़ा और अमेल्डा एक्का को भी आईपीएस में प्रोन्नति दी गई है. वहीं द्वितीय बैच के डीएसपी रहे सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडेय, विजय आशीष कुजूर को भी आईपीएस का 2017 बैच आवंटित किया गया है. तीसरे बैच से दीपक कुमार शर्मा, राजकुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, पूज्य प्रकाश, दीपक कुमार-1, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडेय, अनिमेश नैथानी, को आईपीएस का 2019 बैच आवंटित किया गया है. जबकि अजय कुमार-1, आरिफ एकराम, डॉ विमल कुमार मनीष टोप्पो, कैलाश करमाली और पीतांबर सिंह खेरवार को आईपीएस का 2020 बैच आवंटित किया गया

गौरतलब है कि यूपीएससी में प्रमोशन के लिए सलेक्शन कमेटी की बैठक 19 जून को हुई थी. जेपीएससी के दूसरे और तीसरे बैच के वरीय अफसरों को एसपी रैंक में प्रोन्नति मिली है.

## बहुमंजिला इमारतों में फायर सेफ्टी नॉर्म्स का पालन करने का हाई कोर्ट ने दिया निर्देश

**राज्य सरकार को 7-8 बिंदुओं पर दिशा निर्देश देते हुए कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया। इससे पहले कोर्ट के आदेश के आलोक में सभी जिला प्रशासन के द्वारा बहुमंजिला इमारतों के फायर सेफ्टी ऑडिट की रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की गई, जिसे कोर्ट ने अपने रिकॉर्ड में ले लिया।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने बुधवार को राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि राज्य के सभी जिलों में बहुमंजिला इमारतों में फायर सेफ्टी नॉर्म्स का पालन सख्ती से होना चाहिए। सरकार को लगातार समय-समय पर इसकी रिव्यू भी करनी होगी। नेशनल बिल्डिंग कोड का पालन सुनिश्चित होना जरूरी है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि फायर सेफ्टी रूल एंड रेगुलेशन का पालन होना चाहिए। राज्य सरकार को 7-8 बिंदुओं पर दिशा निर्देश देते हुए कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया। इससे पहले कोर्ट के आदेश के आलोक में सभी जिला प्रशासन के द्वारा बहुमंजिला इमारतों के फायर सेफ्टी ऑडिट की रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की गई, जिसे कोर्ट ने अपने रिकॉर्ड में ले लिया। जिला प्रशासन की ओर से कहा गया कि जिन बहुमंजिला इमारत ने फायर सेफ्टी नॉर्म्स का पालन नहीं किया है उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि फायर सेफ्टी को लेकर बिल्डिंग बनने से पहले संबंधित विभाग से एनओसी लेना चाहिए। फायर सेफ्टी को लेकर जो बाइलॉज और रेगुलेशन बने हैं उनका पालन होना चाहिए। फायर सेफ्टी के तहत नेशनल बिल्डिंग कोड बना है, उसका पालन सुनिश्चित होना चाहिए।उल्लेखनीय है कि बीते साल नवंबर महीने में धनबाद के आशीर्वाद टावर और हाजरा क्लीनिक में आग लगने से 19 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को चार माह में सभी जिलों के फायर ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश सरकार को दिया था।

## सीएम ने 79381.621 लाख रुपए की लागत वाली 188 योजनाओं की गिरिडीह वासियों को दी सौगात

# झारखंड के मजदूरों के लिए महाराष्ट्र में खुलेगा सेंटर : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** आपकी उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। यह सरकार हर किसी की बात सुनती है और उसका समाधान करती है। सरकार जनता के साथ लगातार संवाद कर रही है। मैं भी लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रहा हूं, ताकि योजनाओं की जमीनी हकीकत के साथ आपकी समस्याओं को जान और समझ सकूँ। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गिरिडीह के डुमरी में योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास एवं परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के अलग राज्य बने दो दशक से ज्यादा हो चुके हैं। लेकिन शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार एवं कई अन्य क्षेत्र में राज्य वासियों की उम्मीदें पूरी नहीं हो सकी। गरीबी और पिछड़ापन का टैग झारखंड के साथ जुड़ा रहा। लेकिन, हमारी सरकार विभिन्न चुनौतियों के बीच लगातार राज्य के विकास को गति देने का काम कर रही है हम कोरोना काल में भी लोगों को जीवन और जीविका के साधन उपलब्ध कराए और अब झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में खड़ा करने के लिए पूरी ताकत के साथ काम कर रहे हैं।

**बड़े पैमाने पर हो रही नियुक्ति, पारदर्शिता का पूरा रखा जा रहा ख्याल:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नियुक्तियों का सिलसिला शुरू हो चुका है। कई विभागों में बड़े पैमाने पर अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र बांटे जा चुके हैं और आगे भी यह जारी रहेगा। प्रतियोगिता परीक्षाओं का रिजल्ट समय पर प्रकाशित हो और इसमें पूरी पारदर्शिता का ख्याल रखा जाए, इस बाबत अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। अगर इसमे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होती है, तो आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस मौके पर मंत्री हफीजुल हसन,मंत्री श्रीमती बेबी देवी, विधायक सरफराज अहमद, विधायक विनोद कुमार सिंह, श्री योगेंद्र महतो (राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त) और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे के साथ जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।


### इन योजनाओं का हुआ उद्घाटन-शिलान्यास

- ⇨ मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 79381.621 लाख रुपए की लागत वाली 188 योजनाओं की गिरिडीह जिले को सौगात दी । इसमें 6821.671 लाख रुपए की 28 योजनाओं का उद्घाटन और 72559.95 लाख रुपए की 160 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। वहीं, 15 हजार लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।
- ⇨ मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग द्वारा केबी रोड से तिरंगा चौक तक 19 किलोमीटर पथ के सुधार कार्य का किया उद्घाटन।
- ⇨ मुख्यमंत्री ने पंडरिया (ईदगाह मोड़) से लाचुडीह ( बांकी कला, सरैया करमे एवं लाचुरी होते हुए) पथ का मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्य, 28 किलोमीटर लंबी बनपुरा से गोरहर पथ (एनएच -19) और सरिया - कोयरीडीह- कठवारा पथ ( 44.46 किलोमीटर) का किया शिलान्यास।
- ⇨ उत्पाद कार्यालय, गिरिडीह का नया भवन का उद्घाटन।
- ⇨ गिरिडीह जिला के तिसरी प्रखंड अंतर्गत चंदौली और बड़की नदी पर पुल निर्माण का उद्घाटन।
- ⇨ डुमरी प्रखंड में पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन की रखी गई आधारशिला।
- ⇨ गिरिडीह, सरिया, देवरी,गांवा, जमुआ,धनवार, तिसरी, पीरटांड, गाण्डेय प्रखंड में उपङ्कस्वास्थ्य केंद्र भवन की रखी गई आधारशिला।

# निर्माणाधीन पीसीसी पथ का निरीक्षण करने गए नप अधिकारियों पर जानलेवा हमला

## सहायक नगर आयुक्त मो. परवेज का शर फटा, नगर प्रबंधक को भी लगी चोट

➲एसडीपीओ, बीडीओ, सीओ, पुलिस निरीक्षक सहित कई प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे घटनास्थल पर
➲घटना रेहला थाना क्षेत्र के गोदरमा गांव का





घटनास्थल का निरीक्षण करते प्रशासनिक पदाधिकारी।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड तीन के गोदरमा गांव में निर्माणाधीन पीसीसी पथ का निरीक्षण करने गए नप अधिकारियों पर एक विषेश समुदाय द्वारा जानलेवा हमला किया गया.इस हमले में सहायक नगर आयुक्त मो.प्रवेज को गंभीर चोट आई है.उनका शर फट गया है.वहीं सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह व नगर प्रबंधक प्रभात कुमार को भी चोट लगी है। घटना की सूचना मिलते ही बिश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम, सीओ विक्रम आनंद व पुलिस निरीक्षक अजय कुमार सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। मिली जानकारी के अनुसार रेहला थाना क्षेत्र के गोदरमा गांव में नगर परिषद द्वारा छठ घाट तक जाने हेतु पीसीसी पथ का निर्माण कराया जा रहा है.इसी रास्ते के किनारे कब्रिस्तान भी पड़ता है.जिसकी चहरदीवारी वर्षों पूर्व कल्याण विभाग द्वारा करा दिया गया है.मुस्लिम समुदाय द्वारा कब्रिस्तान के बगल से सड़क बनने पर आपत्ति दर्ज कराई गई.जिसके बाद सड़क निर्माण कार्य बंद कराकर अंचल कार्यालय द्वारा कब्रिस्तान का सीमांकान करते हुए सड़क की मापी कराई गई.मापी के बाद नप द्वारा निर्माण कार्य पुनः शुरू करने का आदेश निर्गत किया गया.जिसके बाद बुधवार को सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया। निर्माणाधीन पीसीसी पथ का निरीक्षण करने लगभग 11.30 बजे सहायक नगर आयुक्त मो.प्रवेज नप पदाधिकार्यो के साथ स्थल पहुंचे। इसी बीच एक समुदाय विशेष के लगभग 70-80 लोग लाठी डंडा लेकर एकाएक वहां पहुंचे और मो.प्रवेज सहित नप पदाधिकारियों पर हमला बोल दिया। हमले में मो.प्रवेज के शर में गंभीर चोट आई है। वहीं सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह व नगर प्रबंधक प्रभात कुमार को भी चोट लगी है। हमलावरों ने सड़क निर्माण में लगे मशीनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नही सड़क निर्माण की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे कांग्रेसी नेता मणिभूषण पांडेय पर भी हमला करने का प्रयास किया। जिसे पुलिस ने नाकाम किया। आनन फानन में सभी घायलों को बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां सबका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही बिश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम, सीओ विक्रम आनंद, पुलिस निरीक्षक अजय कुमार, बिश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, रेहला थाना के एसआई अलख नाथ चौबे व उंटारी थाना प्रभारी अशोक मेहता पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। इस संबंध में मो प्रवेज ने रेहला थाना में 15 नामजद सहित 170 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है.पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है.

## थानाप्रभारी ने लिया बैंकों की सुरक्षा का जायजा दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंडवा प्रखंड क्षेत्र के एसबीआई बैंक शाखा पंडवा की सुरक्षा को लेकर पुलिस टीम ने भारतीय स्टेट बैंक शाखा का किया औचक निरीक्षण। पंडवा थाना प्रभारी नकुल शाह ने एसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश के आलोक में पंडवा थाना क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक शाखा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पर उपस्थित पदाधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैंकों के सीसीटीवी कैमरों, सिक्यूरिटी, अलार्म और गार्ड की तैनाती जैसी चीजों को देखा और बैंकों को सुरक्षा के साधन दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की बैंक में बिना काम से अगर कोई भी घुसता है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा की किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के दिखाई पड़ने पर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दे।मौके पर मौजूद बैंक सुरक्षा में तैनात गार्ड को थाना प्रभारी नकुल शाह ने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।बैंक के गार्ड को उन्होंने समय पर बैंक पहुंचने और बैंक बंद होने पर ही वहां से प्रस्थान करने का निर्देश दिया। बैंक के अगल-बगल व सामने के दुकानों का भी थानाप्रभारी ने निरीक्षण किया।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छः क्लासरूम निर्माण का शिलान्यास विधायक ने किया



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छत्तरपुर प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के प्रांगण में डी एम एफ टी मद से वित्तीय वर्ष 2023-24 में 6 क्लास रूम का निर्माण कार्य का शिलान्यास भाजपा विधायक पुष्पा देवी ने किया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी विद्यालय की वार्डन किरण सिंह के द्वारा विधायक को माला पहनाकर स्वागत किया गया। विधायक ने कहा कि क्लास रूम बन जाने से छात्राओं को परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा। भवन निर्माण में गुणवत्ता के लिए विधायक ने संवेदक को निर्देश दिया। इस मौके पर संतोष गुप्ता,मंडल मंत्री कमलेश प्रसाद, चंदन यादव, शिवकुमार राम, रामजतन यादव, अजित प्रजापति, अशोक तिवारी, नसरुल्ला अंसारी, सन्तोष कुमार, सुदामा चन्द्रवंशी, मुरारी गुप्ता, अनमोल मिश्रा, राजेन्द्र यादव, और विद्यालय परिवार के सभी सदस्य और ग्रामीण मौजूद थे।

## लचर बिजली व्यवस्था के कारण लोगों में बन रहा आक्रोश का माहौल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के लोग लचर बिजली व्यवस्था के कारण आक्रोशित होते हुए दिखाएं दे रहे हैं। भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य लाल बहादुर सिंह बिंदेश्वर पाठक सुबह-सुबह अपने साथियों के साथ पिपरा ग्रिड पहुंचकर कर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अपने हरकतों में सुधार लाएं प्रखंड क्षेत्र की बिजली को अन्यत्र किसी प्रलोभन में ना दें। नहीं तो हम लोग आंदोलन को बाध्य होंगे। वही पिपरा प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव एवं जिला परिषद ददन पासवान भी अपने साथियों के साथ अनुमंडल पहुंचकर विद्युत अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए कहां है कि आसपास चल रहे क्रेशर प्लांट को दिन-रात विद्युत आपूर्ति किया जा रहा है. ग्रामीणों द्वारा पूछे जाने पर कर्मियों के द्वारा लोड अधिक है बोलकर फोन काट दिया जाता है। दिन में तीन चार घंटे रात्रि में दो-तीन घंटे ही बिजली की आपूर्ति हो रही है। गर्मी से लोगों का बुरा हाल है बच्चों का पढ़ाई लिखाई बाधित होता है। किसानों को भी काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कर्मियों के द्वारा जनप्रतिनिधियों का फोन तक रिसीव नहीं किया जाता है। अगर हमारी समस्या का तत्काल रुप से समाधान नहीं निकाला गया तो हम सभी प्रखंड वासी आंदोलन को बाध्य होंगे।

## घटिया कार्य होने के कारण पहली बरसात में बहा पुलिया का गार्डवाल लाखों रुपया की हुई लूट और ग्रामीणों मे काफी आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा :** छतरपुर अनुमंडल के अतर्गत अति सुदूरवर्ती पंचायत मुरुममदाग़ पंचायत के सुंगरी के पास पुलिया निर्माण कराया गया था। जो छतरपुर -पाटन विधानसभा के क्षेत्रीय विधायिका श्रीमती पुष्पा देवी के शिलायंस करने का शिलापट्ट लगा हुआ। लेकिन कई वर्षो से अधूरा पड़ा हुआ था लेकिन जैसे तैसे एक वर्ष पूर्व इस पुलिया का निर्माण कार्य पुरा कराया गया। इसके पश्चात पहली बरसात मे पुलिया का गार्डवाल बह गया और पुलिया का पिलर दब गया और देखने लगा पुलिया लगा गया सरिया। बताते चले की इस पुलिया निर्माण कार्य मे कितना गुणवता पूर्ण कार्य कराया करया गया होगा। इस प्रतीत होता है कि स्थानीय जनप्रतिनिधि के निगरानी नही रहने के कारण संवेदक के द्वारा सारी राशि की डकार ली गई यह बात आक्रोशित ग्रामीण के द्वारा बताया गया। शिलापट्ट पर प्राक्कलित कार्य निर्माण की तिथि अंकित नहीं है साफ तौर से कहा जा सकता है कि शिलापट्ट पुलिया का कार्य पूर्ण होने के बाद लगाया गया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने उच्च अधिकारी से जाँच करने की मांग किया और संवेदक पर आगे की करवाई करते हुए पुन ऱ्पुलिया का कार्य कराया जाए।

## जल सहिया संघ ने विधायक आवास पर किया प्रदर्शन मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड और रामगढ़ प्रखंड के जलसहियाओ ने डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक कुमार चौरसिया के आवास पर पांच सूत्री मांगों को लेकर धरना दिया। धरना स्थल पर प्रदर्शन भी किया। चैनपुर प्रखंड जलसहिया संघ के अध्यक्ष बिमला देवी ने बताया कि जलसहियाओ का पिछले 48 माह से मानदेय बकाया है। जबकि हम लोग पिछले 11 वर्षो से पेयजल एव स्वच्छता विभाग में ईमानदारी पूर्वक काम कर रहे हैं। हमे इसके बदले कोई अन्य राशि नहीं दी जाती। जलसहिया संघ द्वारा विधायक की अनुपस्थिति में विधायक प्रतिनिधि को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। पांच सूत्री मांग पत्र में पूर्व के सरकार द्वारा दिए जा रहे 1000 रूपये मासिक मानदेय बकाया राशि का भुगतान कराने, निर्वाचन के पूर्व घोषित न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मासिक मानदेय भुगतान का वादा पूर्ण कराने, जलसहियाओ का बीमा कराने, जलसहियाओं को मोबाइल एव ड्रेस कोड दिलाने, स्वच्छता संबंधी कार्य ठेकेदार को न देकर जलसहिया से कराने की मांग शामिल है। प्रदर्शन में उपाध्यक्ष यासमीन बीवी, आरती देवी, रामावती देवी, पूनम देवी, गीता देवी, शारदा देवी, सिंधु देवी, अफसरी बीवी, सावित्री देवी, रीमा देवी, रेणु देवी, सुशीला देवी, मंजू देवी, मनोरमा देवी सहित कई जलसहिया मौजूद थे।

## अनुसूचित जनजाति व परम्परागत वनवासी ग्रामीणों ने सीओ को सौंपा सूची-पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड में स्थित दहेडिया ग्राम के सीतानगर, झुमरी ग्राम के टोला लेवनागर एवं श्रीनगर तथा ग्राम कधवन सहित विभिन्न ग्राम के अनुसूचित जनजाति एवं परम्परागत वनवासी ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय परिसर में उपस्थित हो कर अंचल पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा को भूमि पट्टा के लिए दावा-पत्र की सूची सौपा।अंचल पदाधिकारी को सौंपे गए दावा-पत्र में अनुरोध किया गया है कि ग्रामीणों को भूमि पट्टा उपलब्ध कराने के लिए उपायुक्त को उक्त दावा - पत्र भेजने का अनुरोध किया गया है। दावा-पत्र को लेकर उपायुक्त द्वारा अंचलपदधिकारी को लिखे गए पत्र के पत्रांक 762 गढ़वा/का0/29 मई23 को दिए गए निर्देश का हवाला दिया गया है। मौके पर शनिचर, गरीबा, दीनानाथ, तेजू राम, सुनीता देवी, अयोध्या यादव, मुनिया देवी, बरती देवी, मोना देवी सहित सैकड़ों की संख्या में अनुसूचित जनजाति तथा वनवासी ग्रामीण उपस्थित थे।

## आश्वासन के बाद कांग्रेसी नेता का अनशन तीसरे दिन समाप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** कांग्रेसी नेता मणिभूषण पांडेय का आमरण अनशन प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद बुधवार को तीसरे दिन समाप्त हो गया.यहां बताते चलें कि श्री पांडेय गोदारमा गांव में निर्माणाधीन सड़क किनारे सोमवार से ही आमरण अनशन पर बैठे थे। उनका मांग था कि छठ घाट जाने वाले सड़क का निर्माण कार्य पुनः शुरू किया जाए। बुधवार को बिश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम, सीओ विक्रम आनंद, पुलिस निरीक्षक अजय कुमार, बिश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, उंटारी थाना प्रभारी अशोक मेहता, एसआई अलख नाथ चौबे अनशन स्थल पर पहुंचे। प्रशासनिक पदाधिकारियों से वार्ता के बाद मणिभूषण पांडेय अनशन खत्म करने पर राजी हुए। उसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने जूस पिलाकर श्री पांडेय का आमरण अनशन समाप्त कराया.मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, प्रो.नंदलाल शुक्ला, आलोक शुक्ला, प्रमोद पांडेय, दिनेश शुक्ला, राजीव पांडेय, नवीन पांडेय, सोनू पांडेय, संजय पांडेय, विकास पांडेय, विवेक पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

## रमना प्रखंड कार्यालय में पंचायत समिति की मासिक बैठक संपन्न, हुई कई समस्याओं पर चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रमना :** बुधवार को रमना प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की मासिक बैठक में प्रखंड की सभी पंचायतों के पंचायत समिति सदस्य, प्रमुख, व कई विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख करुणा सोनी ने की। शुरुआती दौर से ही बैठक हंगामेदार रही। प्रखंड के सपही चार महिना से खराब पड़े ट्रास्फारमर तथा हरादाग कला में अस्पताल बंद रहने का मामला उठाते हुए कार्रवाई की गई।साथ ही बैठक से अनुपस्थित रहने पर चिकित्सा पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगने का निर्णय लिया गया।करुणा सोनी ने अधिकारियों के द्वारा अनदेखी किए जाने, विकास योजनाओ मे अधिकारियों के सह पर कर्मीयों के द्वारा गड़बड़ी किए जाने का मामला उठाया।साथ ही मड़वनिया में घर के उपर से गुजरें 11 हजार वोल्ट के तार हटाने तथा सभी पंचायत भवन में मीटर लगाने का प्रस्ताव दिया। इसके अलावे उप प्रमुख खजीदा बीबी, सीता देवी, शांति देवी, सुर्यदेव राम, यमुना सिंह सहीत कई सदस्यों जनहीत से जुड़े कई मामला उठाते हुए सामाधान की मांग किया। बैठक के दौरान शिक्षा, पेयजल, पशुपालन, कृषि विभाग सहीत कई विभागों की समीक्षा भी समीक्षा करते हुए सरकारी योजनाओं को आमजन और जरुरमंदो तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया।

## केतार अंचल अमीन की पदस्थापना कामेश्वर मिस्त्री होगे वर्तमान अमीन




**केतार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देशानुसार केतार अंचल मे कार्यरत अमीन नवल किशोर तिवारी को ट्रांसफर करते हुए अंचल कार्यालय रंका में प्रतिनियुक्त किया गया है। जबकि अंचल कार्यालय रंका में कार्यरत अमीन कामेश्वर मिस्त्री को केतार अंचल में प्रतिनियुक्त किया गया है। वहीं उक्त दोनों कर्मियों को यथाशीघ्र अंचल कार्यालय में योगदान करने की बात कही गई है।

## चियांकी में हुआ 74 वां वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

## मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने लोगों से पौधारोपण करने की अपील की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि पौधारोपण से जिले को सुखा ग्रस्त होने से बचाया जा सकता है तथा पेड़ों से गर्मी में कमी भी देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि घरों या परती पड़े ज़मीनों में अच्छे फलदार पौधे लगाने से भविष्य में अच्छी आमदनी हो सकती है।मंत्री श्री उरांव ने कहा कि कई मायनों में हमारा राज्य प्राकृतिक रूप से धनी है लेकिन विगत कुछ वर्षो से वन प्रतिशत में कमी आना हमारे लिये चिंता का विषय है।हम सबको अधिक से अधिक पेड़ लगाने की ओर ध्यान देना चाहिये।वे बुधवार को मेदनीनगर के चियांकी पहाड़ के परिसर में 74वां वन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।यह कार्यक्रम सामाजिक वानिकी प्रमंडल लातेहार की ओर से आयोजित किया गया था। मंत्री श्री उरांव ने कहा कि पेड़ो की कटाई से प्राकृतिक संतुलन भी बिगड़ता है ऐसे में पेड़ों की अवैध कटाई को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके आवासीय परिसर में शीशम के पेड़ काटने को लेकर उन्होंने वन प्रमंडल पदाधिकारी से अनुमति लेने के पश्चात के पेड़ों की कटाई की थी।उन्होंने कहा कि जंगलों में बेतहाशा पेड़ो की अवैध कटाई को सामूहिक रूप से रोका जा सकता है।उन्होंने कहा कि आज जंगलों की संख्या जहां ज्यादा है वो देश उन्नति की ओर है ऐसे में आप सभी अधिक से अधिक पेड़ लगाएं व उसकी देखभाल करें। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गयी जिसके पश्चात मंत्री श्री उरांव ने परिसर में पीपल का पौधा भी लगाया।मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला ने लोगों से एक दिन नहीं बल्कि प्रत्येक दिन को वन महोत्सव के रूप में मनाने की अपील की।उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने भी पेड़ो की महत्ता के विषय पर प्रकाश डाला।इस दौरान चियांकी पहाड़ में कुल 500 से अधिक पौधे गैबियन के साथ लगाये गये।इस कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावे लातेहार के सामाजिक वानिकी प्रमंडल के वन प्रमंडल पदाधिकारी, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, गढ़वा के सामाजिक वानिकी प्रमंडल के वन प्रमंडल पदाधिकारी सीएन त्रिपाठी, सहायक वन संरक्षक आलोक सिन्हा, वन क्षेत्र पदाधिकारी संजीव कुमार, स्कूली बच्चे, वन कर्मी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सुदूरवर्ती गांव में पांकी विधायक ने निजी खर्च से सड़क बनवाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पांकी विधानसभा केकरगढ़ पंचायत के हेडूम गरीहरा में आजादी के 76 वर्ष बीत जाने के बाद भी वहाँ के ग्रामीणों सड़क के लिए तरस रहे है। केकरगढ़ पंचायत कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। हमेशा नक्सलियों की गड़गड़ाहट होते रहती थी। भाजपा विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने क्षेत्र में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल कार्यकाल बेमिसाल को प्रचारित करने के लिए निकले थे। वहां के ग्रामीणों ने सड़क और पुलिया के लिए अपनी समस्या को रखा विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने अपनी निजी खर्च से नावाडीह से गरीहरा तक चलने लायक सड़क बनवाया! वहा के ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया। वही विधायक डॉ मेहता ने पूर्व के जनप्रतिनिधि पर निशाना साधते हुए कहा कि 15 साल तक शाशन करने वाला जनप्रतिनिधि विकास के नाम पर लूटने का काम किया। पूरे विधानसभा में सड़क के हालत जर्जर है। मैं भरपूर प्रयास कर रहा हु की पांकी विधानसभा सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, शिक्षा में पूरे विधानसभा में बेहतर होगा। मौके पर अमलेश यादव, बिंदु यादव, मुकेश पांडेय, भुनेश्वर भुइयां, शंकर यादव, बालकिशुन उरांव, अमरेश यादव, प्रोफेसर बचन ठाकुर, संजय वर्मा, सुनील प्रसाद गुप्ता, रंजय ठाकुर, प्रकाश मेहता, रोशन सिंह कमेश यादव, सुधीर तिवारी, राकेश कुमार वर्मा उर्फ सोनू, सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

## नामकुम से चार दिनों बाद युवक का सड़ा गला शव बरामद

**रांची :** नामकुम थाना क्षेत्र स्थित जामचुआं के राबंगदा पहाड़ के नीचे बुधवार को एक युवक का सड़ा गला शव बरामद हुआ है। शव की पहचान जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के कोयनर डीबडीह निवासी राजू कच्छप के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच में जुट गयी है। प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या कर उसके शव को फेंक दिया गया है। बताया जाता है कि राजू कच्छप जामचुआं स्थित अपने जीजा के घर 14 जुलाई को आया था। इसके बाद वह अपने घर नहीं लौटा। चार दिनों से वो लापता था। उसका कोई पता भी नहीं चल पा रहा था।

## शिक्षा विभाग करायेगा सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**रांची :** शिक्षा विभाग सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करायेगा। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के खेल आयोजन के बाद इसका प्रतियोगिता के बाद आयोजित की जायेगी। इसको लेकर विभागीय सचिव ने प्री-सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन की तिथि की घोषणा कर दी है। एसजीएफआई खेलों के बाद ये दूसरा आयोजन है जो, खेल निदेशालय की बजाय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग आयोजित करेगा। सुब्रतो कप प्रतियोगिता के तहत जूनियर बालक व बालिका (अंडर-14 बालक व अंडर-17 बालिका) के अलावा सब-जूनियर(अंडर-14) का आयोजन 19 सितंबर से 23 अक्टूबर तक बेंगलुरु में आयोजन होना है। इसके लिए राज्यस्तरीय टीम के निबंधन की अंतिम 10 अगस्त रखी गयी है।


# झारखंड के शिक्षक इस बार राष्ट्रपति सम्मान से रह जाएंगे वंचित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड के शिक्षक इस बार राष्टपति सम्मान से वंचित रह जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 15 जुलाई थी। इस दिन तक झारखंड के किसी शिक्षकों ने आवेदन नहीं किया था। इस वजह से पांच सितंबर को मिलने वाले राष्ट्रीय पुरस्कार से झारखंड के सरकारी स्कूल के शिक्षक के वंचित होने की आशंका बढ़ गई है। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 23 जून को ही पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया था, जिसमें 10 वर्ष का अनुभव रखने वाले वैसे शिक्षक जो शिक्षण कार्य के अलावा समाज के लिए कुछ अलग हटकर कार्य किए हों, उसकी योग्यता निर्धारित की गई थी। सभी कागजात को पीडीएफ फोर्मेट में पोर्टल पर अपलोड करना था। इस संबंध में बुधवार को शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने बताया कि झारखंड से किसी भी शिक्षक का आवेदन नहीं करना ये बहुत आश्चर्य की बात है। उन्होंने कहा कि अंतिम दिन पोर्टल में कुछ तकनीकी अड़चन की शिकायत आई थी लेकिन जिन्हें आवेदन करना है वो अंतिम दिन तक का क्यों इंतजार करेंगे। आवेदन समय से पहले ही कर लेना चाहिए था।झारखंड से 2010 में राष्ट्रीय पुरस्कार पा चुके सेवानिवृत्त शिक्षक मोहन सिंह ने कहा कि राष्टपति सम्मान के लिए शिक्षकों का आवेदन नहीं करना दुखद है। उन्होंने कहा कि विभाग और शिक्षकों के बीच समन्वय के अभाव के कारण ऐसा हुआ है। यह शिक्षकों के लिए गौरव का क्षण होता है, जिसे उन्हें अपने बेहतरीन कार्य के लिए सेवाकाल में प्राप्त होता है लेकिन अफसोस है कि इस बार आवेदन की तारीख नहीं बढ़ाई गई तो किसी को भी झारखंड से सम्मान नहीं मिलेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को भेजे गए आवेदन की स्क्रूटनी जिला स्तर पर उपायुक्तों की अध्यक्षता वाली कमेटी करती है। कमेटी की अनुशंसा के बाद शिक्षा सचिव की अध्यक्षता वाली राज्यस्तरीय कमेटी अपनी अनुशंसा नेशनल जूरी को भेजती है। राज्य से अधिकतम तीन शिक्षकों के नाम की अनुशंसा की जाती है, जिसमें से दो शिक्षकों को सम्मानित करने की परंपरा रही है। रांची जिला स्कूल के शिक्षक महेंद्र कहते हैं कि जटिल प्रक्रिया की वजह से शिक्षक आवेदन करने से कतराने लगे हैं। उन्होंने कहा कि वे पिछले दो बार से आवेदन भेज रहे थे लेकिन चयन नहीं होने के कारण इस बार उन्होंने आवेदन नहीं किया। इन सबके बीच शिक्षा विभाग केंद्र सरकार से आग्रह करके आवेदन की तारीख बढ़ाने के प्रयास में है, जिससे झारखंड से भी शिक्षकों का पुरस्कार के लिए चयन हो सके।

# पतरातू डीएसपी और दारोगा को गोली मारने का आरोपित गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रामगढ़ जिले के पतरातू में डीएसपी नीरज कुमार और दारोगा सोनू साव को गोली मारने के आरोपित बॉबी साव को एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना को अंजाम देने के बाद बॉबी साव और उसकी पत्नी बिनीता मंगलवार रात को लोहरदगा के भंडरा थाना क्षेत्र के भौरों गांव में फूफा ससुर शिशिर प्रजापति के घर में छिपा था।शिशिर प्रजापति झारखंड पुलिस में आरक्षी चालक के पद पर कार्यरत है। इसी बीच एटीएस की टीम को भनक मिली कि बॉबी साव लोहरदगा के घर में छिपकर बैठा हुआ है। इसके बाद बॉबी साव को पकड़ने के लिए एटीएस और पतरातू थाना की पुलिस भौरो गांव पहुंची। उस वक्त घर में शिशिर की पत्नी, बेटी और बेटा मौजूद थे। एटीएस की टीम ने बॉबी को गिरफ्तार किया और अपने साथ रांची ले आयी। इसके बाद बुधवार की सुबह बॉबी की पत्नी वापस घर चली गयी। बीते सात जुलाई को रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में कोयला कारोबारी रंजीत गुप्ता को गोली मारने में अमन साहू गिरोह का शार्प शूटर चंदन साव के साथ बॉबी खान भी शामिल था। गिरफ्तार अपराधी जेल में बंद अमन साहू के नाम पर कोल कंपनियों के अधिकारियों और अन्य व्यापारियों को जान से मारने की धमकी देकर उनसे मोटी रंगदारी वसूलने का काम करते थे।

एटीएस की टीम ने अमन साहू गिरोह के चंदन साव समेत तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अपराधियों ने गैंग के सदस्य बॉबी खान के बारे में जानकारी दी थी।इसके बाद पुलिस ने बॉबी खान का लोकेशन ट्रैक किया था। एटीएस और रामगढ़ पुलिस की टीम संयुक्त रूप से बॉबी खान को गिरफ्तार करने के लिए पतरातू इलाके में गयी थी। टीम रात करीब 8.30 बजे जब सरना उच्च विद्यालय के पास पहुंची तो उस वक्त बॉबी खान एक अन्य युवक के साथ बाइक से जा रहा था। टीम ने जैसे ही बॉबी खान को पकड़ने की कोशिश की तो बाइक के पीछे बैठे अपराधी ने ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी। इस दौरान डीएसपी और दारोगा को गोली लग गयी।

## स्वयंसिद्धा महिला क्लब ने आदिवासी बच्चों के बीच किया खाद्य सामग्री का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सीएसआर पहल के तहत स्वयंसिद्धा महिला क्लब ने 18 जुलाई 2023 को आदिम जाति सेवा मंडल, रांची के जरूरतमंद आदिवासी बच्चों और शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए एक घर है, को अन्य आवश्यक वस्तुओं के साथ खाद्य सामग्री वितरित की। महिला क्लब ने खाद्य सामग्री (चावल, दाल, तेल, दाल आदि) वितरित की। इसके अलावा, विशेष अभियान के तहत कर्मचारियों और परिवार के सदस्यों से एकत्र किए गए कपड़े मिक्सर ग्राइंडर और सीलिंग फैन ,अनाथालय गृह को सौंपे गए । क्लब के सदस्यों और कर्मचारियों की उदारता और स्वैच्छिक योगदान ने इस आयोजन को विशेष बना दिया। सीएसआर कार्यक्रम पद्मा रेड्डी ,अध्यक्ष, स्वयंसिद्धा महिला क्लब के कुशल मार्गदर्शन में संचालित किया गया था।, इस अवसर पर उन्होंने अनाथालय केंद्र के समन्वयक से बातचीत की और जरूरतमंद बच्चों का हालचाल और उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आशा व्यक्त की कि लेडीज़ क्लब द्वारा किए गए महान योगदान से केंद्र के निवासियों को लाभ होगा। महिला क्लब की इस पहल की लाभार्थियों ने सराहना की। इस अवसर पर लेडीज क्लब की उपाध्यक्ष संचिता कोनार, लक्ष्मी मूर्ति, महासचिव । एम. एस राम्या, कल्याण सचिव मनसा वर्मा एवं संयुक्त महासचिव दीपा, सांस्कृतिक सचिव , परमेश्वरी और आदिम जाति सेवा मंडल के प्रतिनिधि अजय कुमार श्रीवास्तव भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# पटना लाठीचार्ज घटना की रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष को सौंपी गई : रघुवर दास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पटना में भाजपा कार्यकर्ताओं पर वे लाठीचार्ज में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के घायल होने और एक कार्यकर्ता की मौत के संबंध में गठित जांच कमेटी ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा को सौंप दी। बताया गया कि स्थानीय कार्यकर्ताओं से बात कर एक चीज बिल्कुल स्पष्ट हुई कि उस दिन की घटना राज्य प्रायोजित हिंसा का हिस्सा है। पुलिस प्रशासन ने षड्यंत्र करके भाजपा कार्यकर्ताओं को घेरा और उसके बाद बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया। पुलिसकर्मियों न महिला देखा न पुरुष, सभी पर ताबड़तोड़ लाठियां बरसाई। रिपोर्ट में कहा गया है कि नीतीश कुमार-तेजस्वी यादव सरकार ने बर्बरतापूर्ण पूर्व नियोजित लाठीचार्ज कर सैंकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं को घायल कर दिया। न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश से न्यायिक जांच अथवा सीबीआई से जांच कराने का आग्रह किया है। रिपोर्ट सौंपने के दौरान समिति के अध्यक्ष रघुवर दास, समिति के सदस्य मनोज तिवारी, बीडी राम और सुनीता दुग्गल, बिहार के विधान पार्षद व वरिष्ठ नेता संजय मयूख उपस्थित रहे।

## स्लॉटर हाउस का संचालन शुरू कराने वाली याचिका पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में रांची नगर निगम क्षेत्र में स्लॉटर हाउस का संचालन शुरू कराने, खुले में मांस बेचने और काटने के खिलाफ नगर निगम के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की गई थी जिस पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने रांची नगर निगम के आदेश को खारिज कर दिया। साथ ही यह कहा गया कि आदेश स्थानीय निगम द्वारा जारी किया गया था जिसमें सरकार का अनुमोदन नहीं था।



इस संबंध में न्यायालय ने सरकार को जल्दी से जल्दी इसके लिए नियम बनाने के लिए निर्देश दिया है। बताया गया कि कांके स्थित स्लॉटर हाउस का निर्माण पांच साल पहले कराया गया था। करीब 18 करोड़ रुपए से अधिक खर्च राशि खर्च किए गए थे, जिसमें संचालन करने वाली एजेंसी को प्राइवेट बकरों का काटना था। इसके अलावा शहर में पांच जगह मॉडल मीट शॉप भी खोले गए थे। जिसमें स्लॉटर हाउस से मीट एसी वैन में शॉप तक पहुंचाने की योजना भी बनाई गई थी। इसके पीछे शहर में खुले में मीट बेचने पर रोक लगाना ही मुख्य उद्देश्य था।

# वित्त विभाग ने 21 जुलाई तक प्रथम अनुपूरक बजट के लिए मांगा प्रस्ताव




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है और 31 जुलाई को प्रथम अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। वित्त सचिव अजय कुमार सिंह झारखंड ने प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी 2023-24 के लिए विभिन्न विभागों से प्रस्ताव मांगा है। ऐसे में वित्त विभाग ने भारत सरकार द्वारा केंद्र प्रायोजित स्कीम, केंद्रीय स्कीम की हिस्सेदारी में परिवर्तन के फलस्वरूप यदि बजट में संशोधन की आवश्यकता है तो उस पर प्रस्ताव देने को कहा है। इसके अलावा विगत वर्ष, चालू वित्तीय वर्ष में केंद्र प्रायोजित योजना या केंद्रीय सेक्टर स्कीम में भारत सरकार से राशि प्राप्त हो गयी है और उसका उपबंध नहीं किया गया है या जो राशि से वह पर्याप्त नहीं है तो उसके संबंध में प्रस्ताव मांगा गया है। सभी प्रस्तावों पर विभागीय मंत्री व योजना सह विकास विभाग की सहमति के बाद ही ऑनलाइन या ऑफलाइन वित्त विभाग को भेजा जायेगा।

वित्त विभाग ने इसके अलावा सिर्फ आकस्मिक स्थिति वाले प्रस्ताव देने को कहा है। सारे प्रस्ताव 20 और 21 जुलाई तक देने को कहा गया है।

# डीसी ने किया शस्त्र शाखा का निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने समाहरणालय ब्लॉक-ए अवस्थित जिला स्थापना/सामान्य शाखा/शस्त्र शाखा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी, राँची, स्वेता वेद एवं संबंधित अधिकारी/कर्मी मौजूद थे।

जिला सामान्य शाखा में कार्यरत्त कर्मी से कार्य संबंधी एवं उनके उत्तरदायित्व के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए उनके द्वारा किये गए कार्य, कार्य बंटवारा, आवंटित मुख्य कार्य और उसमें लगने वाला समय के बारे में जानकारी लेते हुए उन्हें तय समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। स्थापना/सामान्य शाखा/शस्त्र शाखा में कार्यरत्त कर्मी एवं नवनियुक्त कर्मियों को आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में (3 माह) शामिल हो कर पूरे सरकारी कार्यालयों के कार्य को बेहतर से समझने एवं जो कर्मी जहाँ कार्य कर रहें हैं, वहाँ के कार्य करने की सामान्य जानकारी मिलें इसके लिए उपायुक्त, राँची ने सभी कर्मी/नवनियुक्त कर्मियों को ट्रेनिंग लेने के लिए कहा ताकि इससे लाभ लेते हुए।

वे सभी कर्मी अपने निर्धारित कार्यालय कार्य को बेहतर तरीके एवं सुचारू रूप से कर पाएंगे। उपायुक्त, राँची ने नवनियुक्त कर्मियों को बेहतर कार्य एवं बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अपने दायित्वों का निर्वाहन बेहतर तरीके से करने को कहा।

# पोक्सो एक्ट के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए व्यापक जन जागरूकता जरूरी : यशस्विनी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पोक्सो एक्ट (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम) को कारगर तरीके से लागू करने और इसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए व्यापक तौर पर जन जागरूकता की जरूरत है। उक्त बातें ख्यातिप्राप्त गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्था कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन से जुड़ीं अधिवक्ता यशस्विनी सहाय ने कही। सहाय होटल रेडिसन ब्लू में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने झारखंड में बाल श्रम, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, यौन अपराध व यौन उत्पीड़न आदि समस्याओं की स्थिति और इसके समाधान की दिशा में संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की चर्चा की। सहाय ने कहा कि देश में बच्चों के हित और सुरक्षा का ध्यान रखते हुए यौन अपराध,यौन उत्पीड़न तथा पोर्नोग्राफी से संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 2012 में प्रिवेंशन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस एक्ट बनाया गया। उन्होंने कहा कि झारखंड पूरे देश में ह्यूमन ट्रैफिकिंग और बाल श्रम के मामले में चर्चित है। यहां अधिकतर लोग जागरूकता के अभाव में यौन अपराधों के खिलाफ बने कानूनों का फायदा नहीं उठा पाते हैं।

## राज्यपाल से मिला आदिवासी महासभा का प्रतिनिधिमंडल



**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को आदिवासी महासभा के संयोजक देवकुमार धान के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राजभवन में भेंट की। इस दौरान शिष्टमंडल ने आदिवासियों की खतियानी जमीन का सरकारी दस्तावेज में छेड़छाड़ कर अवैध तरीके से हो रहे बिक्री के संदर्भ में ज्ञापन समर्पित किया।

# फसलों में कीट एवं रोग प्रबंधन तथा खेतों में खर पतवार की ससमय निकासी पर ध्यान दें : पीके सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने बुधवार को निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह एवं वैज्ञानिकों के दल के साथ वेस्टर्न सेक्शन रिसर्च फार्म में फसलों की स्थिति का निरीक्षण किया। मौके पर निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने वैज्ञानिकों के शोध प्रयासों की सराहना की और रागी, मकई, अरहर, उरद, सोयाबीन, मूंग एवं मूंगफली फसलों में कीट एवं रोग प्रबंधन तथा खेतों में खर-पतवार की ससमय निकासी पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दी। वैज्ञानिक दल में डॉ कृष्णा प्रसाद, डॉ सीएस महतो, डॉ विनय कुमार, एचएन दास आदि शामिल थे।

मौके पर कुलपति ने फार्म के करीब 25 एकड़ ऊपरी भूमि (टांड़) के शोध प्रक्षेत्रों में लगे रागी, मकई, अरहर, उरद, सोयाबीन, मूंग एवं मूंगफली फसलों की वानस्पतिक वृद्धि, खेतों में नमी और खरपतवार का जायजा लिया। वैज्ञानिकों से शोध के विषयों की जानकारी ली और शोध सबंधी आवश्यक निर्देश दिया। कुलपति ने फार्म में वैज्ञानिकों द्वारा टांड़ भूमि पर समय से बोवाई एवं फसल प्रदर्शन की सराहना की। कुलपति ने वेस्टर्न सेक्शन रिसर्च फार्म में सीधी बोवाई विधि से लगे धान के तीन शोध प्रक्षेत्रों में लगे देशभर के 150 से अधिक धान प्रजाति के फसल प्रदर्शन का भी अवलोकन किया और परियोजना अन्वेंषक (धान) डॉ कृष्णा प्रसाद से धान शोध से जुड़े विषयों की जानकारी ली।

कुलपति ने शोध प्रक्षेत्रों में धान की अविलंब रोपाई कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

# कुरैशी समाज की समस्याओं का हल हेमंत सोरेन जल्द करेंगे : मुजीब कुरैशी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश ऑल इंडिया जमीअतुल कुरैश का एक अभिन्न अंग है, जो 1924 से रजिस्टर्ड संस्थान लगातार सामाजिक ,आर्थिक, राजनीतिक एवं शिक्षा ,रोजगार को लेकर लगातार काम कर रही है। इसी उद्देश्य के साथ अलग झारखन्ड निर्माण की लड़ाई लड़ने वाले कांग्रेस के दिग्गज विधायक, सांसद रहे दिवंगत ज्ञानरंजन और झारखंड विकास मोर्चा के सुप्रीमो बाबूलाल मरांडी के साथ काम करने वाले झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी हैं जो झारखंड में लगातार शिक्षा को बढ़ावा देने, रोजगार को संवैधानिक अधिकार दिलाने समाज के बीच जागरुकता लाने सहित सौहार्द, एकता बनाए रखने पर बल दे रहे हैं।इसी साकारात्मक स्वरूप है कि ऑल इंडिया जमीअतुल कुरैश के अध्यक्ष सह इंडियन इस्लामिक कल्चरल के अध्यक्ष सिराजुद्दीन कुरैशी ने तीन बार लगातार मुजीब कुरैशी के कार्यो से प्रभावित होकर उन्हें झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश का अध्यक्ष नियुक्त किए हैं और वर्तमान में भी है। मुजीब कुरैशी ने झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष बनने के बाद कुरैशी समाज के शिक्षा और रोजगार पर लगातार काम कर रहे हैं। 2005 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने जब पशु क्रूरता अधिनियम 2005 लागू कराया तो मुजीब कुरैशी ने इस कानून पर संशोधन कराने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी और तत्कालीन नगर विकास मंत्री रहे सीपी सिंह ने से मिलकर स्थिति से अवगत कराया बाकी राज्यों की तरह आदिवासी बहुल प्रदेश में यहां पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कांडा,भैंसा को उस नियम से बाहर किया गया।इसके बाद वधशालाओं और लाइसेंस की मांग रखी गई। तत्कालीन राज्यपाल सैयद अहमद, तत्कालीन राज्यपाल रही द्रौपदी मुर्मू से मिलकर मांग पत्र सौंपा । तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास से मिलकर देश के अन्य राज्यों में माडल वधशालाओं और लाइसेंस की जानकारी दी, रघुवर दास ने इस मामले पर नगर विकास के अधिकारियों को इस पर काम करने और कुरैशी समाज को राहत देने का आश्वासन दिया,कुछ काम बढ़ा कि सरकार चली गई। 11 मार्च 2021 में झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला के इदरीश कालोनी में स्कूल शिलान्यास करने पहुंचे, यहां पर राज्यसभा सांसद डा महुआ माजी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, जामताड़ा विधायक डा इरफान अंसारी, खिजरी विधायक राजेश कच्छप सहित सैकड़ों कुरैशियों की उपस्थिति में कुरैशी समाज के स्कूल को बेहतर बनवाने, वधशालाओं का निर्माण और लाइंसेंस उपलब्ध कराने का वादा किया,इसके बाद जुलाई 2022 में विधानसभा में मुख्यमंत्री ने बुलाकर इस मामले को आगे बढ़ने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा की और 2024 चुनाव से पहले इस पर कम कराने का निर्देश दिया।

**प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने कहा:** हमारे समाज की जो मांगे हैं उसे पूरा करना सरकार का दायित्व है, खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जल्द कुछ करेंगे,लेकिन दो तीन लोग समय समय पर समाज तोड़ने का काम करते हैं जिसकारण से काम में बाधा पहुंचती है। ये वो लोग हैं जो खुद अपने परिवार में बेहतर काम नहीं किए हैं तो समाज के लिए क्या करेंगे? कभी कुल हिंद जमीयतुल कुरैश, भाजपा का राष्ट्रीय मुस्लिम मंच, कुरैशी एक्शन कमेटी और अब दिग्भ्रमित करने के लिए नया कुरैशी कांफ्रेंस जैसे संगठन बनाकर, हमारे बने बनाये काम को बिगड़ने का काम किया जा रहा है, ये कोई और नहीं बल्कि ऐसे दो तीन लोग हैं, किसी व्यक्ति में काम करने की क्षमता, काबिलियत होती है तो वे एक ही संगठन में रहकर काम करके दिखाते, लेकिन ये दो तीन लोग ही हैं जिसमें साकारात्मक कार्य करने की क्षमता नहीं है।

## गठबंधन है या पप्पू की शादी, हर फेरे के बाद एक फूफा नाराज : मरांडी

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया को लेकर तंज कसा है। उन्होंने ट्वीट करके कहा कि विपक्षी दलों की पटना में हुई बैठक के बाद अरविंद केजरीवाल की पार्टी आप नाराज हो गई। इसके बाद बेंगलुरु में हुई बैठक में बिहार के सीएम नीतीश कुमार नाराज हो गये। ये गठबंधन है या पप्पू की शादी। हर फेरे के बाद एक फूफा नाराज हो जाता है।

## रायड़ीह-सारजमड़ीह पुलिया निर्माण कार्य स्थल जांच में तमाड़ बीड़ीओ पहुंचे

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के रायडीह - सारजमडीह पथ पर पांडरानी सोतिया (नदी) में बन रही पुलिया निर्माण कार्य में आजसू पार्टी के द्वारा एक ज्ञापन सौंपकर



अनियमितता शिकायत और जांच के आग्रह के आलोक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो ने त्वरित संज्ञान में लेते हुए सहायक अभियंता, कनीय अभियंता के साथ पुलिया निर्माण कार्य की जाँच में पांडरानी सोतिया (नदी) कार्य स्थल पहुंचे।संवेदक के मुंशी से पुलिया निर्माण कार्य की जानकारी देने पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो ने असंतोष व्यक्त किया और कहा संवेदक जल्द से जल्द प्राक्कलन की कॉपी उलब्ध कराए इस दौरान खास तौर पर पंचायत समिति सदस्य दानी सिंह महतो, रामेश्वर मांझी, आजसू पार्टी के तमाड़ पश्चिमी अध्यक्ष जगदीश गुप्ता मौजूद थे। ज्ञात हो कि पुलिया निर्माण कार्य में अनियमितता के मामले को लेकर आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता के द्वारा दो दिन पुर्व विगत 17 जुलाई को तमाड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी और 18 जुलाई को रांची जिला उपायुक्त को एक लिखित ज्ञापन सौंपकर ध्यानाकृष्ट कराया और जांच की मांग की थी।

## पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री को दी गई बधाई

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो युवा नेता राजन मुंडा की अगुवाई में झामुमो और मुखिया की मांग पर झारखंड सरकार ने संज्ञान लेते हुए पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है मुख्यमंत्री



द्वारा त्वरित कार्रवाई करने पर मुख्यमंत्री के प्रति हर्ष व्यक्त करते हुए सभी ने आभार जताया और उन्हें बधाई दिया. ज्ञात हो कि गुमला से खूंटी को जोड़ने वाली मुख्य सड़क जो भाया गोविंदपुर बाला मोड़ डोड़मा होते हुए खूंटी जाती है इसी सड़क पर कुदरी गांव के समीप छाता नदी में बने पुराने पुल धस जाने के कारण दर्जनों गांव के सम्पर्क शहरी क्षेत्र जिला और प्रखंड मुख्यालय से कट गया कॉलेज स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुल के धंसने से काफी समस्या बढ़ गयी है सूखे दिनों में पुल के नीचे से छोटी गाड़ियां लेकर लोग पार हो जाया करते थे मगर बरसात के दिनों में नदी में पानी के बढ़ने के कारण लोगों का आवागमन बिल्कुल ठप पड़ गया है. ग्रामीणों के द्वारा आई समस्या के बाद झामुमो युवा नेता राजन मुंडा की अगुवाई में झामुमो कार्यकर्ताओं और प्रखंड की मुखिया द्वारा पुल के निर्माण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को सामूहिक रूप से लिखित जानकारी देते हुए समस्या से अवगत कराया गया था. जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री के द्वारा पुल निर्माण की स्वीकृति दे दी गयी है. जिसे लेकर झामुमो कार्यकर्ताओं और प्रखंड की सभी मुखिया मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया आभार प्रकट करने वालों में झामुमो केंद्रीय सदस्य मकसूद अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज युवा नेता राजन मुंडा, विनोद उरांव, अनूप लकड़ा, लॉरेंस होरो, जयपाल मुंडा, वीरेंद्र साहू, मुखिया मंजूला उरांव, रश्मि लकड़ा, अनूप कुजूर, अजय खलखो, संदीप हेरेंज, ज्योति मिंज सुखराम उरांव, सुनीता संगा के अलावे अन्य लोग मौजूद थे।

## चकला स्कूल के शिक्षक ने घर घर जाकर शिक्षा का अलख जगाया

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक ने राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकला ओरमांझी के पूरे महीने अनुपस्थित रहने वाले बच्चों



से् हरिजन कॉलोनी मुन्ना पतरा चकला में बुधवार को उनके घर जाकर अभिभावकों से मिला। और नियमित रूप से स्कूल भेजने का आग्रह किया। अभिभावकों ने भी नियमित रूप से स्कूल भेजने पर सहमति जताते हुए पंजी में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह विद्यालय के सहायक शिक्षक सतीश बड़ाईक ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है ।कम खाए हैं पर बच्चों को जरूर पढ़ाएं। अभिभावकों से मिलने पहुंचे सतीश बड़ाईक के साथ विद्यालय के सहायक शिक्षिका निर्मला कुजूर भी उपस्थित थे।

## संत माईकल स्कूल मूरी में अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया सम्मानित

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत माईकल (+2) स्कूल मूरी में अंग्रेजी हस्तलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें वर्ग तृतीय से वर्ग बारहवीं तक के छात्र - छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा




लिया एवं अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शन किया।छात्रों का मूल्यांकन उनके लिखने के शैली एवं लिखावट की स्पष्टता के आधार पर किया गया। इस प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवम् पदक (मेडल) दे कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल निर्देशक श्री राकेश कुमार ने प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि हस्तलिपि किसी भी इंसान के व्यक्तित्व का दर्पण होता है। किसी व्यक्ति की लिखावट से उसके व्यवहार उसकी जीवन शैली के साथ ही अन्य जरूरी बातों का पता लगाया जा सकता है।विद्यालय के प्राचार्य सी. एल. प्रजापति ने कहा की इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों की लिखावट में सुन्दरता आती है और लिखने की गति का अभ्यास होता है।

## ट्रेलर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल, ट्रेलर ज़ब्त

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची पुरुलिया मार्ग सिल्ली बुंडू मोड़ के समीप ट्रेलर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से उसे सिल्ली अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक सिल्ली थाना अंतर्गत नेमवा (राजागोड़ा) निवासी शंकर महतो मंगलवार देर रात सिल्ली से अपने मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहा था। उसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे हैं ट्रेलर ने बुंडू मोड़ के समीप चपेट में आ गए गंभीर रूप से घायल हो गए ।

## सीएचपी साइलो प्रोजेक्ट का विरोध, धरना प्रदर्शन कल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सीसीएल एनके एरिया में सीएचपी साइलो प्रोजेक्ट के विरोध में असंगठित मजदूर व स्थानीय ग्रामीण एकजुट होने लगे हैं. इसे लेकर मंगलवार को भूतनगर में एक बैठक की गई. बैठक में मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने बताया कि यह योजना असंगठित मजदूरों को बेरोजगार बनाने की साजिश है. पुरनाडीह और केडीएच का कोयला कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से सीधे साइडिंग लाया जाएगा. इसके लिए अलग से रेलवे लाइन बिछाने की योजना है. जिसमें डकरा महावीरनगर के आसपास विस्थापितों का घर उजाड़ा जाएगा.टीएच कालोनी को तोड़ दिया जाएगा.इसके विरोध में पहले से 20 जुलाई को एनके महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष



धरना प्रदर्शन प्रस्तावित है. लोगों से अपील किया गया कि 20 जुलाई को दुर्गा मंडप के पास एकजुट हों और इसके बाद एक साथ एनके जीएम के पास चला जाएगा.वहीं ग्रामीणों, विस्थापितों ने एक स्वर में कहा कि जान दे देंगे परंतु घर तोड़ने नहीं देंगे.

## खलारी के एक वर्ग द्वारा श्रावणी मेला का विरोध

**खलारी :** खलारी का एक वर्ग केडी अंबेडकर स्टेडियम में लगाए जाने वाले श्रावणी मेला सह मीना बाजार का विरोध कर रहा है. इसी के तहत मंगलवार को कुछ ग्रामीणों तथा जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी द्वारा हस्ताक्षरयुक्त पत्र अंचल अधिकारी खलारी को सौंपा गया. पत्र से कई कारण बताते हुए मांग किया गया है कि इस वर्ष मेला लगाने की अनुमति नहीं दी जाय. मेला लगाने की जो तैयारियां चल

## सहायक मंडल अभियंता ने किया राय रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** रेलवे मंडल के सहायक अभियंता सुनील समित्रा ने बुधवार को राय रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने राय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो के उच्चस्तरीय उच्चीकरण कार्य, एक एव दो नंबर प्लेटफार्म की लंबाई 400 मीटर करने, बचरा रेलवे पुल से राय रेलवे स्टेशन तक एप्रोच सड़क का निर्माण कार्य एव एक और दो नंबर प्लेटफार्म में दो-दो यात्री शेड निर्माण को युद्ध स्तर पर 6 माह के समय अवधि में पुरा करने की बात कही। उन्होंने रेलवे अधिकारियों के साथ स्टेशन परिसर में चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी ली,साथ ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता सहित अन्य बातों पर कई प्रकार के आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस दौरान पिपरवार विकास मंच द्वारा स्टेशन परिसर मे एक और फुट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग की गई,जिस पर पिपरवार विकास मंच और स्थानीय जन प्रतिनिधियों को तत्काल संबंधित रेलवे अधिकारियों को आवेदन देने की बात कही,जिससे इसका निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुभारंभ किया जा सके।

इधर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने टनल पुल के समीप से राय रेलवे स्टेशन एप्रोच सड़क निर्माण की मांग किए जाने पर कहा कि सभी निर्माण कार्यो के साथ-साथ सड़क निर्माण का कार्य भी पूर्ण करा लिया जाएगा,साथ ही उन्होंने उच्च स्तरीय ऊंची करण प्लेटफार्म का कार्य कर रहे संवेदक को गुणवत्ता युक्त कार्य करने का निर्देश दिया।उन्होंने दोनों प्लेटफार्म की लंबाई 400 मीटर करने की बात कही।बताते चलें कि इससे पूर्व यह दोनों प्लेटफार्म की लंबाई 280 मीटर थी, जिसे बढ़ाकर 400 मीटर करने का उपस्थित संवेदक को निर्देश दिया।

## राय रेलवे स्टेशन के दो नम्बर प्लेटफार्म का निर्माण कार्य हुआ शुरु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का एकमात्र राय रेलवे स्टेशन की वर्षो पुरानी मांग दो नम्बर प्लेटफार्म का निर्माण कार्य बुधवार से शुरू हो गई है।राय रेलवे स्टेशन में बुनियादी सुविधा बहाल करने और स्टेशन के विकाश के लिए पिछले कई वर्षो से संघर्षरत पिपरवार विकाश मंच के आंदोलनकारी और जनप्रतिनिधियों ने प्लेटफार्म निर्माण के लिए पहली ईट की नींव रखा। कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ श्रमिक प्रतिनिधि, समाजसेवी और जनप्रतिनिधियों सहित मंच के लोगों ने नारियल फोड़कर प्लेटफार्म निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके साथ ही संबंधित कंपनी के द्वारा प्लेटफार्म निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया।इस संबंध मे मंच के लोगो ने बताया कि राय रेलवे स्टेशन के बुनियादी सुविधाओं और विकास को लेकर पिपरवार विकास मंच पिछले कई वर्षो से संघर्ष कर रहा था।मंच के बैनर तले कई बार सड़क से लेकर सदन तक जोरदार आंदोलन भी किया जा चुका है।इस आंदोलन के दौरान मंच के कई लोग जेल भी जा चुके हैं। मंच के आंदोलनकारियों के आंदोलन के कारण कि आज राय रेलवे स्टेशन की तस्वीर बदल गई है।मंच के अथक प्रयास से स्टेशन में कई एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव हो रहा है,जबकि एक नंबर प्लेटफार्म का निर्माण और फुट ओवरब्रिज का निर्माण पूर्व में हो चुका है।अब दो और तीन नंबर प्लेटफार्म का निर्माण होने से यहां के स्थानीय लोगों के अलावा यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी।

## किसानों के बीच हुआ रागी बीज का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खलारी :** प्रखंड कार्यालय खलारी सभागार में प्रखंड विकास अधिकारी लेखराज नाग की अध्यक्षता में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना 22-23 किसानों को बीज वितरण किया गया. अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के अंतर्गत किसानों (टाना भगत) के बीच प्रत्यक्षण रागी बीज प्रभेद वीएल-379, 14 मिनी किट बीज का वितरण किया गया. बताया गया कि दो कलस्टरों लपरा व बलथरवा (खलारी) में कुल 100 मिनी किट बीज का वितरण किया जाना है. किसान द्वारा इन बीजों के नहीं लगाए जाने पर दूसरे गांव में लगवाया जाएगा. बीडीओ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 मनाए जाने, रागी खाने से संबंधित स्वास्थ्य लाभ तथा रागी की खेती से संबंधित जानकारी दी गई. बीज वितरण के दौरान अंचल अधिकारी एसपी आर्य, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक विकास तिर्की, कृषक मित्र जयवीर यादव, कृषक मानिसकुमार भगत, विफा टाना भगत, सागर टाना भगत आदि किसान उपस्थित थे.

## ग्राम स्तरीय सिद्धो कान्हु युवा खेल क्लब का हुआ गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय मे बुधवार को ग्राम स्तरीय सिद्धो कान्हु युवा खेल क्लब का गठन किया गया।राज्य में खेल संस्कृती को सुदृढ करने तथा राज्य के ग्रामीण युवाओं को निखारने के लिए ग्राम स्तरीय सिद्धो कान्हु युवा खेल क्लब का गठन मुखिया रीना देवी की अध्यक्षता में किया गया।इस अवसर पर आयोजित ग्राम सभा मे बडी संख्या में लोग उपस्थित हुए।इस ग्राम सभा में आपसी सहमति से कमेटी का गठन किया गया।जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष शशि कुमार सिंह,सचिव रौशन कुमार,उपाध्यक्ष मलकीत सिंह एव सदस्य में अशविनी कुमार,रवि रंजन,सुजल कुमार,विकाश कुमार,सुमन कुमार सोनी,विवेक कुमार, राजकुमार को बनाया गया। इस मौके पर मुखिया रीना देवी,पंचायत सेवक सिताराम रवानी,वार्ड सदस्य रामनंदन राम,संतोष तिवारी,रौशन कुमार,नरोतम गिरी,रवि रंजन प्रसाद,शशि कुमार सिंह, धीरेन्द्र शर्मा,उमेश मेहता, बिनय सिंह,राकेश कुमार, विकाश कुमार,बिनीत रंजन, मलकीत कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।


### असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय

**कार्यालय आदेश**

चलन्त ग्राम क्लीनिक आदिम जनजातिय बाहुल्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य संवाएँ उपलब्ध कराने हेतु आयुश चिकित्सकों एवं चिकित्सा सहायक को सूचीवद्ध करने हेतु **Walk in Interview** हेतु विज्ञापन

विज्ञापन संख्या :– 375/2023 दिनांक – 19.07.2023

अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के पत्रांक 660(5) दिनांक 07.07.2023 के आलोक में रामगढ जिले में चलन्त ग्राम क्लीनिक आदिम जनजातिय बाहुल्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य संवाएँ उपलब्ध करने हेतु निम्नलिखित की सेवा प्राप्त किया जाना है। **आयुश चिकित्सक के चयन हेतु साक्षात्कार की तिथि दिनांक 27.07.23 को पूर्वाह 11:30 बजे एवं चिकित्सा सहायकों के चयन हेतु दिनांक 28.07.23 को पूर्वाह 11:30 बजे Walk in interview निर्धारित किया गया है।** इच्छुक, अनुभवी एवं सुपात्र से निम्नाकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

इच्छुक, अनुभवी एवं सुपात्र से निम्नाकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

नियम एवं शर्तें

| क्र0 सं0 | पदनाम | संख्या | मासिक मानदेय | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आयुष चिकित्सक | 02 | 21,000/– | Bachelor in Ayurved / Homoeopath / Unani with working knowledge of computer. |
| 2 | चिकित्सा सहायक | 02 | 15,000/– | B.Sc Nursing / GNM or BSC Community Health or Bachelor / Diploma in Pharmacy from recognize university / Institute. |
| 3 | उम्र सीमा | अधिकतम 60 वर्ष | | |
| 6 | चयनित आयुष चिकित्सकों एवं चिकित्सा सहायक द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | | | |
| 7 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | | | |
| 8 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | | | |
| 9 | कार्य दिवस सरकार के निर्देशानुसार एवं कार्य अवधि सरकार के निर्देशानुसार | | | |

**(02(दो पद) तथा प्रतीक्षा सूची में 02 जो परीक्षा परिणाम के तिथि से 1 वर्ष तक के लिए मान्य होगा।)**

दिनांक 27.07.23 एवं 28.07.2023 को असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ के कार्यालय के सभागार को पूर्वाहन 11:30 बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

उक्त चिकित्सकों एवं चिकित्सा सहायक के सूचीवद्ध करने हेतु अन्य शर्तें, अर्हता, आवेदन प्रपत्र इत्यादी का विवरण रामगढ जिले के बेवसाईट www.ramgharh.nic.in अथवा जिला स्वास्थ्य समिति कार्यालय रामगढ के सूचना–पटट से उपलब्ध की जा सकती है।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़

**PR 302761 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)#D**



### Govt. of Jharkhand
### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER

**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**

e-mail---eercdapfsdran-jhr@nic.in

**e-Procurement very Short Notice**

**2nd Call**

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/**42**/23-24 Dated **18.07.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of complete Land Acquisition Proposal with ownership details and computation of cost of acquired land as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal & Forest Diversion Proposal including clearance of a ll stages as required for Bhagabandhi to Orissa Border Road at Jamshedpur in the state of Jharkhand. from Consultant's empanelled in Category -I with the Road Construction Department, Governm ent of Jharkhand vide letter no - 3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 9.63 KM |
| 3 | Work completion time | 60 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 20.07.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 27.07.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 28.07.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi - 834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 10 | Previous PR No | 301600 Road(23-24)D |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer Field Survey Division, A.P
Road Construction Department, Ranchi .

PR 302680 Road(23-24)D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या:– RWD/SD/LATEHAR/01/2023-24/RE PR NO- 294323

1. कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिला के सरयू प्रखण्ड में प्रखण्ड–सह–अंचल कार्यालय भवन, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी आवास/ सुपरवाईजर/ तृतीय वर्ग/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी का आवास निर्माण एवं प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य का नव निर्माण। | 117090241.00 | 2342000.00 | 10,000.00 | 12 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 21.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय:– दिनांक–21.07.2023 से दिनांक–10.08.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 11.08.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान:–
   I) जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार
   II) जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू।
   III) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन, धुर्वा, रांची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्य दिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.08.2023 अपराह्न 02:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9122180770, 7061815124
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

PR 302710 Rural Development (23-24)_D



### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**







**शिखा कुमारी,उम्र–13वर्ष, नाम–गंगोत्री देवी, उम्र–28**
**रंग–गोरी, उचाँई–5 फिट, पहनावा–गेरूवा रंग का साड़ी पहनी हुई है।**

उपरोक्त लापता महिला महिला गंगोत्री देवी, पति–बलेश्वर सिंह, सा0–बालरोन्दा थाना–लापुंग जिला–राँची जो दिनांक–10.07.23 को अपनी बेटी शिखा कुमारी, उम्र–13 वर्ष के साथ घर तुपुदाना रिश्तेदार के यहाँ जाने के निकली थी। जो न तो रिश्तेदार के पास पहूँची और न ही आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में जिसके लापुंग थाना सनहा संख्या–13/2023 दिनांक–12.07.20223 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक बेड़ो, राँची। –9431728777
थाना प्रभारी लापुंग, राँची। –9831706178

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

**PR 302766 Police(23-24)#D**



### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा

ई–प्रोक्युरमेंट सूचना

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/SIMDEGA/02/2023-24 (2nd Call)**

**Pr. No. 293884 Rural Work (22-23).D**

कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | सिमडेगा जिला के कोलेबिरा प्रखण्ड अन्तर्गत बरसलोया पंचायत के फुलझार गाँव से सिंजांग पथ पर देव नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 346.433 | 6.93 | 10000.00 | 18 Month |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि – **24.07.2023**
3. ई–निविदा प्राप्त की अंतिम तिथि एवं समय – **दिनांक 24.07.2023 से दिनांक 04.08.023 को अपराह्न 5:00 बजे तक**
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय **08.08.2023** अपराह्न **5:00** बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   i) जिला नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा।
   ii) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
   iii) E-procurement cell, मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र एफ०एफ०पी० भवन, धुर्वा राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – E-procurement cell, मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र एफ०एफ०पी० भवन, धुर्वा राँची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **10.08.2023** अपराह्न 2:00 बजे
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
10. ई०–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9060405905 (कार्यपालक अभियंता का दूरभाष सं०)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट (**http://jharkhandtenders.gov.in**)में देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,सिमडेगा

**PR 302782 Rural Development(23-24).D**

## कुकडु प्रखण्ड के तीन पंचायत को मिला तीन नये पंचायत सचिव

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुकडु प्रखंड अंतर्गत नव नियुक्त पंचायत सचिवों को विभिन्न कार्य एवम् क्षेत्र में विकाश हेतु कुकड़ु प्रखण्ड के अंतर्गत तीन पंचायतों में प्रतिनियुक्ति किया गया। जिसके तहत पंचायत बेरासीसिरुम, पारगामा एवम् तुरुलडीह में तीन पंचायत सचिव को नियुक्त किया गया। बेरसीसिरूम पंचायत के लिए बुद्धेश्वर सिंह मुंडा, पारगामा पंचायत के लिए तुलसी बेसरा तथा तिरुलडीह के लिए दीपक कुमार को नियुक्त किया गया।

## पीएनबी आरसेटी में प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षुओं को मिला प्रमाण पत्र



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सरायकेला में चल रहे सुकर पालन प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस सत्र में सुकर पालन का प्रशिक्षण प्राप्त किए 30 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रणी बैंक प्रबंधक के हाथों प्रशिक्षुओं ने प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण संस्थान के शैलेन्द्र गोप, गोविन्द राय, दिलीप आचार्य एवं इंद्रजीत कैबर्त भी उपस्थित थे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत घर भ्रमण कार्यक्रम कल से

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड परिसर स्थित सभागार में मतदाता पुनरीक्षण बीएलओ की बैठक हुई। बैठक में मतदाता सूची भौतिक सत्यापन हेतु घर घर भ्रमण के कार्यक्रम की जानकारी दी। हर बुथ में एक मतदाता नहीं छुटे, मृतक, शादी हुई बेटी का नाम हटाने और बहु और नए मतदाता को जोड़ने मतदाता के कलर फोटो ,आदि बातें पर जोड़ दिया गया। चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा, नीमडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी संकाराचार्ज समांड, अंचलाधिकारी संजय पांडे, पर्यवेक्षक, आदि उपस्थित थे। घर भ्रमण कार्यक्रम दो चरण में संपन्न होगा। पहला चरण 21 जुलाई से शुरू होगा। नीमडीह प्रखंड में 72 बुथ है एवं सात सुपरवाइजर है।

## करीम सिटी कॉलेज में बीबीए के लिए नामांकन शुरू



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीम सिटी कॉलेज (साकची कैंपस) में अन्य पाठ्यक्रमों के अलावा बीबीए की पढ़ाई भी इस नए सत्र से प्रारंभ हो रही है जिसमें नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। यह कोर्स ( एफवाईयूजीपी ) के तहत 4 सालों का होगा जिसमें किसी भी बोर्ड से इंटर का कोई भी छात्र नामांकन करा सकता है जिसने इंटरमीडिएट या उसकी समकक्ष परीक्षा में 45 प्रतिशत अंक प्राप्त किया हो। उपरोक्त बातें हैं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने अपने महाविद्यालय के शिक्षकों की एक बैठक में बतायीं। उन्होंने कहा किस शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के साथ साथ वोकेशनल कोर्सेज की तरफ भी मेरा विशेष ध्यान है क्योंकि आज के युग में पढ़ने पढ़ाने का उद्देश्य बदल चुका है। आज की शिक्षा तो ऐसी होनी चाहिए जिसमें ज्ञान के साथ-साथ रोजगार की भी संभावनाएं हों। उन्होंने बताया कि हमने इसके लिए बहुत ही योग्य शिक्षकों की व्यवस्था कर रखी है तथा हमारा विशेष ध्यान इस बात पर भी है कि इस कोर्स के करने के बाद हमारे विद्यार्थियो का कैंपस सेलेक्शन भी सुनिश्चित हो सके। इस बैठक में बीबीए के इंचार्ज आफताब आलम ने रोजगार के क्षेत्र में संभावनाओं पर प्रकाश डाला और इस कोर्स को विद्यार्थियों के लिए लाभकारी बताया।

## मिथलानी समूह ने किया रिमझिम कुमारी को सम्मानित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को रीति झा की अध्यक्षता में मिथलानी समूह की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर मिथिला की बेटी रिमझिम कुमारी को खेल कूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं भारतीय टीम में शामिल होकर हैंड बॉल खेल में हॉनकोंग में अपना प्रदर्शन करने के लिए उन्हें अंगवस्त्र एवम् पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा दीदी ने रिमझिम को शुभकामना देते हुए उनके अभिवावकों की भी प्रशंसा की साथ ही सम्पूर्ण मिथिला समाज के उत्थान की कामना भी की। इस अवसर पर मिथिलानियों के द्वारा भजन एवं पारंपरिक गीत भी प्रस्तुत किए गए। अंत में रीति झा ने वहां उपस्थित सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रीता पाठक, मेघा झा, किरण झा, कल्पना झा, नूतन झा, सीमा झा, रुक्मिणी झा, मनोरमा खां कल्पना झा एवं अन्य मिथिलानियों का योगदान रहा।

## पटमदा में झामुमो कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो पटमदा प्रखंड कमेटी की ओर से बुधवार को पटमदा डाक बंगला भवन परिसर में एक दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मंगल कालिंदी व विशिष्ट अतिथियों में झामुमो के वरिष्ठ नेता आस्तिक महतो, महाबीर मुर्मू, पूर्व पार्षद स्वपन कुमार महतो शामिल हुए। संबोधित करते हुए विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि 2019 में सरकार बनने के बाद पूरे देश कोरोना महामारी की चपेट में सब आ गए थे। ढाई साल के बाद इस एक साल में विकास का काम हुआ है। अगर 4 साल समय मिलता तो मुख्यमंत्री ने झारखंड को सोने का चिड़िया बनाने का काम करता। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में 4 किमी ओवरब्रिज बनेगा जो 16 साल तक सरकार में रहने के बाद भी बीजेपी नहीं कर सका था। विधायक ने कहा कि मेरे प्रयास से बोड़ाम में डिग्री कॉलेज का निर्माण भी हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को एक महीने के अंदर प्रत्येक बूथ में 10 युवा व 5 महिला को जोड़कर कमेटी का गठन करने का निर्देश दिया है। पार्टी की नीति सिद्धांत से प्रभावित होकर दो दर्जन लोगों ने झामुमो का सदस्यता ग्रहण किया। शिविर में प्रखंड के सभी 15 पंचायतों से 20 - 20 कार्यकर्ता शामिल थे। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, दिवाकर टुडू, जितुलाल मुर्मू, कालीपद महतो, श्यामापद महतो, सिजेन हेम्ब्रम, जामिनि प्रमाणिक लोग आदि मौजूद थे।

## राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर लौटे खिलाडियों का हुआ स्वागत

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुमला जिले के सिसई स्थित माघी बालिका उच्च विद्यालय मैदान में विगत 16 जुलाई को सम्पन्न हुए 17वीं सीनियर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में सरायकेला-खरसावां की महिला व पुरुष टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रौशन किया। उक्त प्रतियोगिता के महिला वर्ग में रांची डे बोर्डिंग टीम प्रथम स्थान पर रही जबकि सरायकेला की टीम उससे सात पॉइंट से हारकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में पुरुषों में मंगल सवाईया एवम् महिला वर्ग में लक्ष्मी सोरेन को बेस्ट चेजर का पुरस्कार मिला। इस दौरान कोच के रूप में जिला खो- खो संघ के सचिव सुरेश नारायण चौधरी और मनीषा महतो शामिल थे।

## सिदगोड़ा टाउन हॉल में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2024 को लेकर कार्यशाला

# त्रुटिरहित मतदाता सूची बनायें, एक भी मतदाता का नाम नहीं छूटे : सीईओ

## 6 विधानसभा में लगभग 1.7 लाख लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ जाना है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित टाउन हॉल में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2024 कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू रूप से सम्पादनार्थ 46- पोटका (अ.ज.जा.) (डुमरिया प्रखण्ड को छोड़कर), 47- जुगसलाई (अ.जा.), 48- जमशेदपुर पूर्वी तथा 49-जमशेदपुर पश्चिम के ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, मास्टर ट्रेनर, कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ बैठक-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सभी बीएलओ का उन्मुखीकरण रहा जिसमें इस विषय पर विशेष रूप से फोकस किया गया कि कैसे शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जाए । वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव के मद्देनजर कैसे स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची का निर्माण किया जाए इसपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने



कार्यशाला में उपस्थित सभी सदस्यों विशेषकर बीएलओ का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बीएलओ की होती है । उन्होने कहा कि घर-घर किए जाने वाले सर्वे कार्य के दौरान इसका विशेष ख्याल रखें कि 18 वर्ष के ऊपर के एक भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से नहीं छूटे ।

**पूरे झारखंड में करीब 22 लाख लोग मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे राज्य में कार्यरत 29 हजार 500 बीएलओ की जिम्मेदारी तब और बढ़ जाती है जब स्वच्छ मतदाता सूची निर्माण में अभी करीब 22 लाख मतदाताओं का नाम जोड़ा जाना है। उन्होने सभी बीएलओ से कहा कि पिछले दो चुनाव का आपके मतदान केन्द्रों का मतदान प्रतिशत कितना हुआ उसे देखें, अगर मतदान कम हुआ है तो समझें कि मतदाता सूची में गलती है। उन्होने कहा कि शत प्रतिशत योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने से मतदान प्रतिशत खुद बढ़ जाएगा । शहरी क्षेत्र में मतदान कम होता है, ऐसे मतदान केन्द्रो पर विशेष रूप से फोकस कर कार्य करें। कार्यशाला में उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह, एसओआर दीपू कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक्सएलआरआइ में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर व फिनटेक पर मंथन 22 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआई पीजीडीएम (जीएम) की ओर से 22 जुलाई को री-एनविजन 2023 का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर व फिनटेक विषय पर मंथन किया जायेगा. दो सत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा. सत्र की शुरुआत एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, एस जे द्वारा दीप प्रज्वलित कर की जायेगी. वहीं, इस सत्र के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में रिवोल्यूट कंपनी में भारत के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर परोमा चटर्जी मौजूद रहेंगी. इस कॉन्क्लेव में इस बात पर मुख्य रूप से चर्चा की जायेगी कि आखिर किस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर व फिनटेक का अहम योगदान है. इस दौरान पैनल डिस्कशन व अलग-अलग माध्यम से इस बात की




भी चर्चा होगी कि डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर किस प्रकार व्यक्तिगत व संस्थागत बिजनेस को बढ़ाने में कारगर साबित हो रही है. इस दौरान भारतपे, बार्कलेज इंडिया, इंडिया पोस्ट पेमेंट समेत कई अन्य अग्रणी कंपनियों के अधिकारी अपनी बातों से सभी को अवगत कराएंगे. पहले सत्र में क्या भारतीय फिनटेक दुनिया को जीतने को तैयार है, विषय पर पैनल डिस्कशन के माध्यम से अपनी बातों को रखेंगे. जबकि दूसरे सत्र में सभी वक्ता इंडियन डिजिटल इकोनॉमी- द गोल्डेन एज ऑफ इंडिया विषय पर अपनी बातों को प्रस्तुत करेंगे.

## डीडीसी ने किया खरसावां व कुचाई प्रखंड अंतर्गत संचालित योजनाओं का स्थल निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** डीडीसी प्रवीण कुमार गागराई ने जिले के खरसावां एवं कुचाई प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। खरसावां में बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत लाभुकों द्वारा किए जा रहे आम बागवानी का स्थल निरीक्षण के क्रम मे उन्होंने शिमला गाँव के लाभुक दीपक कुमार सिंहदेव के मिश्रित आम बागवानी तथा हरिभान्जा गांव के लाभुक अर्जुन नायक की मिश्रित आम बागवानी का स्थल निरीक्षण किया। कुचाई प्रखंड अंतर्गत अरवां पंचायत के लोकपा गांव तथा मरंगहातू पंचायत के जवाजजीर गांव मे आम बागवानी का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना के प्रथम चरण अंतर्गत वर्तमान में संचालित पिट डिगिंग के शत-प्रतिशत फिट फिलिंग करने तथा दूसरे चरण अंतर्गत अंतर्गत सभी योजनाओं



का चयन करते हुए ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी खरसावां गौतम कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

## पाण्डव चरित्र व भगवान शुकदेव आगमन रहा द्वितीय दिवस कथा का मुख्य प्रसंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुगसलाई श्री राजस्थान शिव मंदिर में सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन बुधवार को श्रीधाम वृंदावन से पधारे गौभक्त डॉ. संजीव कृष्ण ठाकुर जी महाराजश्री ने व्यास पीठ से पाण्डव चरित्र, राजा परीक्षित श्राप एवं भगवान शुकदेव आगमन कथा के प्रसंग का सुंदर व्याख्यान किया। जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो उठे। द्वितीय दिवस कथा प्रसंग में महाराज जी ने बताया कि जब आप धर्म अथवा सत्य के मार्ग पर होते हैं तो आपके जीवन में अनेक विघ्न, बाधाएं उपस्थित हो जाती हैं।

## जमशेदपुर एफसी ने मिडफील्डर इमरान खान के साथ दो साल का किया करार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** जेएफसी ने नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी के इमरान खान को दो साल के लिए अपनी टीम के साथ जोड़ा है. इमरान ने हीरो आईएसएल में हाईलैंडर्स के लिए 37 मैच खेले. क्लब में अपने समय के दौरान दो बार गोल किया और चार असिस्ट भी अपने नाम दर्ज कराया. 28 वर्षीय खिलाड़ी एक टैलेंटेड खिलाड़ी हैं जो पूरे मिडफील्ड में काम करने में सक्षम हैं और हाल के सीजन में विंग्स के साथ-साथ अटैकिंग मिडफील्ड में भी इनका सफलतापूर्वक उपयोग किया गया है. इमरान ने कहा, जमशेदपुर एफसी से जुड़ना मेरे करियर का एक बड़ा पल है. मैंने अपने पिछले क्लबों में बहुत कुछ सीखा है और मुझे लगता है कि मैं एक बार फिर से जमशेदपुर को ट्रॉफी जीतने में मदद करने के लिए तैयार हूं. इमरान का जन्म मणिपुर में हुआ था और उन्होंने अपने पेशेवर खेल करियर की शुरुआत आई-लीग में मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब से की और 2018 में एफसी गोवा के साथ हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में कदम रखा. गोकुलम केरल और मोहन बागान में लोग अवधि के बाद, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के साथ हीरो आईएसएल में लौटने से पहले, इमरान 2020 में आई-लीग में नेरोका एफसी में शामिल हुए थे. जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच स्कॉट कूपर ने कहा, इमरान के हमारे पास आने से हमें खुशी है. वह मिडफील्ड में एक बहुत ही तकनीकी और टैलेंटेड खिलाड़ी है और एक बहुत अच्छा रवैया रखता है इसलिए वह हमारी योजना के साथ अच्छी तरह से फिट होगा.

## विरंग जामुदा बने गम्हरिया लैम्पस के निर्विरोध अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** सहायक निबंधक सहयोग समितियां सरायकेला के निर्देशानुसार बीते जून माह में गम्हरिया लैम्पस के कार्यकारिणी कमेटी के प्रारम्भ हुए चुनाव में सभी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचन पदाधिकारी सह सहकारिता प्रसार पदाधिकारी निर्मल दाऊद लकड़ा द्वारा नवनिर्वाचित सदस्यों की घोषणा कर उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। गम्हरिया लैम्प्स के लिए हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर विरंग जामुदा निर्वाचित घोषित किए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में महिला वर्ग में सोनाली बोदरा, अनिता महतो, सुनीता बाला महतो व फूलन देवी तथा पुरुष वर्ग में रामचंद्र पासवान, कैप्टन सुखदेव प्रसाद, बाबूलाल नाग, फ्रांसिस जेवियर सोरेन तथा अनिल कुमार सिंह निर्वाचित घोषित किए गए। कार्यकारिणी की प्रथम बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता भगवान सिंह ने किया जबकि संचालन विद्यानाथ दुधेश्वर ने किया। बैठक में नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गई ।

## झारखंड पुलिस एसो सरायकेला के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** पुलिस एसोसिएशन सरायकेला के अध्यक्ष आलोक रंजन चौधरी की अध्यक्षता में पुलिस लाइन संजय ग्राम में पुलिस एसोसिएशन के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक की गई। इस बैठक में पुलिस कल्याण कार्य हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। साथ ही वर्तमान में हो रहे कुछ असामाजिक कार्यो से पुलिस की छवि खराब होने की स्थिति में पर गंभीर रूप से विचार विमर्श किया गया तथा इस मुद्दे पर केंद्रीय कार्यालय रांची को भी सूचित करने का आश्वासन दिया गया एवं गहराई से इस पर विचार करने हेतु केंद्रीय कार्यालय रांची को सूचना दी



गई । पुलिस पदाधिकारियों की कुछ अन्य समस्याएं जैसे आवासन, पीने के पानी की उपलब्धता, विभिन्न पीकेटों एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से नियमित बदली ,टीए की नियमित निकासी आदि समस्याओं पर पुलिस अधीक्षक सरायकेला खरसावां का ध्यान आकर्षित करने एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु आश्वासित किया गया। इस बैठक में पुलिस एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी अध्यक्ष आलोक रंजन चौधरी, उपाध्यक्ष रामनाथ बानरा, संयुक्त सचिव राकेश पांडे, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, सचिव अनिल कुमार यादव तथा पुलिस मेंस एसोसिएशन के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अग्रहरि समाज व युवा मंच के प्रथम रक्तदान शिविर में 123 युनिट रक्त संग्रह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर अग्रहरि समाज एवं जमशेदपुर युवा मंच के द्वारा प्रथम रक्तदान शिविर राजस्थान धर्मशाला डिमना रोड मानगो मे आयोजित किया गया। इस रक्तदान शिविर में सर्वप्रथम अग्रहरी समाज के पूर्व उपाध्यक्ष स्वर्गीय हरिओम अग्रहरि को श्रद्धांजलि देकर और 2 मिनट का मौन रखा गया। बल्ड बैंक जमशेदपुर और वीवीडीएल के संयुक्त तत्वावधान में रक्त संग्रह किया गया। इस शिविर में 123 युनिट रक्त संग्रह किया गया। अग्रहरी समाज के अध्यक्ष जयकिशन अग्रहरी ने बताया कि स्वर्गीय ओमप्रकाश की प्रथम पुण्यतिथि में अग्रहरी समाज ने श्रद्धांजलि स्वरूप यह रक्तदान शिविर का आयोजन



किया गया है। इस आयोजन मैं जमशेदपुर अग्रहरी समाज के सदस्य, ओल्ड मोटर डीलर एसोसिएशन के सदस्य ,समाज सेवक आदि ने रक्तदान किया एवं अपना पूर्ण समर्थन इस आयोजक को दिया ।इस रक्तदान शिविर में रघुनाथ पांडे, पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार, अमरिंदर पासवान, अखिलेश सिंह , हल्दीपोखर के अजय अग्रहरी, अग्रहरी समाज के संरक्षक उमाशंकर अग्रहरी, राजेश अग्रहरी, शिव शंकर अग्रहरी ,डॉक्टर शंभू अग्रहरि मायाशंकर अग्रहरी झारखंड अग्रहरी समाज के प्रदेश महामंत्री संतोष अग्रहरी अग्रहरी समाज के अध्यक्ष जयकिशन अग्रहरि कार्यकारी अध्यक्ष शिव शंकर अग्रहरी, महामंत्री प्रदीप अग्रहरि, कोषाध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

## सदस्यता मामले को लेकर तत्कालीन प्रमुख अमला मुर्मू ने प्रशासन पर उठाए सवाल, कहा

# मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन फिर कैसे हो रहा चुनाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** प्रखंड के तत्कालीन प्रमुख अमला मुर्मू ने जिला प्रशासन के कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए सत्तापक्ष के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रमुख पद के सदस्यता रद्द करने के मामले को लेकर जिला प्रशासन के ऊपर सत्ता पक्ष के दबाव में आकर निर्णय लेने और अब हड़बड़ी में चुनाव कराने का आरोप लगाया है। दरअसल, पिछले साल पंचायत चुनाव में चांडिल प्रखंड के भादूडीह पंचायत समिति के पद से निर्वाचित अमला मुर्मू ने ही चांडिल प्रमुख का चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी।



इसके बाद ही प्रमुख चुनाव के प्रतिद्वंद्वी रहे रूदिया पंचायत समिति सदस्य गुरुपद हांसदा ने उपायुक्त के न्यायालय में याचिका दायर कर निर्वतमान प्रमुख अमला मुर्मू के सदस्यता को रद्द करने का अपील किया था। अमला मुर्मू के जाति प्रमाण पत्र को लेकर याचिका दायर किया था। चुनाव आयोग के एक गाइडलाइन का हवाला देते हुए उपायुक्त के न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए अमला मुर्मू के सदस्यता को रद्द कर दिया गया है और अब पुनः प्रमुख पद के लिए चुनाव कराने का निर्देश दिया गया है। मुर्मू का कहना है कि न्यायालय के आदेश के बाद ही तत्काल उन्होंने उस आदेश को चुनौती देने के लिए झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर किया है जो कि विचारधीन हैं, जल्द ही उसकी सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने की जानकारी प्रशासन के अधिकारियों को भी दी गई हैं, इसके बावजूद आनन फानन में प्रमुख पद के लिए चुनाव कराने की तैयारी की जा रही हैं। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि यदि प्रशासन को चुनाव कराना है तो पहले भादूडीह पंचायत के पंचायत समिति सदस्य का चुनाव कराना चाहिए, क्योंकि न्यायालय ने तथाकथित गलत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर मेरी सदस्यता रद्द की है। सदस्यता रद्द करने का अर्थात केवल प्रमुख पद से हटाना ही नहीं बल्कि पंचायत समिति सदस्य के पद को भी रद्द किया गया है। इस हिसाब से चुनाव आयोग को सर्वप्रथम रिक्त हुए पंचायत समिति सदस्य के पद का चुनाव कराना चाहिए, उसके बाद ही प्रमुख पद के लिए चुनाव होना चाहिए।

## तिरुलडीह बालू घाट का कुकडु सीओ ने लिया जायजा

# फिर से कराई अवैध बालू की मापी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** कोल्हान डीआईजी के एक्शन में आते ही क्षेत्र में खलबली मची हुई है।इधर चांडिल के तिरुलडीह थाना क्षेत्र के तिरुलडीह थाना प्रभारी व कुकडु सीओ दल बल के साथ तिरुलडीह स्वर्णरेखा नदी के किनारे बने अवैध घाट का जायजा लिया।सीओ ने बताया कि पूर्व जब्त अवैध बालू का फिर से नापी किया जा रहा है। अभी भी अवैध बालू डंप में ट्रैक्टर व बडे गाड़ी के चक्के का निशान है जिससे साफ प्रतीत होता है कि वहां अभी भी बालू उठाव व भंडारण रात की अंधेरे में होता है। वही डंप के पश्चिम साइड में नया भंडारण



किया गया है ।जब पत्रकार ने उन्हें पूछा कि वर्तमान में भी अवैध डंप में गाड़ी घुसने का निशान है तो उन्होंने कहा इसकी जानकारी उन्हें नही है। इधर खबर सुनते ही बालू माफियाओं में हड़कंप मच गई। एक्शन तो चालू हो गया ह अब देखना होगा कि अवैध बालू कारोबार पर कार्रवाई कब हो रही है ।

## संपादकीय

# सत्ता बनाम विपक्षी एकता

**राष्ट्रीय** राजनीति में होड़ और अपनी ताकत बढ़ाने का मौसम आ गया है। दो तारीखें-17 और 18 जुलाई-महत्त्वपूर्ण हैं। बेंगलुरू में विपक्षी दलों की बैठक जारी है। इस बार 7 नए दल भी विपक्षी एकता की मुहिम में जुड़े हैं, लिहाजा अब 24 दल विपक्षी मंच पर लामबंद होने की प्रक्रिया में हैं। आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच जो पेंच थे, उन्हें कस दिया गया है। अब केजरीवाल और 'आप' के अन्य नेता भी विपक्षी एकता के अभियान से जुड़े हैं। मंगलवार 18 जुलाई को 'राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन' (एनडीए) की बैठक है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी भी शिरकत करेंगे। कुछ नए दलों को भाजपा ने निमंत्रण भेजा है। उनमें सुभासपा, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट), जनसेना पार्टी आदि ने तो भाजपा के साथ गठबंधन घोषित भी कर दिया है। इनमें से ज्यादातर दल पहले भी भाजपा के साथ रहे हैं, उनके नेता राज्यों की कैबिनेट में मंत्री रहे हैं, फिर पाला बदल कर किसी और के साथ गठबंधन किया और अब 2024 के आम चुनाव से पहले एक बार फिर लौट रहे हैं। विचारधारा का कोई आधार नहीं है, विशुद्ध रूप से अवसरवादी और मलाईदार राजनीति का आकर्षण है। हरियाणा में 'जननायक जनता पार्टी' साझा सरकार में है, लेकिन हैरानी है कि तेलुगूदेशम पार्टी, जनता दल-एस, अकाली दल आदि के नेताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के स्तर तक बातचीत की है और सौदेबाजी जारी है। भाजपा का दावा है कि एनडीए की बैठक में 30 दलों के नेता शिरकत कर रहे हैं। इनमें अधिकतर दल भाजपा-विरोधी रहे हैं, लेकिन एनडीए के साथ भी राजनीति करते रहे हैं। यह पूरी तरह चुनाव जीतने का जुगाड़ है, क्योंकि उनकी प्रत्यक्ष विचारधारा बिल्कुल विरोधाभासी है। बहरहाल एनडीए और विपक्षी गठजोड़ का विस्तार स्पष्ट है। चुनाव इन्हीं समीकरणों पर तय नहीं होते। इन दलों के अलावा बसपा, बीजद, वाईएसआर कांग्रेस, अन्नाद्रमुक, भारत राष्ट्र समिति आदि कुछ बेहद महत्त्वपूर्ण दल हैं, जो अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावशाली हैं और कुछ दल तो सत्ता में भी हैं। घोषित रूप से ये दल न तो विपक्षी एकता के पाले में हैं और न ही एनडीए के घटक हैं, लेकिन संसद में महत्त्वपूर्ण और विवादास्पद विधेयकों पर वे भाजपा का समर्थन करते रहे हैं। विपक्ष में तृणमूल कांग्रेस बनाम वामदल बनाम कांग्रेस पार्टी के गहरे विरोधाभास भी हैं। पंचायत चुनाव के मुद्दे पर कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ, कोलकाता उच्च न्यायालय तक में गए हैं। अधीर सार्वजनिक तौर पर ममता बनर्जी के खिलाफ कठोर शब्दों वाले बयान भी देते रहे हैं। तृणमूल के प्रवक्ता वामदलों की राजनीति के नफरत की हद तक विरोधी हैं। लिहाजा चुनावी एकता सवालिया लगती है। विपक्षी एकता की बेंगलुरू बैठक में सबसे महत्त्वपूर्ण यह रहेगा कि सभी दल साझा न्यूनतम कार्यक्रम सहमति से तय करें और शुरुआती स्तर पर सीटों की बांट का खाका तैयार करें। राजनीतिक दावे तो खोखले होते हैं, लेकिन यह तय किया जाना चाहिए कि लोकसभा की कमोबेश 350-400 सीटों पर विपक्ष का एक ही साझा उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे। इसके लिए कांग्रेस की सहमति बुनियादी है, क्योंकि 2019 के चुनाव में उसके प्रत्याशी 209 सीटों पर दूसरे स्थान पर रहे थे। एक और राजनीतिक घटना हुई है। महाराष्ट्र में शरद पवार की पार्टी एनसीपी पर उन्हीं के भतीजे अजित और उनके साथियों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने चुनाव आयोग में नाम और निशान के लिए अर्जी भी दे ही है। कुछ ऐसा ही उद्धव ठाकरे के साथ हुआ था। जाहिर है कि पार्टियों में ऐसी टूट-फूट से ताकत का क्षरण तो होता ही है। पवार कमजोर होंगे, तो विपक्ष कमजोर होगा। इन स्थितियों से विपक्षी एकता कैसे मुकाबला करेगी, बैठक में इस पर भी विमर्श हो सकता है।

आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच जो पेंच थे, उन्हें कस दिया गया है। अब केजरीवाल और 'आप' के अन्य नेता भी विपक्षी एकता के अभियान से जुड़े हैं। मंगलवार 18 जुलाई को 'राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन' (एनडीए) की बैठक है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी भी शिरकत करेंगे। कुछ नए दलों को भाजपा ने निमंत्रण भेजा है। उनमें सुभासपा, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट), जनसेना पार्टी आदि ने तो भाजपा के साथ गठबंधन घोषित भी कर दिया है। इनमें से ज्यादातर दल पहले भी भाजपा के साथ रहे हैं, उनके नेता राज्यों की कैबिनेट में मंत्री रहे हैं, फिर पाला बदल कर किसी और के साथ गठबंधन किया और अब 2024 के आम चुनाव से पहले एक बार फिर लौट रहे हैं। विचारधारा का कोई आधार नहीं है, विशुद्ध रूप से अवसरवादी और मलाईदार राजनीति का आकर्षण है। हरियाणा में 'जननायक जनता पार्टी' साझा सरकार में है, लेकिन हैरानी है कि तेलुगूदेशम पार्टी, जनता दल-एस, अकाली दल आदि के नेताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के स्तर तक बातचीत की है और सौदेबाजी जारी है।

## कुछ अलग

# नागरिक अपेक्षाओं के अर्थ

**हालांकि** फैसला अपने आप में प्रेरणा, प्रोत्साहन के साथ-साथ प्रादेशिक महत्त्वाकांक्षा को संबोधित करता है, फिर भी सरकारी कार्यसंस्कृति को दीया दिखाने के लिए एक बड़े महायज्ञ की जरूरत है। बेशक सुक्खू सरकार एक ऐसी कार्यशाला में बैठी है जहां कुछ नया कर दिखाने के संकल्प परिलक्षित हो रहे हैं, लेकिन सुशासन के मजमून बहुत ही पेचीदा हैं। बहरहाल सुक्खू सरकार के फैसलों में इजाफा अब यह बता रहा है कि हर विभाग का परफार्मेंस इंडेक्स बनेगा, यानी सरकार के कामकाज का सूचकांक बताएगा कि कहां मेहनत में सुराख या कर्म में कोताही है। राज्यस्तरीय दिशा बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने ऐलानिया तौर पर अपनी कर्मठता का इजहार किया है, लेकिन असली चमत्कार तो कार्यान्वयन का है जिसे आम जनता ग्रास रूट पर महसूस करना चाहती है। उसके लिए सरकार के शिमला स्थित ओहदे कितने भी मजबूत हो जाएं, लेकिन गांव का पटवारी, जलशक्ति विभाग का फिटर, बिजली विभाग का लाइनमैन, डिस्पेंसरी का फार्मासिस्ट, पशु औषधालय का इंचार्ज या स्कूल का मास्टर आज भी उसकी अपेक्षाओं के आदर्श नहीं बने हैं, तो कहीं समस्या कार्यान्वयन की है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने अस्पतालों में इमर्जेंसी सेवाओं को चौबीस घंटे सक्रिय बनाने की कार्ययोजना पेशकर अपनी इच्छाशक्ति व्यक्त की है, लेकिन जमीनी हकीकत में हिमाचल की मशीनरी और काम का ढर्रा इतना विद्रूप है कि हर बार सरकारी अस्पताल की काली दीवारों के भीतर यमदूत बने कई लोग घूम रहे होते हैं। हर बार रोग की पहचान और निदान अगर असफल होता है, तो कहीं कोई शिखंडी सरकारी व्यवस्था को फेल कर रहा होता है। यह कहने में हर्ज नहीं कि हर बार हिमाचली चिकित्सा संस्थानों की पर्चियां पीजीआई, एम्स या बाहरी राज्यों के अस्पतालों में फेल होती हैं, तो इस वजह को जानना जरूरी है। पिछले कई दशकों से हम सरकारों के निरंतर प्रयास में मेडिकल कालेजों की नित नई खेप उतरते देख चुके हैं, लेकिन रिकार्ड यह कहता है कि हर मुख्यमंत्री को कभी न कभी खुद को स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रदेश से बाहर जाना ही पड़ा है। पिछले कुछ समय से हिमाचल में निजी अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों के प्रति रुझान क्यों बढ़ रहा है, यह जाने बिना विभागीय सूचकांक केवल लीपापोती ही करेगा। हर विभाग के पास अपनी-अपनी नालायकी छुपाने के हजारों बहाने हैं, इसलिए सत्तारूढ़ दल की खुशफहमी को बर्बाद करने के लिए कर्मचारी राजनीति हर पांच साल बाद एक नया अवतार लेती है। हर विभाग की परफार्मेंस का रिकार्ड देखें तो शायद ही कोई गलती निकाल पाएं। दरअसल योजना प्रारूप में ऐसी खुशफहमियां बढ़ा दी जाती हैं कि राज्यस्तरीय प्राथमिकताएं चूर-चूर हो जाती हैं, राजनीतिक संकल्प टूट जाते हैं या जनता से सरकार की दूरियां बढ़ा दी जाती हैं। सरकार को यह तय करना है कि उसे सुशासन या सरकार की बेहतर सेवाएं चुननी हैं या इमारतों के जंगल में तख्तियां बटोरनी हैं। उदाहरण के लिए ट्रांसपोर्ट के मायने तब सिद्ध होंगे जब अनावश्यक डिपो स्थापित करने के बजाय गांव तक पहुंचने वाली एचआरटीसी की बस के कलपुर्जे सक्षम होंगे। योजनाओं का धरातल पुष्ट करने की चाह व लक्ष्य तो कमोबेश हर सरकार में पहले भी रहा है, लेकिन विभागीय कार्यान्वयन के जख्म देखे नहीं जाते। जाहिर तौर पर हर कर्मचारी व अधिकारी के कामकाज की जवाबदेही सिर्फ कागजों में रह गई। ऐसे में सरकार के चलने और काम करने के अंदाज को बदलने के लिए प्रशासनिक सुधार, ट्रांसफर पॉलिसी बनाने, आर्थिक सुधार व निजी क्षेत्र के साथ कदमताल करने की जरूरत के साथ-साथ आत्म संयम की भी जरूरत है।

## भारत ने बहुत ही कम समय में उन लक्ष्यों और उद्देश्यों को हासिल करने में सफलता पाई

# अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में लोहा मनवा रहा इसरो !

**सुनील कुमार महला**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने चंद्रयान- 3 को सफलतापूर्वक लांच कर दिया। इसरो के सभी वैज्ञानिकों को इसके लिए सर्वप्रथम हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। जानकारी देना चाहूंगा कि शुक्रवार की दोपहर यानी कि 14 जुलाई 2023 को 2 बजकर 35 मिनट पर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन सेंटर से इस मिशन के तहत चंद्रयान -3 को लांच कर दिया गया। भारत ऐसा देश है जिसने बहुत कम लागत और बहुत कम समय में यह कर दिखाया है कि उसके अंतरिक्ष कार्यक्रम किसी भी विकसित देश से कतई कमतर नहीं हैं। वास्तव में, दुनिया के जिन भी देशों ने अब तक चंद्रमा पर जो भी अन्वेषण कार्य किया है, वे अब तक उस तरह की उपलब्धि हासिल नहीं कर पाए हैं जो चंद्रयान अभियानों के दौरान भारत ने अर्जित की है। यह हमें गौरवान्वित करता है।

**हाल** ही में 14 जुलाई का दिन इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने चंद्रयान- 3 को सफलतापूर्वक लांच कर दिया। इसरो के सभी वैज्ञानिकों को इसके लिए सर्वप्रथम हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। जानकारी देना चाहूंगा कि शुक्रवार की दोपहर यानी कि 14 जुलाई 2023 को 2 बजकर 35 मिनट पर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन सेंटर से इस मिशन के तहत चंद्रयान -3 को लांच कर दिया गया। भारत ऐसा देश है जिसने बहुत कम लागत और बहुत कम समय में यह कर दिखाया है कि उसके अंतरिक्ष कार्यक्रम किसी भी विकसित देश से कतई कमतर नहीं हैं। वास्तव में, दुनिया के जिन भी देशों ने अब तक चंद्रमा पर जो भी अन्वेषण कार्य किया है, वे अब तक उस तरह की उपलब्धि हासिल नहीं कर पाए हैं जो चंद्रयान अभियानों के दौरान भारत ने अर्जित की है। यह हमें गौरवान्वित करता है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि इस अंतरिक्ष अभियान के तहत यानी 41 दिन की अपनी यात्रा में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर एक बार फिर इसरो मिशन के तहत चांद पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' का प्रयास करेगा, जहां अभी तक दुनिया का कोई भी देश नहीं पहुंच पाया है। यहां पाठकों को यह जानना बहुत ही महत्वपूर्ण और जरूरी है कि भारत ऐसा देश रहा है जिसने अपने अंतरिक्ष कार्यक्रमों की शुरुआत साईकिल जैसी छोटी चीज का इस्तेमाल करते हुए अपनी अंतरिक्ष यात्रा अन्य देशों की तुलना में बहुत बाद में शुरू की थी, लेकिन बावजूद इसके भारत ने दुनिया को यह दिखा दिया है कि अंतरिक्ष कार्यक्रमों के मामलों में उसका कोई सानी और प्रतिस्पर्धी नहीं है। भारत ने बहुत ही कम समय में उन लक्ष्यों और उद्देश्यों को हासिल करने में सफलता पाई है जो दुनिया के विकसित देशों के लिए एक टेढ़ी खीर है। दुनिया के बड़े और विकसित देशों अमेरिका, रूस, जर्मनी, फ्रांस, जापान, चीन ने भी अब तक चांद के मामले में वे उपलब्धियां हासिल नहीं की हैं जो भारत ने हासिल की हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि चंद्रयान -2 मिशन एक अत्यधिक जटिल मिशन था, जिसने इसरो के अंतरिक्ष क्षेत्र में पिछले मिशनों



की तुलना में एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण तकनीकी छलांग का प्रतिनिधित्व किया। इसमें चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव का पता लगाने के लिए एक ऑर्बिटर, लैंडर और रोवर शामिल थे। मिशन को स्थलाकृति, भूकंप विज्ञान, खनिज पहचान और वितरण, सतह रासायनिक संरचना, शीर्ष मिट्टी की थर्मो-भौतिक विशेषताओं और कमजोर चंद्र वातावरण की संरचना के विस्तृत अध्ययन के माध्यम से चंद्र वैज्ञानिक ज्ञान का विस्तार करने के लिए डिजाइन किया गया था लेकिन इसमें थोड़ी खामी रह गई थी, बावजूद इसके इस मिशन की दुनिया के बड़े देशों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई थी। वर्तमान में चंद्रयान-3 मिशन के तहत उन प्रयोगों का विस्तार किया गया है, जो भविष्य में चंद्रमा पर मानव जीवन की संभावना का संकेत देते हैं। उल्लेखनीय है कि 15 अगस्त, 2003 वह दिन है जब हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा चंद्रयान मिशन की औपचारिक रूप से घोषणा की गई थी। वास्तव में, चंद्रयान-3 भारत का तीसरा 'मून मिशन' है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि चंद्रयान-2 की तरह ही चंद्रयान-3 का मकसद भी चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करना है। दक्षिणी ध्रुव वो स्थान है जहां पर आज तक दुनिया का कोई भी देश नहीं पहुंच सका है। अब पाठकों के मन में यह सवाल उठना स्वाभाविक ही है कि आखिर चांद पर लैंडिंग में दक्षिणी ध्रुव का चुनाव ही क्यों किया गया है ? तो इसका उत्तर सीधा सा है। दरअसल, कुछ अंतरिक्ष विज्ञानियों का यह मानना है कि दक्षिणी ध्रुव पर पानी की बर्फ अधिक है, जो मूल्यवान संसाधन है। साथ ही यहां लैंडिंग में आसानी भी रहती है। वहीं, कुछ वैज्ञानिकों का यह भी कहना है कि चांद का दक्षिणी ध्रुव सौर ऊर्जा, भौतिक संसाधनों के मामले में उत्तरी ध्रुव से कहीं अधिक बेहतर है। पाठकों को यह जानना चाहिए कि दक्षिणी ध्रुव चांद का ऊंचे पहाड़ों और गड्ढों से भरा काफी अंधेरे वाला इलाका है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि हमेशा ठंडी रहने वाली चांद की इस क्षेत्र की उपसतह पर पानी और बर्फ मिल सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि चांद का दक्षिणी ध्रुव ऐटकेन बेसिन में है। यह एक विशाल गड्ढा है। यही जगह दक्षिणी ध्रुव को भौगोलिक रूप से काफी पसंदीदा बनाता है। उम्मीद है कि सतह या उसके पास चंद्रमा की गहरी परत और ऊपरी मेंटल हो। कुल मिलाकर दक्षिणी ध्रुव में स्थायी छाया और ठंडे तापमान वाला इलाका काफी ज्यादा है, इसलिए माना जाता है कि वहां पानी की संभावना ज्यादा है। हालांकि चांद के दोनों ध्रुवों के बीच अंतर कुछ खास नहीं है। वैज्ञानिकों का कहना है कि चांद के दोनों ध्रुव पर ऐसी जगहें हैं, जहां हमेशा धूप खिली रहती है। चंद्रमा पर सूर्य की रोशनी पहुंचती है और सूर्य से प्रकाशित टॉप 20 जगहों में सात उत्तरी ध्रुव के पास हैं। दक्षिणी ध्रुव के मुकाबले उत्तरी ध्रुव पर सूर्य का प्रकाश ज्यादा समय तक रहता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि वर्ष 1990 के दशक में कई मून मिशन भी दक्षिणी ध्रुव पर ही फोकस्ड थे। इसी वजह से आगे के चंद्रमा पर भेजे जाने वाले मिशन में दक्षिणी ध्रुव को तरजीह दी जाने लगी। यहां पाठकों को यह भी बता दूं कि चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि अमेरिका और चीन समेत दुनिया की नजरें भी हैं। चीन ने कुछ साल पहले दक्षिणी ध्रुव से कुछ दूरी पर अपने एक लैंडर को उतारा था। इतना ही नहीं, अमेरिका तो जल्द ही चांद के दक्षिणी ध्रुव पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने की तैयारी भी कर रहा है। हाल फिलहाल चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को लॉन्च कर दिया गया है, लेकिन इसे चांद तक पहुंचने में डेढ़ महीने का समय लगेगा। अनुमान है कि 23 या 24 अगस्त को चंद्रयान-3 चांद की सतह पर लैंड कर सकता है। अगर चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर वहां सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग कर लेता है तो ऐसा करने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन जाएगा। इतना ही नहीं, चांद की सतह पर लैंडर उतारने वाला चौथा देश बन जाएगा। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि चांद की सतह पर अब तक अमरीका, रूस और चीन जैसे देश ही पहुंच चुके हैं। सितंबर 2019 में इसरो ने चंद्रयान-2 को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतारने की कोशिश की थी, लेकिन तब लैंडर की हार्ड लैंडिंग हो गई थी। वर्तमान मिशन में इसरो के वैज्ञानिकों ने मिशन में काफी सुधार करते हुए चंद्रयान 3 में कई तरह के बदलाव किए गए हैं। हालांकि चंद्रमा का साउथ पोल का कुछ एरिया लगातार अंधेरे की आगोश में रहता है, क्योंकि वहां सूरज की रोशनी बिल्कुल ही नहीं पहुंचती है और यही कारण भी है कि वहां पर तापमान शून्य से 235 डिग्री तक नीचे रहता है। इतने कम तापमान में न सिर्फ किसी मशीन का काम करना भी काफी मुश्किल होता है बल्कि चंद्रमा के साउथ पोल पर तमाम क्रेटर्स के होने की वजह से भी लैंडिंग करना काफी मुश्किल है। यहां अपने पाठकों को यह भी बता दूं कि अब तक जो भी मिशन चांद पर भेजे गए हैं वे खासतौर पर इक्वेटर या विषुवत रेखा (चंद्रमा के बीचों-बीच से गुज़रने वाली और उसे उत्तरी व दक्षिणी ध्रुव में बांटने वाली आभासी रेखा) पर या उसके आस-पास के एरिया तक ही पहुंचे हैं।

# शिक्षा व्यवस्था में सुधार करे प्रदेश सरकार

सरकार की नीतियों ने शिक्षा का भी व्यापारीकरण कर दिया है जो कि अति चिंताजनक विषय है। हिमाचल में पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा को प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित नहीं किए जाने का फैसला भी शिक्षा व्यवस्था की खामी के तौर पर देखा जाना चाहिए। इसके साथ ही पहली से आठवीं कक्षा तक विद्यार्थियों को हर सूरत में वार्षिक परीक्षा में पास करने की बेतुकी प्रथा चला दी गई है, फिर चाहे कोई विद्यार्थी किसी विषय में कितना भी कमजोर क्यों न हो। इससे निश्चित रूप से बच्चों में भय की भावना खत्म हुई है जिससे गुणात्मक और नैतिक शिक्षा का स्तर बहुत ही कम हो गया है। साथ ही बच्चों को अपनी कमजोरी सुधारने का मौका भी नहीं मिल पाता है। इन हालात को देखते हुए सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले पहली से आठवीं कक्षा के विद्यार्थी ऐसा महसूस करते हैं कि वे स्कूल की बजाय किसी बड़े गांव के मेले में आए हों, जहां जब मर्जी से आएं और जब चाहें, अपनी मर्जी से घर वापस चले जाएं।

**जब** से आदमी इस धरती पर रहने लगा है, तब से ही शिक्षा की जरूरत महसूस होती आई है, लेकिन समय बीतने के साथ-साथ शिक्षा के स्वरूप में भी बदलाव आया है। प्राचीन काल में विद्यार्थियों को शिक्षा गुरु आश्रमों में ही दी जाती थी और उन आश्रमों में ज्यादा विद्यार्थी राज परिवारों के ही शिक्षा ग्रहण करते थे। मौजूदा दौर की हम बात करें तो पिछले 10-15 सालों में पठन-पाठन के स्तर में बहुत गिरावट देखने को मिली है। सरकार की नीतियों ने शिक्षा का भी व्यापारीकरण कर दिया है जो कि अति चिंताजनक विषय है। हिमाचल में पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा को प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित नहीं किए जाने का फैसला भी शिक्षा व्यवस्था की खामी के तौर पर देखा जाना चाहिए। इसके साथ ही पहली से आठवीं कक्षा तक विद्यार्थियों को हर सूरत में वार्षिक परीक्षा में पास करने की बेतुकी प्रथा चला दी गई है, फिर चाहे कोई विद्यार्थी किसी विषय में कितना भी कमजोर क्यों न हो। इससे निश्चित रूप से बच्चों में भय की भावना खत्म हुई है जिससे गुणात्मक और नैतिक शिक्षा का स्तर बहुत ही कम हो गया है। साथ ही बच्चों को अपनी कमजोरी सुधारने का मौका भी नहीं मिल पाता है। इन हालात को देखते हुए सरकारी स्कूलों में पढने वाले पहली से आठवीं कक्षा के विद्यार्थी ऐसा महसूस करते हैं कि वे स्कूल की बजाय किसी बड़े गांव के मेले में आए हों, जहां जब मर्जी से आएं और जब चाहें, अपनी मर्जी से घर वापस चले जाएं। यहां पर यह भी बताना अति जरूरी है कि सकरारी स्कूलों के अध्यापकों को बहुत अच्छे वेतन-भत्ते दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को किताबें और वर्दियां भी दी जा रही हैं और दोपहर का भोजन भी दिया जा रहा है। लेकिन बड़े दुःख की बात है कि सरकार की तरफ से सब कुछ बच्चों को मुफ्त देने के बावजूद अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाने की बजाय प्राइवेट स्कूलों में क्यों पढ़ा रहे हैं। इसका मुख्य कारण हमारी प्राथमिक शिक्षा का गिरता हुआ स्तर है। प्रदेश सरकार ने हरेक बड़े गांव में प्राथमिक स्कूल खोल दिए हैं, लेकिन प्रदेश में 3148 प्राथमिक स्कूल सिंगल अध्यापक के सहारे चल रहे हैं, जबकि पांच कक्षाओं में कम से कम चार या पांच अध्यापक होने चाहिए, क्योंकि प्राइमरी शिक्षा छात्रों के लिए नींव का काम करती है। अगर बच्चों को प्राइमरी शिक्षा सही मिल जाए तो उन्हें आगे की पढ़ाई में आसानी होती है। आज समाज में हर पढ़ा-लिखा व्यक्ति सरकारी नौकरी चाहता है, लेकिन जब पढ़े-लिखे लोगों को सरकारी नौकरी मिल जाती है तो वे अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाते हैं। इस समय प्रदेश में कार्यरत ज्यादातर सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे हैं। इसके लिए प्रदेश सरकार को कानून बनाना चाहिए कि जब किसी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी की नियुक्ति हो तो उनके नियुक्ति पत्र में यह शर्त लगानी चाहिए कि उनके बच्चे सरकारी स्कूलों में ही पढ़ेंगे या फिर उनकी तनख्वाह से 10 प्रतिशत हिस्सा सरकार काट कर सरकारी खजाने में जमा करवाएगी। यहां पर यह वर्णनीय है कि लगभग 1979-1980 से पहले स्कूल शिक्षा का एक ही निदेशालय होता था जो बाद में दो निदेशालय प्रारंभिक और उच्चतर शिक्षा के लिए बना दिए गए। जो अध्यापक जेबीटी के तौर पर प्राइमरी स्कूलों में नियुक्त होते हैं, बाद में वे अध्यापक अपनी योग्यता बढ़ा कर यानी बीए, बीएड करके उनकी तरक्की बतौर मास्टर और मुख्य अध्यापक मिडल, हाई और सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में हो जाती है। इसीलिए प्रदेश सरकार को स्कूल शिक्षा के सुधार के लिए एक ही निदेशालय फिर से बना देना चाहिए। स्कूलों में विद्यार्थियों की पढ़ाई के सुधार के लिए मोबाइल फोन लाने पर पाबंदी लगानी चाहिए। इसके साथ ही जो विद्यार्थी पढ़ाई में कमजोर हों, उन्हें सुबह-शाम मुफ्त में पढ़ाई करवानी चाहिए। 1960 से लेकर 2000 तक के दशकों में सरकारी स्कूलों के अध्यापक सुबह स्कूल खुलने से पहले और शाम को पूरी छुट्टी के बाद विद्यार्थियों को मुफ्त में पढ़ाते थे। एक मुख्य कमी जो प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों के अध्यापकों की भर्ती की है कि आज तक प्रदेश में ज्यादातर सरकारों ने प्रदेश के पढ़े-लिखे बेरोजगार अध्यापकों के साथ अन्याय किया है। कई बार इन अध्यापकों को नौकरी देने के स्थान पर वालंटियर टीचर, विद्या उपासक, पीटीए टीचर तथा एसएमसी टीचर प्रदेश की पिछली सरकारों ने समय-समय पर भर्ती कर दिए, जबकि इस समय प्रदेश में लगभग दो लाख बीएड बेरोजगार नौजवान हैं और साथ ही हजारों की तादाद में जेबीटी, पीटीआई, ड्राइंग टीचर और नर्सरी टीचर आदि प्रशिक्षित बेरोजगार पिछले 20-25 सालों से सरकारी नौकरी के इंतजार में राह ताक रहे हैं। इसके लिए प्रदेश सरकार बिना देरी से इन बेरोजगार अध्यापकों की भर्ती 50 प्रतिशत बैचवाइज तथा 50 प्रतिशत हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा करवाने की कृपा करे ताकि इन बेरोजगार अध्यापकों को उनका सही हक मिल सके और उनमें पाई जाने वाली बेचैनी भी कुछ हद तक कम हो सके। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू तथा शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को इन सुझावों के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था में सुधार करना चाहिए।

## नागरिक बोध

# संकट में हिमालय

**हिमालय** समूचे उत्तर भारत के अस्तित्व की बुनियाद है, लेकिन जानते-बूझते हम इस पर्वतराज को तरह-तरह से नेस्तनाबूद करने में लगे हैं। इस हेठी के चलते उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश जैसे हिमालयी राज्यों में आई अभी हाल की भीषण बाढ़ ने पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तरप्रदेश को हलकान कर दिया है। किस तरह हिमालय को बर्बाद किया जा रहा है, इस आलेख में इस विषय को खंगालने का प्रयास करेंगे। भारत एशिया ही नहीं, बल्कि विश्व में अपनी समृद्ध पारिस्थितिकी के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। यहां पहाड़, पर्वत, प्राकृतिक जंगल और बहुतेरे जीव-जंतु हैं। हिमालय विश्व की 50 फीसदी प्रजातियों का निवास स्थान है। हिमालय के लगभग 5.5 लाख वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्रफल में फैले इकोसिस्टम में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की हजारों प्रजातियां हैं। हिमालय की जैव-विविधता जीवन का आधार है। हिमालय क्षेत्र के पानी से ही 13 करोड़ जनसंख्या भोजन, जल व अपनी आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। यहां लगभग 1748 औषधीय पौधे, 675 जंगली फल व जंगली उत्पाद होते हैं। 'यारसा गंबो' जैसी दुर्लभ जड़ी-बूटी ने यहां के करीब 200 गांवों की सामाजिक व आर्थिक व्यवस्था को उन्नत बनाया है। जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा 2018 में प्रकाशित शोध के अनुसार हिमालय में जंतुओं की 30377 प्रजातियां और उप-प्रजातियां हैं। हिमालय में वनस्पतियों की कुल कितनी प्रजातियां हैं इसका बिल्कुल सटीक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, किन्तु बॉटिनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के मुताबिक पूरे देश में 49000 से अधिक वनस्पति प्रजातियां और उप-प्रजातियां हैं। भारतीय हिमालयी क्षेत्र में जैव-विविधता के दो अलग-अलग केंद्र हैं। पश्चिमी हिमालय, जहां कुल जैव-विविधता का 85 प्रतिशत से अधिक है, वहीं दूसरी ओर पूर्वी हिमालय जो 6 प्रतिशत पर सीमित है, यह अल्पाइन उप-समशीतोष्ण क्षेत्र को घेरे हुए है। हिमालय की विशाल पर्वत शृंखलाएं साइबेरियाई शीतल वायुराशियों को रोककर भारतीय उपमहाद्वीप को जाड़ों में अधिक ठंडा होने से बचाती हैं। वाइल्ड लाइफ इंस्टीच्यूट ऑफ इंडिया के शोध के अनुसार, 'हिमालय धरती पर सबसे ऊंचा और विशाल पर्वतीय ताना-बाना है जो कि 2400 किलोमीटर लम्बा और 300 किलोमीटर से अधिक चौड़ा है।' बर्फ (हिम) अतिरिक्त गर्मी (ऊष्मा) को पुनः अंतरिक्ष में भेजकर पृथ्वी और महासागरों की रक्षा करता है, परन्तु मानवीय गतिविधियों से, विशेष रूप से औद्योगिक क्रांति के बाद से तेजी से बढ़ी ग्लोबल वार्मिंग व इसके प्रभाव से जलवायु परिवर्तन हुआ है, जिसके कारण हिमालय की जैव-विविधता खतरे में हैं। पिछले कुछ वर्षों से हिमालय क्षेत्र के भूमि उपयोग में हो रहे बदलाव के कारण भी तापमान बढ़ रहा है। हिमालय के अधिकांश पर्यटन स्थल धीरे-धीरे कंक्रीट के जंगलों में तब्दील होते जा रहे हैं जिससे इस क्षेत्र की पारिस्थितिकी प्रभावित हुई है। मनुष्यों के साथ वाहनों की आवाजाही ने भी बर्फ के पिघलने की रफ्तार बढ़ाई है। नतीजे में हिमालय के 50 से भी अधिक ग्लेशियर सिकुड़ रहे हैं। इसका सीधा असर हिमालयी वनस्पतियों के वितरण, ऋतु-जैविकी एवं कार्यिकी पर सीधे तौर पर देखने को मिल रहा है। जीवाश्म ईंधन के जलने के परिणामस्वरूप ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होता है जिससे ऊष्मन प्रक्रिया प्रभावित होती है क्योंकि ये ऊष्मा को वायुमंडल से बाहर जाने में बाधा बनती हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की बायोलॉजिकल हेल्थ ऑफ रिवर गंगा नामक रिपोर्ट के अनुसार औसत तापमान में लगभग एक डिग्री तक की वृद्धि से ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार बढ़ी है। एक ताजा अध्ययन से पता चला है कि अब हिमालयी ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार शताब्दी की शुरुआत में उनके पिघलने की रफ्तार से दोगुनी हो गई है।

## देश दुनीया से

# एक अंधभक्त से मुलाकात

**मैं** घर से बाहर निकला ही था कि वह मुझे सडक़ पर गाय को पेड़ा खिलाते हुए मिल गए। मैंने पूछा कि क्या कर रहे हैं तो भडक़ते हुए बोले, 'देख नहीं रहे हो। गौमाता को पेड़ा खिला रहा हूँ। पर तुम्हारे जैसे चमचे इसे नहीं समझ सकते।' मैंने संभलते हुए पूछा कि क्या ग्रह दशा खराब चल रही है जो उपाय के रूप में किसी ज्योतिषी ने गाय को पेड़ा खिलाने को कहा है। आपने मुझे चमचा क्यों कहा जबकि मैंने तो कभी आपको अंधभक्त नहीं कहा।' वह मुझे घूरते हुए बोले, 'जहां तक मुझे अंधभक्त कहने या समझने की बात है तो एक सच्चा अंधभक्त ही देशभक्त हो सकता है। अगर फालतू पार्टी के समर्थक अंधभक्त हैं तो आलतू के भक्त चमचे। अगर नेहरू ने गाय को लेकर कोई पॉलिसी बनाई होती तो आज हमारी करोड़ों गौमाता सडक़ों पर यूँ आवारा नहीं घूम रही होती।' मैंने उनके भ्रम को दूर करने का प्रयास करते हुए कहा कि जहाँ तक किसी पार्टी को समर्थन देने की बात है तो सभी कैडर वोटर्स अंधभक्त ही होते हैं। नहीं तो मेरे जैसे मतदाता उम्मीदवार देख कर वोट डालते हैं। रही चमचों की बात, जो अपना काम निकालने में माहिर होते हैं, वे किसी एक पार्टी से बद्ध नहीं होते। सरकार चाहे कोई भी हो, वे चमचागिरि से अपना काम निकाल लेते हैं। हाँ, सिर्फ भक्त ही किसी एक दल से ताउम्र बंधे रहते हैं। पर भक्त तो अब कट्टर ही नहीं इतने अंधे हो गए हैं कि फैंसी ड्रैस में होने के बावजूद शाही ड्रैस में होने का भ्रम पाले बैठे हैं। नेहरू को स्वर्ग सिधारे तो लगभग साठ साल हो गए। पिछले नौ सालों में देश विश्वगुरू बन चुका है। पर आपकी गौमाता की हालत तो दिन पर दिन देश की इकॉनिमी से भी बदतर होती जा रही है। वह तुनकते हुए बोले, 'यह गौमाता के पिछले छिहत्तर सालों से दिए जा रहे श्रापों का नतीजा है कि आज भी देश ठीक से अपने पाँव पर नहीं खड़ा हो पा रहा है।' मैं बोला कि पर बीच में एक बार पाँच साल आपकी सरकार रही और पिछले नौ सालों से आपकी सरकार है। फिर भी गौमाता की ऐसी दशा। बेचारी भूख की मारी सडक़ों पर कागज़.और लिफाफे खाते हुए घूमती रहती है। 'अरे दस साल के शासन से क्या होता है। तिरंगे में लिपटने तक हाथ में राजपाट रहे तो कुछ बात बने। सरकार सभी बेघरों को घर मुहैया करवाने के बाद गायों के पुनर्वास पर कई महत्वाकांक्षी योजनाएं लेकर आ रही है।' उन्होंने जवाब दिया। मैं बोला कि आपकी पार्टी के तय नियम के अनुसार किसी नेता के पचहत्तर साल का होने पर उसके लिए पार्टी और सरकार में मार्गदर्शक मण्डल ही शेष बचता है। वह मुझे टोकते हुए बोले, 'नियम तो आम लोगों के लिए होते हैं। युगपुरुषों के लिए नहीं। वह हमारे भगवान हैं। तुमने देखा नहीं कि उनमें देश सेवा की भावना कितनी प्रबल है। ऐसे युगपुरुष तो सोए-सोए भी देश सेवा में लगे रहते हैं। देश सेवा के लिए उन्होंने घर और पत्नी तक छोड़ दिए थे।' अचानक मुझे याद आया कि उनका दामाद भी उनकी बेटी को छोडक़र संन्यासी हो गया है। मैंने पूछा कि बेटी का क्या हाल है और दामाद कहाँ है। वह गुस्से में बोले, 'उसकी बात न करो। पाजी, नालायक़ कहीं का। वह कायर है, बुजदिल है। घर की ज़िम्मेवारियाँ नहीं संभाल सका तो बेटी को छोड़ कर भाग गया।' मैं बोला कि हो सकता है आपके फकीर की तरह उसने भी हिमालय पर तपस्या के बाद देश की सेवा करने का प्रण कर लिया हो। हिमालय पर तपस्या के बाद ही व्यक्ति के चेहरे पर तेज आता है और वह मौक़े के हिसाब से दिन में दस बार कपड़े बदल कर अठारह-बीस घंटे काम कर सकता है। वह भडक़ते हुए बोले, 'युगपुरुष के चेहरे पर सत्ता का तेज है।

सरकार चाहे कोई भी हो, वे चमचागिरि से अपना काम निकाल लेते हैं। हाँ, सिर्फ भक्त ही किसी एक दल से ताउम्र बंधे रहते हैं। पर भक्त तो अब कट्टर ही नहीं इतने अंधे हो गए हैं कि फैंसी ड्रैस में होने के बावजूद शाही ड्रैस में होने का भ्रम पाले बैठे हैं। नेहरू को स्वर्ग सिधारे तो लगभग साठ साल हो गए। पिछले नौ सालों में देश विश्वगुरू बन चुका है। पर आपकी गौमाता की हालत तो दिन पर दिन देश की इकॉनिमी से भी बदतर होती जा रही है। वह तुनकते हुए बोले, 'यह गौमाता के पिछले छिहत्तर सालों से दिए जा रहे श्रापों का नतीजा है कि आज भी देश ठीक से अपने पाँव पर नहीं खड़ा हो पा रहा है।' मैं बोला कि पर बीच में एक बार पाँच साल आपकी सरकार रही और पिछले नौ सालों से आपकी सरकार है। फिर भी गौमाता की ऐसी दशा। बेचारी भूख की मारी सडक़ों पर कागज़.और लिफाफे खाते हुए घूमती रहती है। 'अरे दस साल के शासन से क्या होता है। तिरंगे में लिपटने तक हाथ में राजपाट रहे तो कुछ बात बने।

**संक्षिप्त खबरे**

## करंट की चपेट में आने से एक किसान की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के बालूमाथ में करंट लगने से एक किसान की मौत हो गयी। घटना थाना क्षेत्र के धाधू ग्राम के खरटिया टोला की है जहां मंगलवार की देर शाम जर्मन उरांव पिता जतरू उरांव मोटर से धान के बिचड़े में पानी पटा रहा था। तभी वो बिजली के तार की चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद परिजन जर्मन उरांव को लेकर बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे । लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।वहीं बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

# थाना दिवस में किया गया दर्जनों विवादों का निपटारा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** थाना परिसर में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता लावालौंग बीडीओ सह सी0ओ0 अमित कुमार ने किया। उक्त विषय की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी बमबम कुमार ने बताया कि थाना दिवस के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे दर्जनों भूमि विवादों का सफलतापूर्वक निपटारा किया गया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए सी0ओ0 अमित कुमार ने कहा कि अक्सर आए दिन देखने तथा सुनने को मिलता है कि छोटे-छोटे जमीनी विवादों के कारण भविष्य में विवाद इतना वृहद रूप ले लेता है और खूनी खेल लोग खेलते देखा गया है। लोग मरो मारो पर उतारू हो जाते हैं। और फिर केस मुकदमे के जंजाल में फंसकर सलाखों के पीछे जिल्लत भरी जिंदगी गुजारनी पड़ती है। आगे उन्होंने कहा कि उक्त विषय को लेकर सरकार और विभाग नें बहुत बड़ी पहल करते हुए थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन शुरू किया है। इस कार्यक्रम का सबसे पॉजिटिव आउटपुट यह निकल कर आ रहा है कि छोटे मोटे जमीनी विवादों का निपटारा थाने में ही करके लोगों का सुलह करा दिया जा रहा है।जिससे दोनों पक्ष भविष्य में अमन चैन से जीवन गुजर बसर कर सके।




## पत्थलगड़ा में सफल ए कांसेप्ट एकेडमिक का भव्य उद्धाटन बीडीओ ने किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड में पहली बार सफल ए कांसेप्ट एकेडमिक संस्थान का शुभारंभ गुंजरी गेट के समीप टीवीएस शोरूम के पास भव्य उद्धाटन बुधवार को किया गया जिसका विशेष अतिथि बीडीओ मोनी कुमारी, प्रमुख मनीषा कुमारी, सिंघानी मुखिया राधिका देवी, बरवाडीह मुखिया संदीप कुमार सुमन उर्फ महेश दांगी एवं बीडीओ मोनी कुमारी ने दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर कर उद्धाटन किया। बीडीओ मोनी कुमारी ने विद्यार्थियो को संबोधित करते। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी पूरे ईमानदारी के साथ करने की बात बताई इस संस्थान के डायरेक्टर उपेंद्र कुमार वर्मा, शिक्षक राजेश दाँगी ने बताया हमारे संस्थान में जेनरल कंपटीशन एसएससी, बैंकिंग, जेएसएस में उत्पाद पुलिस, जेएसएससी सीजीएल, रेलवे समेत कई अन्य प्रतियोगिताओ परीक्षा की तैयारी सिलेबस और काफी अनुभवी शिक्षक के द्वारा करवाया जाता है। जिसके लिए एडमिशन जारी है जिन किन्ही विद्यार्थियो प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करना चाहते है वे संस्थान में एडमिशन करवा सकते है।

## बीडीओ ने किया मनरेगा कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक पुराने योजनाओं को बंद करने का दिया निर्देश



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने बुधवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक मनरेगा कर्मियों के साथ किया। बैठक में 2019-20 2021 के पुराने सभी योजनाओं को एवं सही सलामत कार्य संगत पूर्ण योजनाओं को बंद करने का निर्देश दिया है।सभी रोजगार सेवक को फील्ड विजिट करने का निर्देश दिया गया है। बरसात में आम बागवानी में कार्य तेजी करने की निर्देश मनरेगा कर्मियों को दिया गया है। एवं नए लाभुकों का चयन कर बागवानी देने की बात कही गई है। बैठक में उपस्थित बीपीओ रामकुमार सिंह पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय कमलेश वर्मा कनीय अभियंता सचिन कुमार सहायक अभियंता मनोज कुमार रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी पार्वती देवी शालिनी भारती प्रदीप कुमार सत्येंद्र कुमार व अन्य लोग शामिल थे।

## बगरा महावीर मंदिर से जलमीनार का स्टार्टर की चोरी, पानी बाधित



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के बगरा चौक शिव महावीर मंदिर के गेट के पास लगा जल मीनार का स्टार्टर बीते रात अज्ञात चोरों ने ले उड़ा। स्टार्टर चोरी हो जाने से अब पूरे चौक में पानी की किल्लत बढ़ गयी है। यह जलमीनार चौक का एकलौता पानी पिने का एक मात्र स्त्रोत था। पानी को लेकर पूरे चौक प्रभावित हो गया है।

# पोखरी कलां में मोहर्रम इंतेजामिया कमिटी का किया गया गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** प्रखंड क्षेत्र के बेतला नेशनल पार्क से सटे पोखरी कलां में मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी के सर्व सहमति से मोहर्रम इंतेज़ामिया कमिटी के लोगों के द्वारा पोखरी कलां मदरसा परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मोहर्रम पर्व को सफल बनाने के लिए 11 सदस्य कोर कमेटी का गठन किया गया जिसमें सभी का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पोखरी कलां में शांति पूर्ण तरीके से सौहार्द पूर्ण वातावरण में ताजिया निकाली जाएगी और किसी तरह का कोई भी मतभेद नहीं होगा 11 सदस्य टीम में ऐनुल होदा, मोजिबुल रहमान, मनान अंसारी, हेसामुल अंसारी उर्फ गुड्डू, अताउल रहमान, समसुल अंसारी, आफताब अंसारी, मंसूर आलम, मोहम्मद सुभानी, शमशेर अंसारी, मोहम्मद अजीज अंसारी का नाम शामिल है।इस बैठक की अध्यक्षता जमाले तैबा कमेटी के सदर मोहम्मद शफीक के द्वारा किया गया वहीं इस बैठक में मुख्य रूप से मोहम्मद साबिर अंसारी, अफताब आलम, उप मुखिया सुल्तान अहमद, मोहम्मद जाकिर हुसैन, महबूब शाही, इसराफिल अंसारी, फहीम अंसारी, फिरोज अंसारी, सिकन्दर अंसारी आदि ने अहम भूमिका निभाई।



# गुरगु के महिलाओं ने मारपीट व छेड़छाड़, का लगाया आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के नावागढ़ पंचायत ग्राम गुरगु के सुनीता देवी पति सिनोध यादव,बबीता देवी पति बिनेशर यादव, सुबंती देवी पति मुनेशर यादव ने समाहरणालय आकर मारपीट व छेड़छाड़ के आरोप में एसपी को आवेदन देकर कार्रवाई कि मांग किया है।आवेदन में लिखा है कि नावागढ़ पंचायत, ग्राम गुरगु का रहने वाले सुनिल यादव, रमेश यादव, पिता स्व.तेतर यादव, दीपक यादव पिता स्व.तुलामन यादव, अखलेश यादव पिता चितावन यादव ने मारपीट व छेड़छाड़ किया है।जब हमलोग गोबर खेत में डालकर लौट रही थी। तभी अचानक तीनमुहान के पास छेंककर लाठी डंडों से मारकर कर गिरा दिया। और सड़क पर पटक पटक कर मारा जिससे हमलोग घायल व वेहोश गई। महिला थाना में आवेदन दिया पर वहां सुनवाई नहीं हुआ तो एसपी साहब के पास आवेदन दिया हूं। आवेदन में मांग किया गया है कि आरोपी को गिरफ्तार कर उचित कानूनी कार्रवाई किया जाए।महिला पति विनेसर यादव ने कहा कि उन लोगों पर कार्रवाई नहीं होने से उनका मनोबल बढ़ गया है और बार-बार धमकी मिल रहा जिससे हम लोग पूरा परिवार भयभीत हैं। परिजनों ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाया।



## आदर्श ग्राम का चयनित होने के बावजूद लोग कुआं से पानी पीने को मजबूर



**चतरा/प्रतापुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदर्श गांव घोषित होने के बावजूद भी प्रतापुर गाँव के लोग कुआं से पानी पीने को मजबूर है। एक ओर देश पूरा डिजिटल इंडिया बना दिया गया है। जहां सभी तरह का संचार एवं दूषित पानी पीने को लेकर अब बोरिंग चापानल लगाया गया है और तो और अब केंद्र सरकार के घोषणा पर जलनल योजना के तहत घर घर तक पानी पहुंचाना केंद्र सरकार का लक्ष्य है। की हर घर को स्वछ पिने को पानी मिले। जबकि प्रतापुर गाँव से हीं चतरा विधानसभा के पूर्व विधायक तथा 2024 के भावी प्रत्याशी जनार्दन पासवान हैं।किन्तु यह तस्वीर दर्शाता है कि कुआं से आज भी दूषित पानी पीने को मजबूर है।

## डाड़ी और एदला मुखिया ने बीडीओ से किया सेविकाओं का आंदोलन समाप्त करवाने की मांग



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के डाड़ी मुखिया अनीता देवी, एदला मुखिया शकुंतला देवी ने सिमरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह से आंगनबाड़ी सेविकाओं का हड़ताल को समाप्त करवाने की मांग किया है। उन्होंने कहा है कि सेविकाओं द्वारा पिछले 5 दिनों से हड़ताल पर है जिससे बच्चों के पठन-पाठन कार्य, धात्री महिलाओं के बीच पोषण पोषाहार का वितरण, सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना जैसे कार्य बाधित हो गया है। साथ हीं फॉर्म को भरने के लिए छात्राएं सेविकाओं के धरना स्थल पर आना पड़ रहा है। जिससे उनका पठन पाठन कार्य बाधित हो जा रहा है। ऐसे में सेविकाओं का उचित मांगों को सीडीपीओ द्वारा पूरा करवाने की बात कही है। आगे कहा है कि यदि दो दिनों के अंदर यदि यह धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं करवाया गया तो हम सभी जनप्रतिनिधि मजबूर होकर धरना प्रदर्शन में शामिल हो कर इनकी आवाज को बुलंद किया जाएगा।

## चंदवा प्रखंड में जदयू का चुनाव संपन्न राजीव उरांव बने प्रखंड अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जदयू जिला अध्यक्ष नेजामुद्दीन कुरैशी के देखरेख में चंदवा प्रखण्ड जदयू का संगठनात्मक चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें राजीव उरांव को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया।प्रखंड अध्यक्ष के साथ ही साथ राजू उरांव को बोदा पंचायत अध्यक्ष बनाया गया। वहीं महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रूप में सुशीला कुमारी का चयन किया गया। चुनाव संपन्न होने पर जिला अध्यक्ष नेजामुद्दीन कुरैशी ने जदयू के प्रखंड अध्यक्ष बनने पर राजीव उरांव एवं महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुशीला कुमारी को बधाई दिया। मौके पर मोनिका टोप्पो,संगीता देवी, संजय भुईयां, राम केश्वर लोहरा, सोमा उरांव अनुज उरांव, सुरेंद्र उरांव, लखन लोहरा, विजेंद्र उरांव, शीला देवी ,रमणी देवी, सुगिया देवी, आशा देवी, सुकरी देवी, सुनीता कुमारी, जलेसर लोहार सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कृषि कार्यालय लातेहार में नाबार्ड की बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला कृषि कार्यालय सभागार लातेहार में दिन बुधवार को नाबार्ड का योगदान उपलब्धियां 75 जन - जीवन का कायाकल्प को लेकर बैठक रखा गया। जिसकी अध्यक्षता नाबार्ड पदाधिकारी संजय त्रिवेदी ने किया। बैठक में नीलांबर पीतांबर विकास सोसाइटी के अध्यक्ष शशिभूषण तिवारी एवं सोसाइटी सदस्य रिजवान अली सोसाइटी सदस्य विनयकांत पांडे सहित कई संस्था के लोग मौजूद थे। बैठक में ग्रामीण आधारभूत संरचनाओं का निर्माण करना,जिला स्तरीय ऋण योजनाएँ तैयार करना, बैंकिंग उद्योग को ऋण वितरण के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए दिशानिर्देश देना और प्रेरित करना, सहकारी बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का पर्यवेक्षण करना और श्रेष्ठ बैंकिंग पद्धतियाँ विकसित करने में उनकी मदद करना तथा उन्हें सीबीएस प्रणाली में शामिल होने में सहायता देना, ग्रामीण विकास के लिए नई योजनाएँ तैयार करना, भारत सरकार की विकास योजनाएँ कार्यान्वित करना, हस्तशिल्प कारीगरों को प्रशिक्षण प्रदान करना और उन्हें अपने उत्पादों की बिक्री के मंच उपलब्ध कराना आदि कई महत्वपूर्ण बातों को लेकर चर्चा की गई।

# फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर अस्पताल के सभागार में बुधवार को जिला मलेरिया पदाधिकारी शंभू नाथ चौधरी की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर सभी प्रखंड के बीपीएम, बेएम, एमटीएस को कार्यक्रम की शत- शत प्रतिशत सफलता को लेकर कई प्रकार के दिशा-निर्देश दिया गया। जिला मलेरिया विभाग फाइलेरिया (हाथी पांव) बीमारी को पुरी तरह से समाप्त करने को लेकर पुरी तैयारी में लगा हुआ है। फाइलेरिया बीमारी से बचाव के लिये लोगों को पहले से दवा खिलाये जाने इसको लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्र में काम करने वाली सहिया को विशेष रूप से प्रशिक्षण देने के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर डॉ नीलमणी कुमार, जिला मलेरिया सलाहकार सुनील सिंह, सदर प्रखंड के बीएम सुनील कुमार, बीपीएम विशाल मिश्रा, संध्या कुमारी, शंकर उरांव, ओम प्रकाश कुमार, आनंद कुमार, सलमान कुमार सहित सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी मौजूद थे।

## थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन कर कई मामले हुआ निष्पादित



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया है। जिसमें जमीन सम्बंधित कई मामलों का निष्पादन किया गया। थाना दिवस कार्यक्रम में एसआई शशिकांत साहू, कर्मचारी सह सीआई रामचंद्र प्रसाद सहित थाना और अंचल के कर्मी शामिल थे। थाना प्रभारी विवेक कुमार ने कहा कि सप्ताह के हरेक बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया जाएगा। साथ हीं क्षेत्र वासियों से आग्रह किया है कि यदि जमीन सम्बंधित कोई छोटी मोटी समस्या है तो आप अंचल कार्यालय से संपर्क करें तथा थाना दिवस में मामले को निष्पादन करें।

# 20 सूत्री अध्यक्ष व उपप्रमुख ने किया कस्तूरबा विद्यालय का निरीक्षण

➲बेंच डेस्क नहीं, अर्धनिर्मित भवन में फर्श पर पढ़ाई करती हैं छात्राएं

➲कस्तूरबा विद्यालय के अर्धनिर्मित भवन में चलती हैं पठन पाठन का कार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम किर्यान्वयन समिति के अध्यक्ष ब्रह्मदेव सिंह भोक्ता ने बुधवार को कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। वही साथ में उपप्रमुख सत्येंद्र कुमार गुप्ता व प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती ने भी नामांकन लिस्ट की जांच की। अध्यक्ष ने विद्यालय में छात्राओं को मेन्यू के अनुसार भोजन मिलती है या नहीं इसकी जानकारी ली। बच्चीयों ने अध्यक्ष को बताया की 24 घण्टे में 4 बार नाश्ता व भोजन मिलता है।वही अध्यक्ष, उपप्रमुख व प्रमुख प्रतिनिधि ने उपस्थिति पंजी के अनुसार उपस्थित बच्चियों व पठन पाठन की जानकारी ली। वही ग्यारहवीं के बच्चियों से प्रमुख प्रतिनिधि ने कुछ सवाल जवाब भी किया, जिसका कुछ बच्चियों ने सहजता से जवाब दिया। वही उच्चतम वर्ग के छात्राएं बेंच डेस्क के अभाव में अर्धनिर्मित भवन में फर्श पर बैठकर पढ़ाई करती नजर आई। वही विद्यालय के वार्डेन इंदू भारती ने अध्यक्ष को बताया की बेंच डेस्क अन्य जरूरत की व्यवस्थाओं को लेकर विभाग को लिखी गई हैं।वही कस्तूरबा विद्यालय कैंपस के अंदर पानी की समस्या है।यहाँ 3 डीप बोरिंग की गई है लेकिन पानी पर्याप्त मात्रा में नही है।तो वहीं अर्धनिर्मित भवन में कार्यालय का कार्य निपटाने को लेकर अध्यक्ष ने सवाल खड़े कर दिए तो वही वार्डेन ने छात्रावास में कार्यालय होने के कारण बताया व नामांकन को लेकर सिर्फ कागजात सत्यापन अर्धनिर्मित भवन में ही की जा रही है।उसके बाद नियमित रूप से कार्यालय का कार्य कार्यालय से ही निपटाया जाएगा। **क्या कहती है वार्डेन :** वार्डेन इंदू भारती ने बताया की बेंच डेस्क व अन्य जरूरत की व्यवस्थाओं को लेकर विभाग को लिखी गई है।



# प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन भवन मे प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी की अध्यक्षता मे मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत गांव मे आम सभा के माध्यम से प्रत्येक पंचायतो लाभुको की संख्या निर्धारित करने हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने कहा की मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत आम सभा के माध्यम से गांव मे चयन किये गये लाभुक सरकार द्वारा छुट दी की राशि के अलावा अतिरिक्त राशि को ससमय जमा कर दे ताकी लाभुको को भी पशुधन विकास योजना का लाभ ससमय मिल सके ।इसके लिए हम सब जनप्रतिनिधि भी लोगो को जागरूक करने की आवश्यकता है।वही उक्त बैठक मे उपस्थित गठित कमिटी के सदस्यो को जानकारी देते हुए पशुपालन पदाधिकारी डाः नरेश साहु ने कहा की मनिका प्रखंड के 15पंचायत मे बकरी कुक्कुट सुकर व बत्तख पालन करने हेतु कुल 452युनिट मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत एसटी एसी व बीपीएल परिवारो के बीच वर्ष 2023/24मे वितरण करना है ।उक्त पशुधन विकासष योजना के तहत लाभुको को दो श्रेणी मे बांटा गया है जिसमे 75 प्रतिशत से लेकर 90प्रतिशत तक की छुट सरकार द्वारा दी जा रही है। बैठक के दौरान उपस्थित विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव ने कहा की उक्त योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगो को मिल सके ,इसका प्रयास किया जायेगा।वही कहा की इससे पुर्व मनिका प्रखंड मे मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बांटी गई कई बकरीयो की बीमारी से मरने की सुचना है। उपस्थित डाः को उक्त मरी हुई बकरीये के बदले लाभुको को दुसरी बकरी देने के लिए कहा। वही बीस सुत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान ने बैठक के दौरान कहा की योजना के चयन मे आम सभा के माध्यम से किया जायेगा ।मौके पर कई लोग मौजूद थे।



## बालू घाट के लिए किये गये आमसभा को रद्द कराने की मांग

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत के द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र में आने वाले बालू घाटों में निगरानी समिति का गठन करने के लिए आमसभा किया जा रहा है। मंगलवार को नगर पंचायत क्षेत्र के डुरूआ के वार्ड नंबर चार मे बालू घाट में निगरानी समिति का गठन करने के लिए आमसभा किया गया। स्थानीय लोगों ने इस आमसभा एवं इसें लिए गये निर्णयों को रद्द कराने की मांग उपायुक्त व अनुमंडल पदाधिकारी से की है। इस संबंध में निवर्तमान वार्ड पार्षद प्रमिला देवी समेत अन्य ग्रामीणों ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को एक आवेदन सौंपा है। अपने आवेदन में उन्होने कहा है कि डुरूआ बालू घाट पंपूकल के पास औरंगा नदी में स्थित है। बालू उठाव क्षेत्र की 90 प्रतिशत आबादी वार्ड संख्या पांच एवं शेष 10 प्रतिशत आबादी वार्ड नंबर छह में आती है। लेकिन बालू उठाव के लिए आमसभा वार्ड नंबर 04 के देवी मंडप में किया गया। जबकि वार्ड संख्या 04 में कोई बालू घाट नहीं है। आवेदन में ग्रामीणों ने इस आमसभा को रद्द कर वार्ड संख्या पांच में आमसभा कराने की मांग की है। आवेदन सौंपने वालों में मारूफ अहमद, अवध बिहारी यादव, राजेंद्र यादव, कमलेश सिंह, मोफूल रहमान, रामबलि यादव, संतोष प्रजापति, दीपक प्रजापति, बिगू प्रजापति, अयूब अंसारी, याकूब मिंया, इजराइल अंसारी, महबूब अंसारी, मो रसीद, अजीम, तसलीम अंसारी, विकास भुईया, राजेंद्र भुईया बिहारी भुईया, सुरेंद्र सिंह व वरूण कुमार आदि का नाम शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने जुआ खेलते 7 जुआड़ियों को पकड़ा

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीती रात मंगलवार को थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में पुलिस ने नयाटाँड़ गांव में जुआ खेलते 7 जुआड़ीयों को पकड़ा. इस दौरान पुलिस ने घटनास्थल से 8 बाइक, 6 मोबाइल, ?24000 नगद एवं 7 ताश के पत्ती से भरे डब्बे को बरामद किया। पुलिस ने कांड संख्या 244 दर्ज करते हुए 7 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। मामले को लेकर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि गिरफ्तार युवकों में मुकेश कुमार रवि पिता भुनेश्वर रविदास, दीपक कुमार नायक पिता केदार नायक, गौरव कुमार पिता बैजनाथ महतो तीनों नयाटाँड़ गांव के निवासी हैं। वही रामसुंदर दांगी पिता तालेश्वर महतो ग्राम सांढ, प्रवीण कुमार महतो पिता फुलेश्वर महतो ग्राम कोयलंग, राजकुमार यादव ग्राम नापो, ज्ञानी कुमार पिता बैजनाथ महतो ग्राम सांढ निवासी पर मामला दर्ज किया गया है। सभी को बड़कागांव थाना से ही बेल दे दिया गया है। बताते चलें कि बीती रात थाना प्रभारी विनोद तिर्की को स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा गुप्त सूचना दी गई थी कि नयाटाँड़ में कई दिनों से जुआ खेले जा रहे हैं जिससे युवाओं में बुरा असर पड़ रहा है। त्वरित कार्रवाई करने की जरूरत है जिसे देखते हुए पुलिस ने करवाई करते हुए घटनास्थल से 7 लोगों को पकड़कर थाना में मामला दर्ज किया है।

### महिलाओं ने एसडीओ ऑफिस पर किया प्रदर्शन मार्च

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले में पाकिस्तानी मुल्क की सीमा हैदर को लेकर सड़क पर महिलाओं का जनाआक्रोश देखने को मिला। आक्रोशित महिलाएं महिला जनाअधिकार मंच के बैनर तले सड़क मार्च करते हुए अनुमंडल कार्यालय तक पहुंची। इस क्रम में सीमा हैदर के खिलाफ प्रदर्शकारी महिलाएं जमकर नारे लगाई, सीमा हैदर वापस जाओ वापस जाओ। इसे लेकर महिलाओं ने रामगढ़ एसडीओ जावेद हुसैन को एक ज्ञापन भी सौंपा। दरअसल पाकिस्तानी मूल की सीमा हैदर भारतीय मूल के एक शख्स सचिन के साथ शादी कर ली और अपने पूर्व के चार बच्चों के साथ हिंदुस्तान आ गई। इस खबर को सोशल मीडिया में देखने के बाद रामगढ़ की महिलाओं का गुस्सा फटा और वे विरोध प्रदर्शन करने लगी।इसे लेकर महिला जनाधिकार मंच की प्रमुख मधु गुप्ता ने बताया कि भारत की सुरक्षा एक एक जन की जिम्मेवारी है, भारत के सुरक्षा पर सवाल उठ रहा है कि चार बच्चों के साथ पाकिस्तान मूल की सीमा हैदर भारत कैसे आई, हो सकता है पाकिस्तान की कोई चाल हो हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे, देश के सुरक्षा की दृष्टि से सीमा हैदर को वापस भेजा जाए इसके लिए भारत सरकार जिम्मेवार है,पूरे मामले में जिले के अनुमंडल पदाधिकारी जावेद हुसैन ने बताया कि सीमा हैदर से संबंधित महिलाओं के द्वारा एक ज्ञापन दिया गया है और जब तक इसमें कोई प्रमाण नहीं मिलते हैं तब तक कुछ भी करवाई करना मुश्किल है।

### सुरक्षा विभाग सिरका में हवलदार गंगा ने दिया योगदान

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल सिरका परियोजना के सुरक्षा विभाग में नए हवलदार के रूप में गंगा राम ने योगदान दिया हैं। इस संबंध में सुरक्षा इंचार्ज देवनाथ महतो ने बताया कि इससे पहले गंगा राम कटारा क्षेत्र में थे।

### लापरवाही को लेकर सीसीएल सुरक्षा गार्ड सस्पेंड

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल सिरका प्रबंधन ने काम में लापरवाही बरतने को लेकर सुरक्षा प्रहरी वासुदेव को सस्पेंड कर दिया हैं। सूत्र बताते हैं कि बीते 11 जुलाई रात्रि पाली में पुराना वर्कशॉप से 34 हजार की सामानों की चोरी और बीते दिनों खुली खदान के ऊपर से बिजली केबल के दो हैंगर चोरी हो गए थे। बताया जाता है कि सुरक्षा प्रहरी वासुदेव एक वर्ष दो महीनों के बाद ड्यूटी जॉइन किया था। प्रबंधन की इस कार्रवाई से सुरक्षा प्रहरियों में हड़कंप हैं।

### रामगढ़ महिला महाविद्यालय में सिर्फ कला व वाणिज्य में आवेदन करें : प्राचार्या

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले का एकमात्र अंगीभूत महिला महाविद्यालय जो फिलहाल रामगढ़ महाविद्यालय में संचालित है। नामांकन के लिए आवेदन प्रारंभ होते देख महिला महाविद्यालय के शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मियों की एक आवश्यक बैठक प्राचार्या प्रोफ़ेसर सरिता सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक चार वर्षीय कोर्स सत्र 2023-27 में नामांकन के लिए खुलने वाले पोर्टल के विषयों और महाविद्यालय की सुविधाओं पर गहन विचार विमर्श करते हुए कुछ आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक के बाद प्राचार्या प्रोफ़ेसर सरिता सिंह ने कहा कि 4 वर्षीय स्नातक में नामांकन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा जो आवेदन पोर्टल खुला है उसमें विज्ञान के विषयों के लिए भी आवेदन करने का विकल्प मिल रहा है लेकिन रामगढ़ महिला महाविद्यालय में प्रयोगशाला तथा शिक्षकों की व्यवस्था नहीं होने के कारण इन विषयों की कक्षाएं नहीं ली जा सकती है। अतः छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विज्ञान के विषयों पर आवेदन ना करें अगर कला और वाणिज्य के विषयों पर आवेदन करना चाहते हैं तो इन विषयों पर आवेदन किया जा सकता है। आज की बैठक में प्राचार्या प्रो सरिता सिंह, वर्सर डॉ राजेश कुमार उपाध्याय, प्रो बीरबल महतो,अर्चना कुमारी, विजय कुमार, सरयू महतो, वीरेंद्र उरांव शामिल थे।

### ऑपरेशन की सुविधा प्रदान की गई

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेएसपी फाउंडेशन पतरातू ने अपने दृष्टि कार्यक्रम के तहत आंखों की जांच के बाद मोतियाबिंद के मरीजों को सदर अस्पताल रामगढ़ के माध्यम से ऑपरेशन की सुविधा प्रदान की। जहाँ निजी अस्पतालों में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 25,000-30,000 रुपये लिए जाते है वही जेएसपी फाउंडेशन द्वारा यह सुविधा निःशुल्क उपलब्ध करवाया गया । पतरातू ब्लॉक के 3 गावँ देवरिया, रसदा एवं पलानी से कुल 7 ग्रामीणों जिनके नाम भूपेन्द्र साव, तारो देवी, सलवा देवी, कारी देवी, सुशीला देवी, शोबतिया देवी एवं शबनम परवीन का ऑपरेशन किया गया है और लाभुक प्रदान की गई सुविधाओं से बेहद खुश हैं। इससे पहले जेएसपी फाउंडेशन पतरातू ने नेत्र जांच शिविर आयोजित किया था , जिसमें 200 से अधिक ग्रामीणों की जांच की गई एवं जांच के दौरान चिन्हित मोतियाबिंद मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी । इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जस्प फाउंडेशन के कार्यक्रम के रवि निवास, कुमार राहुल, डॉ. मंजू मिश्रा, रश्मिता दास, सुरेंद्र कुमार, प्रदीप प्रजापति, प्रयाग मुंडा, फुलेश्वर महत, प्रकाश कुमार एवं अन्य शामिल हैं।

# उपाध्यक्ष राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार अंजना पवार ने किया रामगढ़ जिले का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, भारत सरकार अंजना पवार ने बुधवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जिले के सफाई कर्मियों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने, सरकार की योजनाओं का लाभ देने व सफाई कर्मियों से जुड़े कई मामलों को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में अधिकारियों, सफाई कर्मियों के यूनियन के अध्यक्षों, सफाई कर्मियों आदि के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा एवं अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन द्वारा उपाध्यक्ष अंजना पवार का पौधा देकर रामगढ़ जिले में स्वागत किया जिसके उपरांत बैठक की शुरुआत करते हुए श्रीमती पवार ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में सफाई कर्मियों का योगदान बहुत बड़ा होता है उनके द्वारा किए गए सफाई कार्यों से ना केवल वातावरण साफ होता है बल्कि कई तरह की बीमारियों से भी हम सभी बचते हैं लेकिन वर्तमान समय में सफाई कर्मियों की स्थिति को देखते हुए हम सभी को जरूरत है कि हम उनके लिए और भी संवेदनशील हो। इसी उद्देश्य आज इस बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक के दौरान श्रीमती पवार ने कहां की जिस प्रकार से सफाई कर्मियों ने करोना जैसी विषम परिस्थिति में भी पूरी ईमानदारी के साथ अपना कार्य किया वह सराहनीय है। सरकार द्वारा सफाई कर्मियों को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है। साथ ही उन्हें विभिन्न सुविधाएं भी दी जा रही है। लेकिन जागरूकता के अभाव में अभी भी बड़ी संख्या में सफाई कर्मी लाभ से वंचित है। बैठक के दौरान श्रीमती पवार ने नगर परिषद, छावनी परिषद सहित अन्य संबंधित अधिकारियों से वर्तमान में रामगढ़ जिला अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मियों एवं उन्हें मिल रहे लाभ, मानदेय आदि की जानकारी ली जिसके उपरांत उन्होंने सफाई कर्मियों की नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने एवं किसी भी प्रकार के रोग की पहचान होने पर उनके इलाज हेतु कार्यवाई करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने सुरक्षा दृष्टिकोण से सफाई कर्मियों को कार्यों के दौरान अनिवार्य रूप से पहचान पत्र साथ रखने एवं पहचान पत्र में ब्लड ग्रुप अंकित होना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। सफाई कर्मियों को उपलब्ध कराए जाने वाले सेफ्टी किट, मास्क, ग्लव्स सहित अन्य उपकरणों की जानकारी लेने के क्रम में श्रीमती पवार ने वरीय अधिकारियों को नियमित रूप से इनकी जांच करने एवं बिना सुरक्षा सुनिश्चित किया ।

## समर्थन कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल के वार्ड नं 06 बुथ संख्या 51 में महासम्पर्क अभियान के तहत सम्पर्क से समर्थन कार्यक्रम में रामगढ़ के प्रख्यात चिकित्सक डॉ त्रिवेणी मिश्रा को बुथ अध्यक्ष सुरजीत सिंह छाबड़ा द्वारा अंग-वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट के कार्यक्रम प्रभारी तथा महामंत्री ऋषिकेश सिंह ने बताया कि क्षेत्र के प्रभावशाली व्यक्तित्व को सम्मानित करने का निर्देश महासम्पर्क अभियान के तहत निर्धारित किया गया है ।उसी के आलोक में आज हमलोगों ने बुथ संख्या 51 के अंतर्गत शहर के अनुभवी और प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ टी मिश्रा को सम्मानित किया तथा वहां उपस्थित स्वास्थ्यकर्मी से सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष पूरा होने पर मोदी सरकार के उपल्ब्धि पर उनके विचार को सुनकर फिर से एक बार मोदी सरकार 2024 लिए समर्थन मांगा।

## रामगढ़ में 23 जुलाई को होगा मारवाड़ी समाज का महाजुटान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ में रामगढ़ जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा 23 जुलाई को आयोजित हजारीबाग प्रमंडल का प्रमंडलीय अधिवेशन सह झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की प्रांतीय कार्यकारिणी समिति की बैठक एवं प्रांतीय वार्षिक आमसभा में दिखेगी मारवाड़ी समाज की एकता व एकजुटता देखने को मिलेगी। अधिवेशन के बहाने मारवाड़ी समाज अपनी शक्ति का प्रदर्शन करेगा।

अधिवेशन के मुख्य अतिथि झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत मित्तल होगे और रांची के प्रसिद्ध समाजसेवी विनय सरावगी और रामगढ़ के पूर्व विधायक शंकर चौधरी अधिवेशन का उद्घाटन करेंगे ।

अधिवेशन का आयोजन गोला रोड के मारवाड़ी धर्मशाला में होगा।अधिवेशन की सफलता को लेकर मंगलवार देर शाम मारवाड़ी धर्मशाला में रामगढ़ जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल और प्रांतीय कार्यालय प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा भी शामिल हुए ।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस कंपटीशन का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस कांपटीशन का आयोजन हुआ। यह कांपटीशन चार सदनों के बीच में हुआ। साहेबजादा. अजीत सिंह .साहेबजादा जुझार सिंह. साहेबजादा जोरावर सिंह. साहेबजादा फतेहसिंह. कार्यक्रम का संचालन अवंतिका के द्वारा हुआ। यह कंपटीशन कक्षा 6 से 8 के बच्चों के बीच हुआ, जिसमें अजीत सिंह हाउस से प्रथम प्रांजल नंदिनी जोरावर सिंह हाउस से जसप्रीत सिंह एवं तृतीय अंशुमन राज जोरावर सिंह हाउस से रहें। इन प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया । प्राचार्य श्री हरजाप सिंह जी ने बच्चों के उत्साह की प्रशंसा की और भविष्य मे बेहतर करने की कामना की। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा और अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन,सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थें।

## संजय मेहता ने झारखंडी जनमानस के प्रति किया आभार व्यक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखंडी मुद्दों पर लड़ाई लड़ रहे संजय मेहता ने झारखंडी जनमानस के प्रति आभार व्यक्त किया है।रविवार को हज़ारीबाग के गांधी मैदान में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले आयोजित बदलाव संकल्प महासभा में झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से लोग पहुंचे।संजय मेहता ने आभार जताते हुए कहा है कि हज़ारों की संख्या में उपस्थित भीड़ ने बड़ा परिवर्तन का संदेश दिया है। इस महासभा के सफलता पर सभी छात्र-छात्राओं, नौजवानों, जनता, आयोजन समिति एवं प्रेस मीडिया के सभी साथियों को धन्यवाद और आभार प्रकट करता हूँ। उन्होंने कहा कि बदलाव संकल्प महासभा में झारखंड के चतरा, हज़ारीबाग, गिरिडीह लोकसभा समेत पूर्वी सिंहभूम, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम, कोल्हान, संथाल, उत्तरी छोटानागपुर, दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के लोग एवं 24 जिलों के सभी विश्वविद्यालयों से पहुंचे हजारों छात्र, नौजवानों ने यह दिखा दिया है कि अपने हक और अधिकारों को लेकर रहेंगे। यह युवाओं का एक उलगुलान है। झारखंड को बाहरी लोगों से मुक्त करना है।हजारीबाग को परिवारवाद से मुक्त करना है और इसकी शुरुआत रविवार को हजारीबाग की धरती से हो गयी है।संजय ने आगे कहा कि हमारी माटी को इतना दर्द दिया गया है कि झारखंड बने 22 साल हो गए लेकिन आज भी यहाँ स्थानीय नीति, नियोजन नीति, पुर्नवास नीति नही बन पाया है।

# झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन का वार्षिक सम्मेलन संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन का सातवां वार्षिक सम्मेलन बुधवार को द पैराडाइज रिसोर्ट हजारीबाग में संपन्न हुआ। इस महासम्मेलन की अध्यक्षता विनोद भगत ने किया और संचालन सचिव प्रभु दयाल कुशवाहा ने किया। सम्मेलन में अतिथि के रूप में हजारीबाग के विधायकों में उमाशंकर अकेला, मनीष जायसवाल,अंबा प्रसाद ने हिस्सा लिया। विधायकों को कोर कमेटी सदस्यों ने मेंमेटो, साल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।सम्मेलन में अध्यक्ष विनोद भगत सचिव प्रभु दयाल कुशवाहा ,कोर कमेटी के सभी सदस्य और पदाधिकारी प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड सचिव और तमाम स्कूलो के प्राचार्य ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को पारित किया कि झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन पिछले 7 वर्षो से निजी विद्यालयों की मजबूती और सुरक्षा के लिए भरपूर प्रयास कर रहा है। सरकार ने वर्ष 2019 में निजी विद्यालयों के लिए शिक्षा के अधिकार अधिनियम झारखंड में फेरबदल करते हुए नियमों में छेड़छाड़ की जिसमें छोटे और मझोले परिवार के बच्चों को पढ़ाने वाले स्कूलों पर कड़े कानून लगा दिए । उस कानून के तहत सिर्फ बड़े और ब्रांडेड स्कूल ही झारखंड में चल पाएंगे । छोटे और मझोले स्कूल बंद हो जाएंगे। झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन ने इस नियम का कड़ा विरोध किया और 2019 में ही माननीय उच्च न्यायालय में इसके विरोध में जनहित याचिका दायर की। उच्च न्यायालय ने सुनवाई करते हुए इस नियम पर स्टे लगा दिया और अभी इसकी सुनवाई जारी है । इस नियम के तहत छोटी और मझोले स्कूलों को बंद कर सिर्फ और सिर्फ बड़े-बड़े पूंजी पतियों के स्कूलों को चलाने की योजना थी। झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन हमेशा से इस अधिनियम का विरोध करता रहा है । स्कूलों के लिए जमीन को दोगुना कर दिया गया और कई तरह के नए नए कानून लगा दिए गए जिससे छोटे और मझोले किस्म के स्कूल जो गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों को पढ़ाने का काम करते हैं उन में भय पैदा हो गया। सगठन का मानना है कि अगर यह कानून निरस्त नहीं होता है तो झारखंड की शिक्षा महंगी हो जाएगी। और निजी स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब बच्चों और मध्यम वर्ग के परिवार के बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। संगठन ने विधायकों से अपील की कि आप ऐसे स्कूलों को बचाने के लिए विधानसभा में अपनी बातों को उठाएं और सरकार तक इस बात को पहुचाने का कष्ट करें। हमारा संगठन चाहता है कि सरकार हमें भी सरकारी स्कूलों की तरह सरकारी सुविधा प्राप्त कराएं क्योंकि सरकार ने हमें यू डाइस दिया है और आठवीं कक्षा तक हम जैक बोर्ड से अपने स्कूल के कोड से बच्चों को परीक्षा दिलवाते हैं और हमारा ट्रांसफर सर्टिफिकेट की मान्यता आठवीं कक्षा तक सरकार देती है । परंतु जब हमारे स्कूल के बच्चे अन्य राज्यों में पढ़ने के लिए अपना नामांकन कराते हैं और जब प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जिला शिक्षा अधीक्षक की काउंटर साइन की जरूरत पड़ती है तब वे साइन करने से इंकार कर देते है।

## पब्लिक हेल्थ यूनिट के निर्माण कार्य का शिलान्यास



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ सीएचसी परिसर में माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने स्वास्थ्य प्रक्षेत्र अन्तर्गत ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के नवनिर्माण,राशि लगभग पचास लाख के कार्य का विधिवत पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्य के पूर्व पूर्व माण्डू विधायक ने अस्पताल बम आये मरीजो एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा भी लिया तथा सीएचसी ने कार्यरत सफाई कर्मचारियों से मुलाकात कर उनका दर्द भी जाना,सफाई कर्मचारियों ने कहा हमारा मानदेय काफी कम है,जिससे गुजारा आज के दौर में संभव नही,इस पर सीएचसी प्रभारी डॉ0अरुण कुमार से बात कर संबंधित एजेंसी से संपर्क कर सफाई कर्मचारियों बाकी समस्या से अवगत कराते हुए मानदेय में बढ़ोतरी की बात की ।इस मौके पर मुख्य रूप से कोडरमा साँसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल,विधायक प्रतिनिधि डोमन गुप्ता,प्रभारी डॉ अरुण कुमार सिंह,डॉ0योगेंद्र कुमार,डॉ विनय पाण्डेय,संवेदक श्याम सुंदर सिंह,कैलाश पति सिंह,टाटीझरिया मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव,पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो,पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,उपाध्यक्ष महादेव मंडल,महामंत्री गुरु प्रसाद साव,हरि यादव,महेंद्र कुमार महतो,बासुदेव महतो,गोविंद कुमार महतो,प्रकाश साव,सुखदेव रजवार,कौलेश्वर महतो,चेतलाल महतो,शंकर महतो,जगरनाथ महतो,सहदेव दास,दुलारचंद महतो समेत अस्पताल कर्मचारी शामिल थे ।

## प्रधानमंत्री के कार्यो को जन-जन तक पहुंचाना है : विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन,गरीब कल्याण के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत 18 जुलाई 2023 को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज, विष्णुगढ़ सभागार में विष्णुगढ़ प्रखंड के पूर्वी एवं पश्चिमी मंडल की संयुक्त रूप से टिफिन पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टिफिन चर्चा कार्यक्रम में आये माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने सभी मंडल अधिकारियों समेत कार्यकर्त्ताओ संग दोपहर का भोजन किया। माण्डू विधायक एवं सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे के साथ अपने साथ लाये टिफिन से एकदूसरे के बीच बाँट कर खाने का लुत्फ उठाया इस कार्यक्रम में ना कोई बड़ा ना कोई छोटा जैसे एक उत्सव का माहौल हो । टिफिन पे चर्चा के दौरान माण्डू विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने नौ साल के दौरान भारत को विश्व पटल सशक्त किया,विश्व की पाँचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बनी, आयुष्यमान योजन,मुद्रा योजना,किसान सम्मान निधि, उज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना,डिजिटल क्रांति, वन्दे भारत ट्रेनों का परिचालन, हाइवे का निर्माण,कोरोना महामारी को स्वदेशी टीके से पूरी तरह नियंत्रण करने का काम जैसे अनेको उदाहरण है,जिसकी फेहरिस्त काफी लंबी है । आप सभी कार्यकर्ताओं को मोदीजी के द्वारा किये गए कार्यो को जन-जन तक पहुँचाना है। टिफिन पर चर्चा के बाद माण्डू विधायक कार्यकर्ताओं संग गोमियाँ रोड माँ काली मंदिर के आसपास के घरों से लेकर ब्लॉक मुख्यालय के मेंन गेट तक बने सभी घरों में जाकर लोगो से मिलते हुए 9090902024 में मिस्ड कॉल कराकर आगामी लोकसभा में बहुमत से भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने की बात कहीं ।

# उपायुक्त ने किया डीएमएफटी मद से जिला पुस्तकालय के जीर्णोधार कार्य का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी के लिए हजारीबाग जिला पुस्तकालय का डीएमएफटी मद से जीर्णोधार का कार्य जोर शोर से प्रगति पर है। उपायुक्त नैंसी सहाय ने पुस्तकालय के निर्माण कार्य का जायज़ा लेने कार्य स्थल पर पहुंची। इस दौरान उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा भी मौजुद रही। उपायुक्त ने निरिक्षण के दौरान पूरे परिसर का बारीकी से मुआयना किया। जिला परिषद के द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य को उपायुक्त ने गुणवत्ता पूर्ण तरीके से करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में बताया कि यह पुस्तकालय सभी बुनियादी सुविधाओं से लैस होगा। पुस्तकालय का आधुनिकीकरण से प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे स्थानीय युवाओ को इसका लाभ मिलेगा। इस पुस्तकालय में विभिन्न प्रकार की पुस्तकों का समावेश होगा। साथ ही बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए जेनरेटर, वाटर प्यूरीफायर,शौचालय, कम्प्यूटर, ई लाइब्रेरी, अग्निशमन आदि की व्यवस्था की जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि यह पुस्तकालय आमजनों के लिए 15 अगस्त से उपलब्ध होगा इसके लिए सभी आवश्यक निर्देश जिला परिषद को दे दिए गए है।

## चिकित्सा शिविर का आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ज्ञान ज्योति फार्मेसी और पैरामेडिकल कॉलेज ने वृद्धावस्था आश्रयस्थल में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।शिविर का उद्देश्य वृद्धावस्था आश्रयस्थल में निवास कर रहे वृद्धों के स्वास्थ्य और तकलीफों के सम्बन्ध में देखभाल प्रदान करना था। हमारा मुख्य लक्ष्य वृद्धावस्था आश्रयस्थल के निवासियों को आराम और आनंददायक जीवन प्रदान करना रहा ताकि वे स्वस्थ और खुशहाल रह सकें। इस शिविर मे, चिकित्सा कर्मचारी और चिकित्सा छात्र शामिल थे,जिन्होने वृद्धावस्था आश्रयस्थल के निवासियों के स्वास्थ्य सम्बन्धी विभिन्न पहलुओं पर ध्यान दिया। यह चिकित्सा शिविर संबंधित विशेषज्ञों के नेतृत्व में हुआ और विभिन्न चिकित्सा सेवाएं जैसे निदान, उपचार, दवाएं आदि प्रदान की गई। इस आयोजन का मकसद वृद्धावस्था आश्रयस्थल के साथी लोगों के साथ सहयोग करके समाज के प्रति हमारे कॉलेज के विद्यार्थियों के सामाजिक उत्साह और जिम्मेदारी को बढ़ाना है। हम इस चिकित्सा शिविर के माध्यम से वृद्धावस्था आश्रयस्थल के निवासियों को समर्पित और जीवन्त देखभाल प्रदान करने के साथ उन्हें एक प्रकार का समर्थन देने का संकल्प लेते हैं। शिविर की सफलता में छात्र छात्राएं आसिफ रजा, सोनम भारती, निकी सिंह, श्रवण कुमार, प्रकाश कुमार, संजीव कुमार, खुशबू कुमारी, नवीन गुप्ता, निशांत कूट, सूरज, गौसिया जीनत, एशिया खातून ,सीमा कुमारी, चंचला कुमारी, साक्षी मिश्रा, आकाश, आशीष, धर्मेंद्र, टुकन यादव, पिंटू कुमार , बिना कुमारी, रौशन तथा शिक्षक उज्वल कुमार, नीतू सिन्हा, काजल कुमारी, रंजीत कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर्स ने भारतीय सेना को अपने द आइकॉनिक हिलक्स का एक बेड़ा डिलीवर किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) को टोयोटा हिलक्स का एक बेड़ा भारतीय सेना को सौंपने की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह कंपनी के हिलक्स की भारतीय सेना को पहली डिलीवरी है। भारतीय सेना के उत्तरी कमान ने हिलक्स का दो महीने तक व्यापक और कठोर मूल्यांकन किया। विश्व स्तर पर प्रशंसित हिलक्स ने 13,000 फीट की ऊंचाई से लेकर शून्य से भी कम तापमान तक के चरम मौसम और उबड़-खाबड़ इलाकों में बेहतर प्रदर्शन किया। टोयोटा हिलक्स एक जाना-पहचाना यूटिलिटी वाहन है जो अपनी मजबूती, स्थायित्व, विश्वसनीयता और ऑफ-रोडिंग क्षमताओं के लिए विश्व स्तर पर जाना जाता है।इसपर अपने विचार साझा करते हुए, श्री वी विसलिन सिगमनी, महाप्रबंधक - स्ट्रैटेजिक बिजनेस यूनिट (उत्तर) ने कहा, हिलक्स की डिलीवरी करके हम बहुत रोमांचित हैं। हमारे लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो भारतीय सेना के लिए हिलक्स के हमारे पहले ऑर्डर को पूरा करने से हासिल हुई है। इस अवसर पर हम सही अर्थों में सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।




## सीसीएल सुरक्षाकर्मीयों ने कोयला लदे दो ट्रकों को पकड़ किया पुलिस के सुपुर्द

**चरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चरही सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र के सुरक्षाकर्मियों ने गश्ती के दौरान बुधवार को चालक समेत अवैध कोयला लदा दो ट्रक को पकड़ा है। सीसीएल के सुरक्षा विभाग ने ट्रक को चरही पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार सुरक्षाकर्मियों ने मंगलवार को अहले सुबह गश्ती के दौरान सूचना मिली के जोराकाट की ओर से 14 माईल ओवरब्रिज के तरफ अवैध कोयला लदा दो ट्रक (बीआर 02 जीए 7903) एवं (बीआर 02 जीए 9013) आ रहा है। जिसे सीसीएल सुरक्षाकर्मियों ने चरही रेलवे साइडिंग के पास रोकने का इशारा किया गया लेकिन दोनो ट्रक चालको द्वारा बिना रुके गाडी आगे बढ़ा दिया गया। तत्पश्चात दुरभाष के माध्यम से चरही थाना को संपर्क कर सूचना दिया गया एवं दोनो गाडियो को चरही चौक पर रोका गया। दोनो ट्रक को बारी-बारी से जांच किया तो करीब 25-25 टन कच्चा कोयला दोनों गाड़ियों पर लोड पाया गया उक्त दोनो चालको से कोयला संबंधित कागजात की मांग की गयी परंतु दोनो चालको द्वारा किसी भी प्रकार का वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि अवैध रूप से जोराकाठ के जंगल से कोयला उत्खनन कर अधीक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से परिवहन किया जा रहा था। सुरक्षा कर्मियों ने कागजातों की जांच करने के बाद दोनो ट्रक व चालक अशोक कुमार एवं अर्जुन कुमार जिला गया, बिहार निवासी को चरही पुलिस को सुपुर्द कर दिया है।



## बरही में प्राइवेट स्कूल संगठन ने पैदल मार्च निकाला

**बरही (हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही के निजी विद्यालय संघ के द्वारा बुधवार को बरही शहर में पैदल मार्च निकाला गया। जिसमें बरही प्रखंड में संचालित दर्जनों निजी विद्यालय के सैंकड़ों शिक्षक एवं संचालक एकजुटता के साथ पैदल मार्च में शामिल हुए और अपनी आवाज को बुलंद करते हुए जमकर नारेबाजी किए। पूरे अनुशासन के साथ सभी लोकतांत्रिक ढंग से बरही प्रखंड मैदान से निकल कर रैली के शक्ल में बरही चौक पर भ्रमण किया। उसके बाद पैराडाइज रिजॉर्ट हजारीबाग में झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के बैनर तले आयोजित सातवां वार्षिक महासम्मेलन के लिए अपने विभिन्न वाहनों से एक साथ रवाना हुए। निजी विद्यालय संघ बरही के अध्यक्ष मिथिलेश यादव, सचिव नीतीश कुमार, उपाध्यक्ष सुनील कुमार दत्ता, उपसचिव दिनेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष बासुदेव कुमार, संरक्षक सुधीर चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, राजेश केशरी आदि पदाधिकारियों ने कहा कि झारखंड सरकार ने वर्ष 2019 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम में निजी विद्यालयों के लिए भारत सरकार से हटकर एक नया अधिनियम लागू किया, जो निजी विद्यालयों को पूरा करना संभव नहीं है। जबकि भारत सरकार के शिक्षा के अधिकार अधिनियम में ऐसी बात नहीं है। झारखंड सरकार दोहरी नीति अपना रही है। इसे सरकार को वापस लेना चाहिए। कार्यक्रम में दर्जनों निजी विद्यालय के लोग शामिल हुए।



## स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत पतरातू प्रखंड में हुआ शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ की पहल के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत बुधवार को कोतो व पालू पंचायत में शिविर के पहले दिन आसपास के क्षेत्रों के चिन्हित 82 कुपोषित बच्चों को तीन समय का पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया वही 28 ग्रामीणों को टेलीमेडिसिन सेवा भी उपलब्ध कराई गई।स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना को और भी प्रभावी बनाने एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने के मद्देनजर टीम के द्वारा आसपास के घरों का भ्रमण कर लोगों टेलीमेडिसिन सहित सरकार की अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई।

**स्वास्थ्य समृद्धि वाहन की विशेषताएं।**

**विस्तृत कवरेज़**

एक चालित वाहन से दो या दो से अधिक जगहों पर पोषण शिविर संचालित होगा। समय और धन बचाने के उदेश्य से निर्मित इस चालित वाहन से 30 मिनट के अंतराल पर भोजन एवं अन्य सामाग्री दो या दो अधिक शिविर स्थान पर पहुचई जा सकेगी।



**भंडार कक्ष**

यह वाहन भंडार कक्ष का भी कार्य करेगी इसमे विभिन्न आकार की संद्रखें और दराज है जिसमे पोषण शिविर की समग्रियों का सुरक्षित भंडारण किया जाएगा।

**कार्य**

यह वाहन शिविर कर्मियों को सुदूर ग्रामीण क्षेत्र तक ले जाने मे सहयोग करेगी। केंद्रीय कृत निगरानी वाहन में लगे क्लाउड वेस्ड कैमरे द्वारा शिविर के प्रतेक गतिविधियों की निगरानी रखी जाएगी।

## सामान्य से कम बारिश के बावजूद गरजामु में धानरोपनी का कार्य शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** इस वर्षबरही प्रखंड में वर्षा के अभाव में धान रोपा नहीं हो पा रहा है। बिचडा तक खेत में मर रहे हैं। जिससे बरही के किसान चिंतित हैं। वहीं दूसरी ओर बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के गरजामु डुमरियाडीह गांव में सामान्य से कम बारिश के बावजूद करीब 200 एकड़ में धान की खेती होती है। जहां इस वर्ष भी सामान्य वर्षा के अभाव में भी धान की खेती बखूबी किया जा रहा है। यहां धान के बिचड़े तैयार हैं और धनरोपनी भी शुरू कर दिया गया है। जानकारों का माने तो बरही प्रखंड में सबसे पहले गरजामु डुमरियाडीह में ही धानरोपनी का कार्य शुरू होता है। गरजामु डुमरियाडीह के किसान व पूर्व जिप सदस्य प्रतिनिधि मो. कैयुम बुधवार से अपने खेतों में धान रोपने का कार्य शुरू कर दिया है। साथ ही उक्त गांव के कई किसान भी धनरोपनी कार्य की तैयारी में जुट गए हैं। गरजामु के प्रसिद्ध किसान सह वरिष्ठ सामजसेवी मो. कैयुम ने बताया कि बरही प्रखंड में सामान्य बारिश नहीं हुई है, यह काफी चिंता का विषय है। उनके खेतों में पानी का अभाव फिलहाल इस वर्ष भी नहीं है। वे इस वर्ष भी अपने 5 एकड़ खेत में धान रोपनी का कार्य शुरू कर दिए हैं। बताया गया कि गरजामु डुमरियाडीह गांव तीन तरफ से नदी से घिरा है। नदी के तलहटी पर ऐसे कई खेत हैं जहां धान रोपनी के लिए पर्याप्त जल हर वर्ष मिल जाता है। यहां के लोग मुख्य रूप से खेती पर ही आश्रित है और लोग काफी मेहनती भी हैं।



## अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जरूरी है कि हम गांवों को मजबूत करें : मंत्री हफीजुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया (टीआरआई) द्वारा आयोजित इंडिया रूरल कोलोक्वि का तीसरा संस्करण, हियरिंग वॉयसेस ऑन ग्राउंड ङ्क एट द शार्प एंड ऑफ चेंज द्वारा, अंतर्राष्ट्रीय मंडेला दिवस शुभ अवसर पर 18 जुलाई को रांची और भोपाल में दो क्षेत्रीय कार्यक्रमों के साथ, लॉन्च किया गया। जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (ङ्कढ्ढस्स्) में आयोजित रांची कोलोक्वि में, विकास को लेकर झारखंड की कुछ सबसे मुखर व उत्साही शख्सियतों ने अपने विचार साझा किए और अधिक जीवंत ग्रामीण समुदाय तैयार करने के लिए कार्य योजनाएँ तैयार कीं। झारखंड के पर्यटन, कला और संस्कृति, खेल और युवा मामले विभाग के मंत्री हफीजुल हसन अंसारी उद्घाटन सत्र के दौरान मुख्य वक्ता थे। इस दौरान उन्होंने कहा, अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए जरूरी है कि हम गांवों को मजबूत करें। गांवों के प्रतिभाशाली युवाओं को बाजार और इंडस्ट्री के साथ तालमेल बिठाने वाली शिक्षा और कौशल(स्किल) की आवश्यकता है। इंडिया रूरल कोलोक्वि ज़मीन से जुड़े लगों से लेकर राज्य से लेकर जिला स्तर तक, ग्रामीणों से लेकर नेताओं तक और सरकार से लेकर व्यवसाय जगत से जुड़े लोगों की आवाज़ों को सुनने को प्राथमिकता देता है।ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया के एसोसिएट डायरेक्टर (एलडब्ल्यूआरसी) मो. करीमुद्दीन मलिक ने कहा, ÷ रीजनल और नेशनल कोलोक्वि का मकसद ग्रामीण झारखंड और ग्रामीण भारत की चुनौतियों से निपटने के लिए जानकारी को साझा करने और सहयोगात्मक समाधान के लिए मंच तैयार करना है। प्रमुख सत्रों में से एक में, एक्सआईएसएस और टीआरआई द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई ग्रामीण युवाओं की संरचनात्मक मुश्किलों पर एक स्टडी रिपोर्ट, समृद्ध झारखंड के लिए युवा शक्ति का इस्तेमाल का भी अनावरण किया गया। इस सत्र के दौरान आदिवासी कल्याण आयुक्त, जीओजे, आईएएस, लोकेश मिश्रा ने कहा, आदिवासी युवाओं को एआई और एसटीईएम(STEM) जैसे उभरते क्षेत्रों में अपना करियर बनाने के के लिए शुरू से ही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। स्वास्थ्य÷ समुदायों की बात सुनना सत्र के दौरान, कैंसर से जूझ रहे ग्रामीण भारतीयों की मदद के लिए टीआरआई और एक तकनीक-आधारित, पर्पज-ड्रिवेन ऑन्कोलॉजी प्लेटफार्म, कार्किनो के बीच एक रोमांचक नई साझेदारी की घोषणा की गई। भारत अफोर्डेबल हेल्थ फंड फॉर टेक्नोलॉजी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर (BHARAT Health Fund)विकेंद्रीकृत कैंसर केयर मॉडल को दर्शाने के लिए ग्रामीण भारत के छोटे निजी अस्पतालों की मदद करेगा।एक और राज्य स्तरीय सम्मेलन 22 जुलाई को रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जाएगा। आपको बता दें रीजनल कोलोक्विज दिल्ली में अगस्त के पहले हफ्ते (1-8) के दौरान आयोजित होने वाले टीआरआई के नेशनल इंडिया रूरल कोलोक्वि के पहले आयोजित किये जा रहे हैं।



### कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

**-: आम सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दारू प्रखण्ड अन्तर्गत झुमरा बाजार से चुंगी वसूली हेतु बन्दोबस्ती वर्ष 2023–24 के लिए दिनांक 31/07/2023 को 2:00 बजे अपराहन् में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, हजारीबाग के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा की जायगी। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www. hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 302775 District(23-24)#D

### AFFIDAVIT

**Before the Executive Magistrate.**

**I, ASHOK SINGH, Son of Late Balwant Singh, By faith Hindu, resident of A/7, Brindawan garden, Sonari, P.O. & P.S. Sonari, town Jamshedpur, dist. East Singhbhum,Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows:**

1. **That I am an Indian citizen by birth.**
2. **That my name is 'ASHOK SINGH' which is mentioned in my Aadhar card bearing Aadhar No 6863 5316 2416 presently issued after correction my name from RANA ASHOK SINGH formerly issued from my aadhar card and in my voter ID this name also mentioned.**
3. That my name is mentioned as 'RANA ASHOK SINGH' in the educational certificates and passport issued in the name of my children namely Mohit Singh & Vineet Mohan are working abroad.
4. That due to some problems I had changed my name as ASHOK SINGH instead of RANA ASHOK SINGH in my aadhar card and voter Id card but now I want to reversely change my name as RANA ASHOK SINGH in all requirement and intents.
5. Now I declare that I am known as RANA ASHOK SINGH instead of my name ASHOK SINGH.
6. That I need to correction my name as RANA ASHOK SINGH instead of ASHOK SINGH regarding my another documents driving licence and another documents etc. and both are same and one person i.e myself.
7. That I swear this affidavit to confirm the above facts are true and correct and obtain to submit the same before authority to correction my name in aadhar card and voter Id card.

**DEPONENT**
**Ashok Singh**

Affidavit No-407, Dt-07.07.2023

### कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 • Pin Code - 835207

पत्रांक ............................./ दिनांक ............................./

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.06.2023 को खरवागढ़ा (भरनो), थाना–भरनो, जिला–गुमला के पास से गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 09:00 बजे पूर्वाह्न 16 पीस साल बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0– अज्ञात को जप्त कर सिसई अवस्थित नर्सरी वन परिसर में सुरक्षित रखा गया है। 16 पीस साल बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0– अज्ञात के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 25.07.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है, तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR 302695 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24 (D)

### कार्यालयः-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ............................./ दिनांक ............................./

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.06.2023 को सिसई–नागफेनी मुख्य मार्ग पर रेडवा पुल के पास गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 8:00 बजे अपराह्न 15 बोरा लकड़ी कोयला सहित टेम्पू नं0 – JH07G0227 को जप्त कर सिसई अवस्थित नर्सरी वन परिसर में सुरक्षित रखा गया है। 15 बोरा लकड़ी कोयला सहित टेम्पू नं0 – JH07G0227 के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 25.07.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल।

PR.NO.302698 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D

## संपर्क से समर्थन के तहत रामगढ़ जिले में भाजपाइयों ने मीडिया जगत व प्रबुद्धजनों को सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी का पिछले एक माह से चल रहा देशव्यापी महा जनसंपर्क अभियान के तहत रामगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में जिला एवं मंडल पदाधिकारियों ने टोली बनाकर संपर्क से समर्थन कार्यक्रम संपन्न किया गया । कार्यक्रम के अंतर्गत पदाधिकारियों ने रामगढ़ जिले में निवास करने वाले प्रतिष्ठित मीडिया ब्यूरो चीफ एवं अन्य प्रबुद्धजनों को मोदी जी के कार्यकाल में देश की विकास यात्रा को समर्पित एक पुस्तक देकर सम्मानित किया , साथ हीं मोदी जी की योजनाओं को अपना समर्थन के रूप में केंद्र द्वारा जारी नंबर 9090902024 पर सभी से मिस कॉल भी करवाया।इसके तहत दैनिक भास्कर मनोज सिंह,प्रभात खबर नीरज अमिताभ उर्फ मिशन भैया,एवं खबर मंत्र अमित सिन्हा आदि ब्यूरो चीफ को पुस्तक देकर सम्मानित किया गया साथ हीं सीए अजीत जयसवाल एवं विजय लाल जैसे सम्मानित प्रबुद्धजनों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर टोली के सदस्यों के रूप में कार्यक्रम के जिला संयोजक सह वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, महामंत्री छोटन सिंह,जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, कैंट मंडल महामंत्री ऋषिकेश सिंह, सूर्यवंश श्रीवास्तव, मनोज जायसवाल इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित थी।

### कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल

E-mail : forest-gumla@jharkhandmail.gov.in, Mobile No. – 8987790115
Pin Code - 835207

पत्रांक ............................./ दिनांक ............................./

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 26.06.2023 को कोटाम–चैनपुर मुख्य सड़क पर हेठजोरी मोड़ के पास से गुप्त सूचना के आधार पर लगभग 04:00 बजे अपराहन 05 बोझा साल कचरा जलावन सहित टेम्पू नं0–JH07C8098 एवं 07 बोझा साल कचरा जलावन सहित टेम्पू नं0–JH01N6143 को जप्त कर चैनपुर वन परिसर में सुरक्षित रखा गया है। 05 बोझा साल कचरा जलावन सहित टेम्पू नं0–JH07C8098 एवं 07 बोझा साल कचरा जलावन सहित टेम्पू नं0–JH01N6143 के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 25.07.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी, –सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल

PR 302699 Forest, Environment and Climate Changes (23-24)_D

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
**DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL URBAN DIVISION, RANCHI**

**Very Short e-Quotation No. 08/2023-24 (2nd Call)**
**P.R. No. 300938 Drinking Water and Sanitation (23-24)D**

Rates through e-Quotation has invited for the items/materials for finalization & preparation of estimate for the construction work from reputed manufacturer/authorized dealer of Pump set (Kirloskar/ Jyoti/ WPIL/ Mather & Platt make) having valid G.S.T.I.N. of materials. The rates confirming to specification shall be submitted online in the website https://jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supplying, installation, commissioning and testing of V.T. pump set with all its components under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 25.07.2023 at 13:00 hrs. The quotation will be opened on 26.07.2023 at 14:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.

**Address for Communication**
Office of the Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Urban Division, Ranchi,
H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia, Dhurwa, Ranchi-834004
Email Id- dwsdmechurbanranchi@gmail.com

**Executive Engineer,**
**D.W& S. Mechanical Urban Division, Ranchi**

PR 302729 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

### Govt. of Jharkhand ,Energy Department
**Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)**
**3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002.**
**Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165, E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com**

**e-Procurement Notice for EoI and RFP**

**EOI & RFP No.: 21/JREDA/SHP/23-24** **Dated: 19.07.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Expression of Interest (EoI) and Request For Proposal (RFP) for selection of Technical Partner for implementation of "RENOVATE, OPERATE, MAINTAIN AND TRANSFER (ROMT)" of Two Hydro Projects in the State of Jharkhand. |
| 2 | Estimated cost (Rs.) | 50,00,00,000/- |
| 3 | Period of Completion | 24 (Twenty-four) Months |
| 4 | Date of publication of EOI & RFP on website: http:// jharkhandtenders.gov.in | **24.07.2023 (Monday)** |
| 5 | Date & time of Pre-bid meeting | **01.08.2023 (Tuesday)** at 1.00 P.M. |
| 6 | Last date & time for receipt of online EOI & RFP | **16.08.2023 (Wednesday)** upto 05:00 PM |
| 7 | Submission of original copies of EOI/RFP fee & EMD (Offline) | **16.08.2023 and 17.08.2023** up to 5.00 P.M. |
| 8 | EOI & RFP Opening Date | **18.08.2023 (Friday)** at 3.00 P.M. |
| 9 | Name & address of office inviting EOI & RFP | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency(JREDA) 3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) |
| 10 | Contact no. of procurement officer | 0651-2491163/67/61/9431310003 |
| 11 | Helpline no. of e-procurement | 0651-2491163/67/61 |

Any corrigendum/addendum can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com.
Further details can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com

**Sd/-**
**Director,**
**JREDA, Ranchi**

**PR 302778 Energy(23-24).D**

### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची।

**अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –09/2023–24**

**Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 25.07.2023 को अपराहन 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 26.07.2023 को अपराहन 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 26.07.2023 को अपराहन 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Day by day operation of pump motor, repair & maintenance work for W/S, Sanitation and sewerage work its allied works Female Section Girls Hostel at RINPASS Kanke Ranchi under D W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 7,72,748.00 | 16,000.00 | 1250.00 | 04 Months |
| 2. | Day by day operation of pump motor, repair & maintenance work for W/S, Sanitation and sewerage work its allied works Dr. Quarters, Bazar Tar, Wader Line at RINPASS Kanke Ranchi under D W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 8,86,392.00 | 18,000.00 | 1250.00 | 04 Months |
| 3. | Day by day operation of pump motor, repair & maintenance work for W/S, Sanitation and sewerage work its allied works Male Section OPD Dharmshala at RINPASS Kanke Ranchi under D W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 9,71,477.00 | 20,000.00 | 1250.00 | 04 Months |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

PR 302687 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

## स्टेशन में यात्री शेड की स्थिति बदहाल, प्लेटफार्म पर छतरी लेकर आना हुआ जरूरी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश के अग्रणी रेलवे स्टेशनों में शुमार धनबाद स्टेशन के प्लेटफार्म के शेड इन दिनों जर्जर स्थिति में है, जबकि बारिश का मौसम चल रहा है। ऐसे में अगर आप धनबाद स्टेशन से रेल की सवारी करना चाहते हैं, तो अपने साथ छाता या बरसाती अवश्य लेकर आएं। क्योंकि धनबाद रेल मंडल के आला अधिकारियों को प्लेटफार्म पर लगे शेड की जर्जर स्थिति का अंदाजा नहीं है।धनबाद मंडल रेल कार्यालय से महज 100 गज की दूरी पर स्थित धनबाद रेलवे स्टेशन इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। और तो और रेलवे अधिकारी आए दिन निरीक्षण का ढोल पीटते हैं, लेकिन आम जनता और यात्रियों की परेशानियों को निपटाने में नाकामयाब साबित हो रहे हैं।धनबाद रेलवे स्टेशन के सात प्लेटफार्म को आपस मे जोड़ने वाला फुट ओवर ब्रिज की सीलिंग अनेक स्थान पर टूटी पड़ी हुई है। वही आप चाहें या ना चाहें लेकिन प्लेटफार्म पर यात्रियों के लिए बने विशालकाय शेड की टूटी छतों से बारिश की पानी का मजा आपको मिलता रहेगा।धनबाद स्टेशन के प्लेटफार्म पर यात्री शेड के बदहाल छतों से बारिश के मौसम में बरसता पानी यात्रियों के सामान और कपड़े को भिगो देता है। जिससे सफर पर जाने वाले यात्रियों को परेशानी होती है। समस्याओं के निवारण नहीं होने की वजह से यात्रियों में काफी रोष देखा जा रहा है।

## बांका धनबाद बोल बम सेवा समिति दे रही है कांवरियों को उतकृष्ट सेवा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पवित्र श्रावण मास में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बांका धनबाद बोल बम सेवा समिति द्वारा श्रावणी मेला के दौरान कांवरियों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान की जा रही है। समिति द्वारा अबरखा में कांवरियों के लिए विशेष शिविर लगाया गया है। जिसमें कावड़ियों को निश्शुल्क दोपहर एवं रात्रि भोजन, चाय, पानी, निंबू शरबत, सत्तु शरबत, मेडिकल चेकअप, फलाहर, विश्राम करने की सुविधा, स्वच्छ शौचालय सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध है। इसके संचालकों ने बताया कि पहले केवल डाक बम के लिए शिविर में सेवा दी जाती थी। परंतु विगत 5 वर्षो से यहां सभी कांवरियों के लिए निश्शुल्क सेवा उपलब्ध है। इस वर्ष अधिक मास के कारण यह शिविर लगातार 2 महीने तक चलाया जाएगा। शिविर में नरेंद्र शर्मा (बंटी), अनिल चौधरी, कुंदन सिंह, डॉ. बबलू,शंकर चौधरी, धवल अग्रवाल, संतोष चौधरी, चंदन कुमार, लालमणि, मनोज सिन्हा, निरंजन (छोटू), अनुज सिंह एवं संजीत झा सहित अन्य सदस्य दिन रात कांवरियों की सेवा में तत्पर रहते हैं।

## विस्थापितों के लिए भुली में टुंडी विधायक ने किया शिलान्यास

**भुली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** निचितपुर के ईस्ट बसूरिया अंतर्गत गोन्दुडीह कोलियरी क्षेत्र के धोबी कुल्ही के प्रभावित लोगों को विस्थापित करने के लिए बुधवार को भुली के भुली क्षेत्रीय अस्पताल केम्पस में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने मथुरा नगर रजक बस्ती के नाम से योजना का शिलान्यास किया।प्रथम चरण में धोबी कुल्ही के प्रभावित 80 परिवारों को भुली क्षेत्रीय अस्पताल केम्पस में बसाने की योजना है। वहीं दूसरे चरण में लगभग शेष बचे 65 परिवारों को बसाया जाएगा।टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने फीता काटकर व नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। मौके पर मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि धोबी कुल्ही के करीब 145 परिवार जोखिम भरा क्षेत्र में रह रहा है। उसे सुरक्षित क्षेत्र पर भेजने की प्रक्रिया चल रही है और भुली में करीब 80 परिवार को बसाया जाएगा।

**काटे जाएंगे सैकड़ों पेड़**

भुली क्षेत्रीय अस्पताल परिसर में धोबी कुल्ही के विस्थापित लोगों को बसाने के लिए जमीन की नापी की जा रही है। अगर विस्थापितों को बसाया जाएगा तो धनबाद नगर निगम द्वारा लाखो के खर्च से लगाया गया सैकड़ों पेड़ों को काटना होगा।

## भारत जोड़ों की बात आम जनों के साथ : संतोष सिंह

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आज भारत जोड़ो की बात आम जनों के तहत धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में जोड़ाफाटक रोड में दुकानदारों के बीच संघन अभियान चलाया तथा इंडस्ट्री एंड कॉमर्स के अध्यक्ष बीएन सिंह से जोड़ाफाटक स्थित इंडस्ट्री एंड कॉमर्स कार्यालय में उनसे चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया भारत जोड़ों की बात आम जनों के साथ का उद्देश्य देश में व्याप्त बढ़ती बेरोजगारी, स्किल डेवलपमेंट मंत्रालय पर मोदी सरकार द्वारा सैकड़ों रुपए बहाने के बावजूद देश में कुशल कामगारों की संख्या दो फ़ीसदी होना । गिरती अर्थव्यवस्था, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग, बढ़ती महंगाई कच्चे तेलों के दामों में कमी होने के बावजूद आम जनों को राहत ना देना।

## कैश क्रेडिट लिंकेज में 56 लाख व स्टार सखी लोन में 10 लाख रुपए स्वीकृत

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के तत्वधान में बुधवार को बलियापुर प्रखंड में सखी मंडल के लिए कैश क्रेडिट लिंकेज कैंप का आयोजन बैंक ऑफ इंडिया बलियापुर, बैंक ऑफ इंडिया मोको तथा बैंक ऑफ इंडिया तिसरा शाखा द्वारा बलियापुर पश्चिम पंचायत भवन में किया गया। इसमें 24 सखी मंडल के प्रथम, द्वितीय व तृतीय लिंकेज की 56 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई। साथ ही 20 सखी मंडल दीदी को स्टार सखी लोन में 10 लाख रुपया स्वीकृत किया गया।कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया आंचलिक कार्यालय के शिव नंदन प्रसाद, सुब्रत बनर्जी, शुवशीष पोद्दार, शाखा प्रबंधक मोको, सुनील आनंद शाखा प्रबंधक बलियापुर, सुखदेव लाल महतो शाखा प्रबंधक तिसरा, जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक शम्भू बिस्वास, डीईओ शिव शंकर चौधरी, पंकज कुमार, कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर सरोज योगी, प्रकाश चंद्र महतो, अनुज कुमार, बैंक सखी फरीद बानो, अनिता देवी, आइपीआरपी अलीन लकड़ा व सखी मंडल की दीदियां उपस्थित थे।

## सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार झारखंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन धनबाद इकाई के द्वारा रणधीर वर्मा चौक के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन का मुख्य वजह दवा है और दवा की धड़ल्ले से हो रहे एकतरफा छटनी तथा तालाबंदी के खिलाफ है।इकाई के अध्यक्ष असीम हालदार ने बताया की बिहार झारखंड सेल्स रिप्रेजेंटिव के अहवाहन पर बुधवार को तकरीबन 35 इस्काइओ में एंटी विटीमाइजेशन से माना रही है इसकी वजह विगत दिनों में कंपनियों द्वारा धड़ल्ले से एकतरफा सेल्स रिप्रेजेंटेटिव की छटनी, स्थानांतरण व तालाबंदी कर जुल्म किया जा रहा है। आगे असीम हालदार ने कहा की इसकी लेकर हम उपायुक्त महोदय को ज्ञापन सौंपेंगे और एक ज्ञापन टीएलसी को देंगे। साथ ही अगर निकटम भविष्य में हमारी बातो को नहीं सुना गया तो इससे भी तीव्र प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।

## रंजीत महतो के प्रयास से आठ प्रवासी मजदूरों की सकुशल घर वापसी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोकारो जिला अंतर्गत चंद्रपुरा, नवाडीह प्रखंड के बिरनी, कोरकोट्टा फतेहपुर जैसे विभिन्न गांवों के कुल आठ मजदूरों के ठिकेदार बिचौलिया के चंगुल में फंसे। आंध्रप्रदेश राज्य के राजमुंदरी मानबापेटा के कोस्टल फोन प्राईवेट लिमिटेड नामक कंपनी में फंसे होने सूचना मजदूरों के द्वारा मिलते ही युवा क्रांतिकारी रंजीत महतो के द्वारा त्वरित संज्ञान में लेकर झारखंड राज्य प्रवासी नियंत्रण हेल्पलाइन, झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण रांची और आंध्र प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पदाधिकारियों से संपर्क किया गया। बोकारो जिले के मजदूरों के द्वारा कहा गया कि वहां के ठेकेदार के द्वारा अच्छी मजदुरी का प्रलोभन आंध्र प्रदेश ले जाकर काम करवाया गया।

**बाघमारा के सोनार्डीह में अभी भी जारी है अवैध उत्खनन कर कोयले की तस्करी**

# रेल लाइन के सामने होता है कोयले का अवैध उत्खनन कभी भी हो सकती है एक बड़ी दुर्घटना

**सुभाष मिश्रा @ मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** धनबाद जिला के पुलिस कप्तान के लाख चाहने के बाद भी बाघमारा प्रखंड अंतर्गत सोनार्डीह क्षेत्र में अवैध उत्खनन कर कोयले की तस्करी इन दिनों भी जारी है। बताया जाता हैं की सोनार्डीह के आस पास इलाको में पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण दिशा में भिड़ भाड़ इलाको के बीचो बीच तो कही धनबाद चंद्रपुरा रेल लाइन के सामने कोयला तस्करों द्वारा बड़े पैमाने पर बोकारो और अन्य जगहों से गरीब मजदूरों को लाकर कोयला का अवैध उत्खनन करवाया जा रहा है। चर्चा है की कोयला तस्कर का एक आदमी कॉलोनी में अवैध रूप से बीसीसीएल आवास को कब्जा कर अपनी दुकानदारी चला रहा है। वही दिन के समय में सोनार्डीह के खुले मैदान में बीसीसीएल आवास के सामने खाली ट्रेको को रखा जाता हैं। रात होने पर वही ट्रक अलग अलग अवैध उत्खनन स्थानों में जाकर कोयला लोड मजदूरों से करवा कर डेहरी ऑनसन के अलावा बिहार के अन्य जगहों में कोयला को टपाया जाता हैं। सोनार्डीह के एक आम जनता ने अखबार में नाम नही छापने के शर्त में बताया की कोयला का अवैध उत्खनन तो इलाके में होता ही है और छोटे मोटे हादसे भी होते रहता है जिसको सबकी मिली भगत से साल्ट लिया जाता हैं। लोगो ने आगे बताया कि धनबाद चंद्रपुरा रेल लाइन के नीचे भी अवैध कोयला का खनन पार हो चुका है। रेल लाइन में कभी भी एक बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती हैं। ज्ञात हो कि धनबाद जिला के सोनार्डीह इलाके में कभी भी एक बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। जबकि यहा कोयला तस्करों ने रेल लाइन को भी नही छोड़ा है। इसी रेल लाइन में जिले के कई जन प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता ट्रेन चलवाने के लिए आंदोलन की बात करते है और वही रेल लाइन के सामने कोयला के अवैध उत्खनन पर चुप्पी साधे हुए हैं।

## भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ अभियान के तहत लोगों से मिले रवींद्र वर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार पुटकी एवं सियालगुदड़ी क्षेत्र में प्रदेश महासचिव रवींद्र वर्मा ने राहुल गांधी के भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ÷ अभियान के तहत धनबाद जिला में जिला के वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व संजय सिंह चौधरी की धर्म पत्नी वीणा देवी उनके पुत्र एवं पुराने वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम कुमार चौधरी के आवास पहुंच करके भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी जी के द्वारा दिये गए संदेशपत्र को समर्पित किया। साथ ही मोदी सरकार के 9 वर्षो के विफलताओं को बताया कि कैसे ये सरकार आम जनता की अनदेखी करते हुए कारपोरेट मित्रों को फायदा पहूंचाने के लिए देश को मंहगाई, बरोजगारी एवं निजीकरण करते हुए सारे सरकारी उपक्रमों को अपने मित्रों के हाथों बेच रही है। इस अवसर पर अक्षयवार प्रसाद सिंह, पूर्व प्रखंड प्रमुख भानु प्रताप चौधरी, दीपक सिंह, राजू सिंह चौधरी, शुभ्रण तिवारी, जितेंद्र शर्मा, शाहरुख खान, सुभाष सिंह भास्कर झा सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# सिंगड़ा में पानी की समस्या से अक्रोशित ग्रामीणों ने पदाधिकारियों और मुखिया को बनाया बंधक

**पानी की समस्या का समाधान नहीं हो जाता तब तक किसी को नहीं छोड़ा जाएगा : ग्रामीण**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत सिंगड़ा पंचायत में पानी की समस्या से अक्रोशित ग्रामीणों ने विभाग के पदाधिकारियों और पंचायत के मुखिया को बंधक बनाया।ज्ञात हो कि महुदा जलापूर्ति योजना के तहत सिंगड़ा पंचायत में टंकी का निर्माण किया गया है जिसमे पानी सप्लाई पाईप का एलिमेंट ठीक से ठिकेदार और पेय जल स्वच्छता विभाग के इंजीनियर ने नही किया है। जिसके कारण ग्रामीणों के घर तक पानी नही पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया की कई महीनो से हमलोग गांव के महिला पुरुष विभाग के पदाधिकारियों से गांव में पानी की समस्या के समाधान के लिए कहा, लेकिन किसी ने नहीं सुना। बुधवार को जैसे ही पेय जल स्वच्छता विभाग के पदाधिकारी मुखिया के साथ गांव में आए गांव के महिला पुरुष ने सभी को बंधक बनाकर सचिवालय में बंद कर दिया। मीना देवी ने बताया की जब तक हमलोगों के गांव में पानी की समस्या का समाधान नहीं हो जाता तब तक किसी को नहीं छोड़ा जाएगा। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों के साथ वार्ता जारी थी।

## बाघमारा प्रखंड के बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर को दिया गया प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** को मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के निमित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 43-बाघमारा-सह- निदेशक डीआरडीए, धनबाद मुमताज अली अहमद एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी बाघमारा तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी बाघमारा की अध्यक्षता में सभी बीएलओ/ बीएलओ सुपरवाइजर बाघमारा प्रखंड के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 43-बाघमारा-सह- निदेशक डीआरडीए, धनबाद श्री मुमताज अली अहमद द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी बीएलओ/ बीएलओ सुपरवाइजर को Pre- Revision Activities तथा Revision Activities के गतिविधियों के संबंध में अवगत कराते हुए निम्न दिशा निर्देश दिए गए-

1. 21 जुलाई 2023 से 21 अगस्त 2023 तक बीएलओ द्वारा प्रत्येक घर को दो बार भ्रमण किया जाना है। प्रत्येक घर भ्रमण के पश्चात उस घर में स्टीकर चिपकाना है जिसमें मतदान केंद्र संख्या तथा प्रथम भ्रमण की तिथि तथा द्वितीय भ्रमण की तिथि अंकित किया जाएगा।

2. घर घर सर्वेक्षण के दौरान जिन मतदाताओं का मतदाता सूची ब्लैक एंड वाइट फोटो है, जिनकी सूची उपलब्ध करा दी गई थी, उसमें रंगीन फोटो प्राप्त कर प्रपत्र 8 के माध्यम से ब्लैक एंड वाइट फोटो को रिप्लेस करेंगे एवं मतदाता सूची में अन्य त्रुटि में भी प्रपत्र 8 प्राप्त करते हुए बीएलओ ऐप के माध्यम से इंट्री करने का निर्देश दिया गया।

3. घर-घर सर्वेक्षण के पश्चात सत्यापन के क्रम में यदि किसी घर में 18+ वर्ष आयु के अहर्ता प्राप्त व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नहीं हो तो मतदाता सूची में निबंधन हेतु प्रपत्र 6 के साथ-साथ पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, पता, प्रमाण पत्र एवं आयु प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे।

4. घर-घर सर्वेक्षण के क्रम में मृत स्थानांतरण व्यक्ति के परिवार से प्रपत्र-7 प्राप्त करेंगे तथा मृतक स्थानांतरण व्यक्ति के साथ आवेदक का संबंध भी अंकित करेंगे।

5. सभी बीएलओ को बीएलओ ऐप में प्रपत्र 6 एंट्री में नाम, पिता/पति का नाम, उम्र के साथ-साथ पता भी सही सही भरा जाना अति आवश्यक है।

## बिरनी - चौक चौराहों पर फैले गंदगी की सफाई को लेकर आजसू ने सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर एवं इसके आसपास आजकल गंदगी का अंबार देखा जा सकता है। इन कचरे के ढेर से निकलने वाले बदबू से जहां आसपास के लोग परेशान है हीं, बगल से गुजरने वाले राहगीर भी अपनी नाकें बंद कर लेते हैं। एक और जहां इन कचड़ों को देखकर ऐसा लगता है की बिरनी प्रखंड में स्वच्छ भारत मिशन योजना सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गया। इस बीच आजसू के प्रखंड सचिव अमित कुमार गुप्ता ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा को एक आवेदन सौप कर कचरे की साफ-सफाई के लिए आग्रह किया है। इस बीच गुप्ता ने कहा की बरसात शुरू हो चुकी है और इस मौसम में बरसात के पानी से कचड़े सड़ने एवं गलने लगता हैं, जिससे अनेक प्रकार के बीमारियों के फैलाने का खतरा बना रहता है।

## उप प्रमुख व मुखिया ने धोती, साड़ी का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना के तहत बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत हरिला पंचायत के हरिला गाँव के जन वितरण प्रणाली दुकान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पीएच कार्ड धारी लोगों के बीच धोती साड़ी और लूंगी का वितरण किया गया वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेंगाबाद उप प्रमुख सबा अंजुम ,मुखिया सुधीर रजवार एवं अन्य जनप्रतिनिधि थे।कार्यक्रम में उप प्रमुख सबा अंजुम ने कहीं सरकार रोटी, कपड़ा और मकान पर विशेष ध्यान दे रही है ताकि लोगों को मूलभूत समस्या ना हो सके इसके साथ ही डीलरों को हिदायत करते हुए कहा राशन धोती साड़ी जैसी योजना में अनियमितता कदापि बर्दाशत नहीं करेंगे जो इनके हकदार हैं उन्हें योजना की लाभ मिले।

## मुखिया ने सोना- सोबरन योजना के तहत लाभुकों को धोती साड़ी और लूंगी का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** बुधवार को मधवाडीह पंचायत के जनवितरण प्रणाली की दुकानों में झारखंड सरकार के महत्वपूर्ण योजना धोती साड़ी का वितरण किया। इस मौके पर मुखिया सदीक अंसारी ने कहा कि सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक सोना सोबरन योजना के तहत कार्ड धारियों के बीच धोती साड़ी और लूंगी का वितरण किया गया । कहा पंचायत में कोई भी व्यक्ति सरकारी लाभ से वंचित नहीं रहेगा जो लोग योग्य लाभुक होंगे उन्हें हर हाल में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ दिया जाएगा । मौके पर पंचायत समिति सदस्य हेमराज साव , उप मुखिया प्रतिनिधि मो मेराज के अलावे सैकडो लाभुक मौजूद थे ।

# तोपचांची प्रखंड कार्यालय के समीप ग्रामीण देंगे अनिश्चितकालीन धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**तोपचांची :** बुधवार को तोपचांची प्रखंड के नेरो पंचायत अन्तर्गत खुरडीह में संचालित होने वाले पत्थर खदान के विरोध में ग्रामीणों ने एक बैठक कर आगे आंदोलन को तेज धार करने को लेकर रणनीति बनाई। ग्रामीणों ने कहा की आगे आंदोलन को तेज करने के लिए सभी ग्रामीणों को एकत्रित होने की जरूरत है। जरूरत पड़े तो अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि किसी भी हाल में यहां पत्थर खदान चलने नहीं दिया जाएगा। पत्थर खदान के खुलने से लगभग 300 घरों को सीधे तौर पर भारी नुकसान होगा। पानी की घोर किल्लत होगी और प्रदूषण बढ़ेगा। खदान में आए दिन होने वाले ब्लास्टिंग से लोगों के घर क्षतिग्रस्त हो जाएंगे और पूरा पंचायत जनजीवन अस्त व्यस्त हो जाएगा। मौके पर उपस्थित सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी ने कहा कि खदान से सैकड़ों ग्रामीण प्रभावित होंगे इसलिए किसी भी हाल में खदान को बंद करना होगा। जरूरत पड़ने पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। अगर हमारी मांगों को प्रशासन नहीं सुनती है तो आगे धनबाद के रणधीर वर्मा चौक को जाम किया जाएगा। इधर माइंस कंपनी को जमीन देने वाले प्रदीप तिवारी ने कहा कि यहां माइंस चालू होने से गांव में बिजली की समस्या दूर होगी साथ ही कंपनी द्वारा गांव में पानी की व्यवस्था कराई जाएगी।

**जिला प्रशासन के कार्यशैली पर धनबाद विधायक ने उठाए सवाल**

# मानवाधिकार के आदेश पर बीसीसीएल ने सात माह पूर्व ही जिला प्रशासन को दिए हैं ढाई करोड़ रुपये

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** चिरकुंडा झिलीया नदी में 2018 मे बाढ़ से तबाह हुए एक सौ ग्यारह पीड़ितों को मानवाधिकार के आदेश पर बीसीसीएल के द्वारा सात माह पूर्व ढाई करोड़ की राशि दिए जाने के बाद भी विस्थापितो को अभी तक आवास नहीं मुहैया करवाने से नाराज धनबाद विधायक और नगर उपाध्यक्ष के साथ दर्जनों महिला और पुरुष ने धनबाद उपायुक्त से मिलकर अपनी व्यथा सुनाई। वहीं धनबाद विधायक ने जिला प्रशासन के कार्य शैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा की पांच साल पूर्व सौ से अधिक वेंचर गरीब विस्थापित हुए थे।जिसको लेकर बीसीसीएल ने मानवाधिकार के आदेश पर जनवरी माह में ही जिला प्रशासन को ढाई करोड़ रूपये मुहैया करवा दिए थे। पर आज तक जिला प्रशासन ने विस्थापितों को बसाने की पहल नहीं की। इनमें अधिकतर सफाई कर्मी और दैनिक मजदुरी करने वाले गरीब लोग हैं। रोजाना पचास किलोमीटर दुर धनबाद आकर गुहार लगाना संभव नहीं है। हलांकी उपायुक्त ने राशि प्राप्ति की बात स्वीकार करते हुए जल्द ही आवास बनाने का आश्वासन दिया है। अब देखने वाली बात यह होगी कि कब विस्थापितों को अपना आवास मिल पाता है।

# बाघमारा प्रखंड के बीएलओ, सुपरवाइजर को दिया गया प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बाघमारा :** मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के निमित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 43-बाघमारा-सह- निदेशक डीआरडीए, धनबाद मुमताज अली अहमद एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी बाघमारा तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी बाघमारा की अध्यक्षता में सभी बीएलओ/ बीएलओ सुपरवाइजर बाघमारा प्रखंड के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 43-बाघमारा-सह- निदेशक डीआरडीए, धनबाद मुमताज अली अहमद द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी बीएलओ/ बीएलओ सुपरवाइजर को प्री रिवीजन एक्टिविजन तथा रिवीजन एक्टिविटीज के गतिविधियों के संबंध में अवगत कराते हुए निम्न दिशा निर्देश दिए गए–21 जुलाई 2023 से 21 अगस्त 2023 तक बीएलओ द्वारा प्रत्येक घर को दो बार भ्रमण किया जाना है। प्रत्येक घर भ्रमण के पश्चात उस घर में स्टीकर चिपकाना है जिसमें मतदान केंद्र संख्या तथा प्रथम भ्रमण की तिथि तथा द्वितीय भ्रमण की तिथि अंकित किया जाएगा। घर घर सर्वेक्षण के दौरान जिन मतदाताओं का मतदाता सूची ब्लैक एंड वाइट फोटो है, जिनकी सूची उपलब्ध करा दी गई थी, उसमें रंगीन फोटो प्राप्त कर प्रपत्र 8 के माध्यम से ब्लैक एंड वाइट फोटो को रिप्लेस करेंगे एवं मतदाता सूची में अन्य त्रुटि में भी प्रपत्र 8 प्राप्त करते हुए बीएलओ ऐप के माध्यम से इंट्री करने का निर्देश दिया गया। घर-घर सर्वेक्षण के पश्चात सत्यापन के क्रम में यदि किसी घर में 18+ वर्ष आयु के अहर्ता प्राप्त व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नहीं हो तो मतदाता सूची में निबंधन हेतु प्रपत्र 6 के साथ-साथ पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, पता, प्रमाण पत्र एवं आयु प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे। घर-घर सर्वेक्षण के क्रम में मृत स्थानांतरण व्यक्ति के परिवार से प्रपत्र-7 प्राप्त करेंगे तथा मृतक स्थानांतरण व्यक्ति के साथ आवेदक का संबंध भी अंकित करेंगे। सभी बीएलओ को बीएलओ ऐप में प्रपत्र 6 एंट्री में नाम, पिता/पति का नाम, उम्र के साथ-साथ पता भी सही सही भरा जाना अति आवश्यक है। क्योंकि पहचान पत्र स्पीड पोस्ट/ डाक के माध्यम से वितरण किया जा रहा है। सभी बीएलओ को प्री रिवीजन एक्टिविजन तथा रिवीजन एक्टिविटीज से संबंधित जानकारी प्रत्येक 15 दिनों में आम सभा का आयोजन चुनाव पाठशाला कार्यक्रम हेतु तथा आमसभा बैठक की कार्यवाही एवं फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी बीएलओ सुपरवाइजर को प्री रिवीजन एक्टिविजन के दौरान पन्ना वेरिफिकेशन करने का भी निर्देश दिया गया। छूटे हुए वैसे मतदाता जिनका आधार लिंक नहीं हुआ है मतदाता पहचान के साथ आधार लिंक करवाने के लिए प्रेरित किया गया। कोई वोटर छूटे नहीं, इसके लिए बीएलओ ऐप्स के अलावे पब्लिक पोर्टल वी एस पी एवं पब्लिक मोबाइल एप वोटर हेल्पलाइन के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

## यात्रियों के लिए किफायती दर पर इकोनॉमी व स्नैक्स मील की सुविधा उपलब्ध




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** रेलवे द्वारा साधारण श्रेणी के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इकोनॉमी एवं स्नैक्स मील के साथ-साथ किफायती पैकेज्ड पेयजल की सुविधा प्रदान करन के लिए स्टेशनों पर ट्रेनों के मुख्यत: साधारण श्रेणी कोच के निकट किफायती भोजन उपलब्ध करान हेतु विशेष काउंटर खोले गए हैं। जिसमें इकोनॉमी मील की कीमत 20 रूपए प्रति पैकेट और स्नैक्स मील की कीमत 50 रूपए प्रति पैकेट रखी गयी है । इस किफायती सुविधा के सफल कार्यान्वयन हेतु रेल मंत्रालय द्वारा आई.आर.सी.टी.सी. को क्षेत्रीय रेलों से समन्वय स्थापित करते हुए विशेष निर्देश जारी किया गया है ।प्रारंभिक तौर पर पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल के धनबाद स्टेशन, समस्तीपुर मंडल के रक्सौल, समस्तीपुर, बेतिया और नरकटियागंज तथा दानापुर मंडल के किउल, बक्सर, मोकामा और बख्तियारपुर स्टेशन पर यह सुविधा प्रारंभ की गयी है । आवश्यकतानुसार इन सुविधाओं का विस्तार अन्य स्टेशनों पर किया जाएगा ।

# अरु-धरधरिया जर्जर सड़क को बनवाने हेतु करेंगे सक्रिय प्रयास : सुखदेव भगत





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के अंतर्गत सेन्हा प्रखंड के ग्राम अरु, चौकनी, हेसवे, तोड़ार के ग्रामीणों के आग्रह पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक सुखदेव भगत तोड़ार गांव पहुंचे जहां बाजार टांड मैदान में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने सुखदेव भगत को बताया कि ग्राम अरु लेकर धरधरिया तक सड़क काफी जर्जर अवस्था में है ।यह पथ विगत 20 वर्षो से नहीं बना है। जर्जर सड़क होने के कारण जनता को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विशेषकर गर्भवती महिला को ले जाने में काफी दिक्कत होती है। इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को कोई मतलब नहीं है। ग्रामीणों ने श्री भगत से जनता के दिक्कत को देखते हुए इस पथ का निर्माण कराने की मांग किए। मौके पर सुखदेव भगत ग्रामीणों के साथ जर्जर सड़क का मुआयना भी किये। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा कि अच्छी सड़कें होने से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होता है। लगभग 20 वर्षो से इस सड़क का निर्माण नहीं होने से इस क्षेत्र की जनता को काफी परेशानी हो रही है। इस पथ से लगभग 20-25 गांव के लोगों का आवागमन होता है। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते उनका दायित्व होता है कि जन समस्याओं का निदान करें। श्री भगत ने कहा कि कांग्रेसनीत झारखंड सरकार सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रही है। जागरूकता की कमी होने के कारण ग्रामीण जनता सरकारी लाभ का फायदा नहीं उठा पाते हैं। झारखंड सरकार सभी वर्गो के लिए योजना बनाकर उन्हें लाभान्वित करने का कार्य कर रही है। मौके पर श्री भगत ने ग्रामीणों को आश्वासन दिए इस सड़क को बनवाने के लिए सार्थक पहल करेंगे। मौके पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू, वीरेंद्र यादव, प्रमोद साहू, अजय उरांव, इम्तियाज अंसारी, रंजीत यादव, साहबिर उरांव, अल्ताफ अंसारी,शरद यादव, प्रकाश भगत, सुदीप भगत, अजय साहू, सगीर अंसारी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। फिर श्री भगत झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम से उनके आवास रांची में मुलाकात कर अरु,तोड़ार, चौकनी,होते हुए धरधरिया तक 15 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराने हेतु एक पत्र समर्पित कर इस सड़क को शीघ्र बनाने का आग्रह किए ।मंत्री महोदय ने श्री भगत को सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# डायन बिसाही व दहेज उत्पीड़न मामला में चार नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** डायन बिसाही एवं दहेज उत्पीड़न का आरोप लगते हुए बहु ने ससुराल वालों के विरुद्ध सेन्हा थाना में कराई प्राथमिकी दर्ज मामला अरु ग्राम का बताया जा रहा है। सेन्हा थाना क्षेत्र में डायन कुप्रथा एवं दहेज उत्पीड़न मामला में जगरुक्ता अभियान के बावजूद इस तरह की मामला थमने का नाम नही ले रहा है। विदित हो कि अरु ग्राम से एक ऐसा ही मामला सामने आया है। जिसमे बहु समीना खातून ने अपने ही ससुराल वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आवेदन के माध्यम से थाना प्रभारी अभिनव कुमार को अवगत कराते हुए बताई की मेरा निकाह मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार 26 मई 2021 को अरु निवासी अनवर अंसारी के पुत्र मोजिब अंसारी के साथ सम्पन्न हुआ था। निकाह के कुछ माह के बाद डायन बिषाही एवं दहेज मामला को लेकर गाली गलौज एवं परिवारिक प्रताड़ना किया जा रहा था। बताते हुए समीना खातून ने कहा कि मेरे पति मोजिब अंसारी सास कुरैशा बीबी नंद समा प्रवीण द्वारा डायन बिषाही की बात बोल कर परिवारिक टॉर्चर किया जाता है। जबकि ससुर अनवर अंसारी द्वारा 2 लाख रुपया दहेज के रूप में मायके से लाने की बात बोल मुझे घर में दुर्व्यवहार किया जाता है। जिससे तंग आ कर बहु ने ससुराल वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवा कर न्याय का गुहार थाना से लगाई। वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताते हुए कहा कि समीना खातून द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में जांचोपरत सेन्हा थाना कांड संख्या 100/23 दर्ज कर धारा 498 ए 504, 506 आईपीसी एवं दहेज उत्पीड़न 3/4 के तहत नामजद चार अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस कारवाई किया जा रहा है।

# डॉ. अनुग्रह नारायण +2 उवि सभागार में गुरू गोष्ठी का आयोजन, बीईईओ ने दिये कई निर्देश



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 17 जुलाई सोमवार को डा0 अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय सभागार मे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयमंगल लोहरा की अध्यक्षता मे गुरु गोष्ठी का किया गया आयोजन। गुरु गोष्ठी मे बीईईओ जयमंगल लोहरा ने प्रखंड मे संचालित सभी विद्यालयों से नए नामांकित छात्र-छात्राओ की सुचि शीघ्र जमा करने का निर्देश उपस्थित शिक्षको को दिया गया। वही विद्यालय से प्राप्त प्रतिवेदन को समीक्षा करने के उपरांत शिक्षको से कहा कि शिशु पंजी समेकन प्रपत्र शीघ्र करे जमा, व ई-विद्या वाहिनी मे शत-प्रतिशत डाटा इन्ट्रि करने एवं उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश के साथ-साथ विद्यालय का ससमय संचालन, बच्चों को गुणवत्ता पुर्ण शिक्षा देने, मीनू के अनुसार बच्चो को मध्याह्न भोजन प्रतिदिन उप्लब्ध कराने, स्वच्छता एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान देने इत्यादि कई महत्वपूर्ण विन्दुओं पर गुरु गोष्ठी मे चर्चा की गई। मौके पर उक्त गुरु गोष्ठी मे बीपीओ ओम प्रकाश गुप्ता, शैलेन्द्र कुमार, प्रकाश मिश्रा, शिक्षक अम्रेन्द्र यादव, देवनंद्न नायक, श्रवण साहू, हरिनन्दन उराँव, पोली एक्का, लक्ष्मीनारायण गोप, तेजा उराँव, परदेशी उराँव, इत्यादि शिक्षक गुरु गोष्ठी मे उपस्थित थे।

# आज निकालेगी भाजयुमो का विशाल बाइक यात्रा : अजातशत्रु



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बृहस्पतिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश के मंत्री अजातशत्रु के नेतृत्व में भाजयुमो लोहरदगा के युवा साथियों के द्वारा एक विशाल बाइक यात्रा का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य रुप से झारखंड प्रदेश के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी उपस्थित रहेंगे साथ ही प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विश्वजीत शाहदेव, जिला अध्यक्ष मनीष शिखर, जिला महामंत्री द्वय वाल्मीकि कुमार, सजल कुमार सहित जिला के सैकड़ों युवा कार्यकर्ता गन एवं वरिष्ठ कार्यकर्तागण इस बाइक यात्रा में शामिल होंगे। यह बाइक यात्रा कल प्रातः 11 बजे सेन्हा मंडल भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर कल्हेपाठ-कंडरा- बूटी झखरा-चमरू-अलौदी-सूरसीरिया होते हुए हेसवे गाव तक जाएगी। भाजयुमो लोहरदगा इस कार्यक्रम के निमित्त तमाम लोहरदगा वासियों से आग्रह है इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें एवं आगामी चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ विजयी बनावे।

# भंडरा क्षेत्र के बेदाल गांव से लापता दो लोगों का शव विशुनपुर से हुआ बरामद





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा थाना क्षेत्र के बेदाल गांव से लापता हुए दो लोगों का शव बुधवार को गुमला जिले के विशुनपुर थाना क्षेत्र के रोपा कोना स्थित सुखवा खेत से विशुनपुर थाना पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में बरामद किया है। शव की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के बेदाल गांव निवासी स्वर्गीय करमु ठाकुर के पुत्र परमेश्वर ठाकुर (35 वर्ष) व स्वर्गीय झलकु साहू के पुत्र सागर साहू (42 वर्ष) के रुप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही विशुनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार भी विशुनपुर थाना पहुंच लाश का शिनाख्त किए बता दें कि विगत 16 जुलाई 2023 को बेदाल गांव निवासी परमेश्वर ठाकुर व सुखसागर साहू अपने मोटरसाइकिल संख्या जेएच जीरो आठ एच- 3629 से अपने स्वजनों से किसी काम की बात कहकर घर से निकले थे। इसके बाद शाम तक घर नहीं लौटने पर उनके स्वजनों द्वारा फोन पर बात किया गया था। जिसमें परमेश्वर ठाकुर द्वारा कंडरा गांव में होने तथा देर शाम तक घर लौटने की बात कही गई थी। इसके बाद उनदोनो का मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा था। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि इस मामले में भंडरा थाना में गुमशुदगी को लेकर सनहा दर्ज किया गया था।इधर मामले की अनुसंधान को लेकर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।

# गिरजा टोली गांव में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने ग्रामीणों से की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत गरजा पंचायत के गिरजा टोली गांव में बुधवार को पूर्व मंत्री एनोस एक्का ग्रामीणों का सुख-दुख सुनने के लिए ग्रामीणों के साथ बैठक की इस दौरान ग्रामीणों ने सर्वप्रथम उनका भव्य तरीके से स्वागत किया मौके पर जिला अध्यक्ष मतीयस बागे, युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मुख्य रूप से मौजूद रहे। ग्रामीणों के स्वागत के पश्चात ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र में आज भी मूलभूत सुविधाओं की कमी है मुख्यालय से महज कुछ दूर में होने के बावजूद आज भी यहां के लोग समस्याओं से घिरे है। बिजली, पानी, सड़क प्रधानमंत्री, आवास वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, सहित कई चीजें आज भी गांव के लोगों को प्राप्त नहीं हो पा रही है इस वजह से लोग परेशान हैं। और अपनी समस्या क्षेत्र विधायक को भी बताया जाता है लेकिन किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होती है। लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद पूर्व मंत्री ने कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की लापरवाही की वजह से आज तक क्षेत्र का विकास नहीं हो पाया है लेकिन झारखंड पार्टी माटी से जुड़ कर आप सभी की सेवा करने के लिए तैयार है ।आप सभी झारखंड पार्टी का सहयोग करें ताकि संगठन मजबूत हो और लोगों का भला हो इस मौके पर काफी संख्या में कांग्रेस पार्टी के लोग झारखंड पार्टी का दामन थामा जहां पर माला पहनाकर सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी में स्वागत की गई। मौके पर मुख्य रुप से पार्टी का सदस्यता ग्रहण करने वालों में किस्मती तिर्की, सरिता बाड़ा, प्रतिमा देवी, सुखमइत देवी, विनोदी एक्का, बिमला कुमारी, जेम्स एक्का,अल्फा बाड़ा, विश्राम बाड़ा मुख्य रूप से पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया।

# संघ मुस्लिम विरोधी नहीं : ज़ियाउल हक़ अशरफी



मौलाना अब्दुर रकीब मौलाना जियाउलहक़ अशरफी

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलेमा सेल के प्रमुख मोलाना मो जियाउल हक़ अशरफी का कहना है कि वे हिंदू-मुस्लिम मतभेदों को कम करने और आपसी गलतफहमियों को दूर करने के लिए काम करते हैं। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलमा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मौलाना अब्दुर रकीब अंसारी कहते हैं कि पिछली सरकारों ने मुसलमानों के बीच आरएसएस के बारे में गलतफहमियां फैलाई हैं। संघ मुस्लिम विरोधी नहीं हैं, उन्हें भारतीय मुस्लिम होने पर गर्व है और संघ को कोई आपत्ति नहीं है, मुसलमानों में संघ विरोधी भावना पैदा हो गई है जो अब कम हो रही है, मौलाना का कहना है कि उन्हें संघ जैसे पुराने संगठन में शामिल होने पर गर्व और खुद को भाग्यशाली मानते हैं।

# जन भावना फाउंडेशन ने ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा प्रखंड के कोचेडेगा पंचायत के बिरकेरा गांव में जन भावना फाउंडेशन (NGO) के योजनाओं की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में ब्लॉक हेड संगीता डुंगडुंग ने बताया कि जनभावना फाउंडेशन का लक्ष्य स्वास्थ्य, शिक्षा, समृद्धि और लोगों का विकास करना ही है, हमारी संस्था बाल विवाह न हो इसको लेकर लेकर लगातार जागरूक करने का काम कर रही है। जिससे कि हमारे बच्चीयों की शारिरिक, शैक्षणिक और आर्थिक नुकसान से बचाव हो। उसी तरह स्वास्थ्य भारत समृद्ध भारत हो अपना, को लेकर अभी स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी उम्र के लोग हेल्थ केयर कार्ड बनवा कर लाभ ले सकते हैं। जिसको लेकर जनभावना फाउंडेशन सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ को लोगों तक पहुंचा कर सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है एवं बालिका समृद्धि योजना का लाभ दिलाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। आने वाले दिनों में हमारी संस्था और भी बहुत सारी योजनाओं को लेकर कार्य करेगी। इस कार्यक्रम में कोचेडेगा पंचायत हेड सुनीता तिर्की सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# आदिवासी समाज की संस्कृति और परंपराओं के आस्था का केंद्र बनेगा धुमकुड़िया भवन : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने पाकरटांड़ प्रखंड सोगड़ा पठियारटोली में आइटीडीए विभाग से बनने वाले धुमकुड़िया भवन एवं विधायक मद से बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि धूमकुड़ीया भवन आदिवासी समाज की संस्कृति और परंपराओं के आस्था का केंद्र बनेगा। धुमकुड़ीया हमारे पूर्वजों की धरोहर है। धूमकुड़ीया भवन से आदिवासियों की पहचान बनेगा। आज हम सभी लोग इस क्षण के गवाह हैं। धूमकुड़ीया शब्द में बहुत कुछ रचा बसा है। आदिवासी समुदाय में धूमकुड़ीया में ही बैठक कर सभी संस्कार तय किए जाते हैं तथा उन पर चर्चा और विचार विमर्श किए जाते हैं। धूमकुड़ीया की परंपरा और संस्कृति को बचाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पूर्वजों ने हमें सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ा। आने वाली पीढ़ी को हम जोड़ें या हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमारा हमें अपनी सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहर के साथ यहां तक पहुंचाया है। हमारी जिम्मेदारी है कि आने वाली पीढ़ी को हम सांस्कृतिक तथा सामाजिक संस्कारों के साथ आगे की राह ले चलें। विधायक ने कहा कि आज इस विकास के दौर में भी आदिवासी समुदाय को जितनी ऊंचाई तक पहुंचना चाहिए था, वहां तक नहीं पहुंच पाया है। आदिवासी समाज को विकास की राह में गति मिले इस निमित्त हमारी सरकार सराहनीय कार्य कर रही है। आईटीडीए विभाग द्वारा धूमकुड़ीया भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ करना एक सकारात्मक पहल है। विधायक ने कहा कि सामाजिक एकजुटता ही सशक्त समाज का आधार है। हमें सदा अपने संस्कृति और सामाजिक संस्कारों से जुड़े रखना चाहिय। धूमकुरिया भवन एक आस्था स्थल है। आदिवासी समाज में युवाओं को जिम्मेदार बनाने के लिए, उन्हें सामाजिक परंपराओं से अवगत कराने पहल किया गया है। पूर्वजों के समय जनजातीय समाज के हर गांव में धूमकुड़ीया हुआ करता था। जहां हर शाम युवा जुटते थे। उन्हें समाज के बुजुर्ग लोग समाज की परंपराओं जीवन की जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया करते थे। युवाओं को समाज सामाजिक, व्यवहारिक, पारंपरिक कृषि के अनुभव की शिक्षा दी जाती थी।

# आनेवाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पुनः राजग की सरकार बनेगी : लाल गुड्डू नाथ शाहदेव



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन (राजग (NDA)) के पच्चीस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में आयोजित बैठक में आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश कुमार महतो के सम्मिलित होने पर प्रधानमन्त्री नरेंद्र भाई मोदी जी, सुदेश महतो, भारतीय जनता पार्टी और आजसू पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा है कि। हमसब माननीय प्रधानमन्त्री नरेंद्र भाई मोदी जी को आश्वस्त करते हुए वचन देते हैं कि जिस प्रकार से आजसू पार्टी राजग के अभिन्न अंग के रूप में है, वह सदैव रहेगा और आजसू पार्टी झारखण्ड और भारतवर्ष के प्रगति हेतु सदा तत्पर रहेगी। आनेवाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता पूर्व की भाँति ही बड़े भाई-छोटे भाई के रूप में साथ खड़ा होकर केन्द्र में नरेंद्र भाई मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमन्त्री और झारखण्ड में महाठगबन्धन की सरकार को उखाड़ फेंकने और पुनः राजग की सरकार बनाने का कार्य करेंगे। पूर्व में भी लोहरदगा में दोनों दलों के सहयोग से राजग ने विजय प्राप्त की है और इसी सहयोग से आगे भी विजय प्राप्त होगा। पूरे झारखण्ड में लोहरदगा में भाजपा आजसू पार्टी के मित्रता ने एक कीर्तिमान स्थापित किया है। यह मित्रता, प्रेम और सहयोग सदैव बना रहेगा।

# बूथों में डोर-टू-डोर मतदाताओं से मिलकर करे मतदाता सूची का सत्यापन : बीडीओ

## पर्यवेक्षक व बीएलओ को एसएसआर 2024 के तहत दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 18 जुलाई मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में अ.ज.जा.72 विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ पर्यवेक्षक व बीएलओ का एस एस आर 2024 अंतर्गत घर-घर सर्वेक्षण को लेकर एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन जिसमें मुख्य रुप से प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, प्रशिक्षक इरसाद अंसारी, प्रभात कुमार, यशवंत कुमार, अरुण कुमार गाड़ी के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से पीपीटी व वीडियो क्लिप के माध्यम से बताया कि अपने-अपने बूथ में घर-घर जाकर मतदाताओं से मिलकर मतदाता सूची का सत्यापन कैसे करेंगे। प्रपत्र कैसे भरेंगे पना प्रमुख जांच, मतदाता उपस्थिति आदि का कार्य विधि को विस्तारपूर्वक बतलाया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि मतदाता सूची घर-घर सत्यापन में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मतदाता सूची संशोधन पत्र में किए गए प्रतिदिन कार्य का प्रतिवेदन प्रखंड निर्वाचन निबंधन कार्यालय में निश्चित रूप से जमा करने का भी निर्देश दिया साथ ही कार्य करने की विभिन्न विधि की जानकारी भी दिया। निर्वाचन आयोग से प्राप्त पम्पलेट, बीएलओ रजिस्टर, हाउस स्टिकर, मतदाता संशोधन प्रपत्र सहित अन्य सामग्री बीएलओ के बीच वितरण किया गया। प्रशिक्षण में सुपर वाईजर दिनेश कुमार, रौशन उरांव, प्रदीप कुमार, राजीव कुमार, बीएलओ सुनीता देवी, सरोज उरांव, सुचित्रा उरांव, नसीमा खातून, राजमणी मिंज, समीम अख्तर, रामप्रसाद, प्रवेज अख्तर, रुक्मणि उरांव, हिबजुल रहमान, पंचम एतवा पहान, मंसूर आलम आदि उपस्थित थे।

# संवेदक संघ अध्यक्ष सूरज अग्रवाल की अध्यक्षता में संवेदको के साथ हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बुधवार को झारखंड संवेदक संघ लोहरदगा की आवश्यक बैठक संघ के अध्यक्ष सूरज अग्रवाल की अध्यक्षता में समाहरणालय मैदान के सामने लिप्टस बागान में की गई संवेदको को विकास कार्य में हो रही परेशानियों को लेकर संवेदको ने संघ के बीच निम्न बातो को रखा संवेदको को विकास कार्य में बालू की दिक्कत हो रही है। बिचौलिए अनाप-शनाप दाम लेकर बालू गिरा रहे हैं, संवेदक द्वारा निविदा डालने के बाद किए गए कार्यो को बार-बार जांच कर सरकारी पदाधिकारी परेशान करते हुए उनका दोहन कर रहे हैं। ढाई करोड़ से नीचे के कार्यो में डबल बिड कर निविदा निकाली जा रही है जो पीडब्ल्यूडी कोड के विपरीत है। 0 से 10 लाख के कार्यो में बड़ा पैकेज बनाकर निविदा निकाला जा रहा है जिससे फोर्थ ग्रेड के संवेदक निविदा डालने से वंचित हो जा रहा है। जिला परिषद द्वारा 3 वर्षो के लिए निबंधन किया जाता है जबकि पीडब्ल्यूडी कोड अनुसार निबंधन 5 वर्षो के लिए होता है अन्य सभी विभाग 5 वर्षो के लिए निबंधन करती है, जिला परिषद एवं भवन विभाग अपने-अपने चहेते बैंक का ही बैंक ड्रॉप निविदा में लेते हैं जबकि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट लिया जा सकता है परंतु यह लोग नहीं लेते हैं। संवेदक चरित्र प्रमाण पत्र बनाने में संवेदको को काफी कठिनाई हो रही है चरित्र प्रमाण पत्र बनाने को सरल किया जाए। जिला परिषद मे 10 परसेंट से ऊपर लेस जाने पर अतिरिक्त प्राक्कलन का 10 प्रतिशत अग्रधन की राशि जमा करना पड़ता है। इन सभी मुद्दों को लेकर कल झारखंड संवेदक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त लोहरदगा से मुलाकात करेगी एवं विकास कार्यों में हो रही परेशानियों को लेकर उन्हें अवगत कराएगी। आज के इस बैठक में मुख्य रूप से संघ के अध्यक्ष सूरज अग्रवाल, संघ के सचिव भ्रगुनंदन तिवारी, संघ के कोषाध्यक्ष भैया मनोज, संघ के उपाध्यक्ष अजहर इकबाल, पूर्व अध्यक्ष जाहिद अंसारी, एजाजुल अंसारी, बिपिन सिंह, किशोर उरांव, अवधेश तिवारी, कार्यसमिति के मनोज साहू, तबरेज अंसारी, एमडी ताज, सद्दाम अंसारी, मेहंदी हसन, सदरुल हसन, जुल्फिकार आलम, राजू गुप्ता, मुजीबुल रहमान, कैलाश साहू सहित सैकड़ों संवेदक उपस्थित थे।

# रेस परियोजना के तहत पंचायत स्तरीय कार्यशाला का आयोजन




**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लीड्स द्वारा संचालित रेस परियोजना के तहत पंचायत स्तरीय कार्यशाला का आयोजन पंचायत सचिवालय में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ रेस परियोजना के समुदायिक उत्प्रेरक लालबाहदुर सिंह के द्वारा किया गया। परियोजना के जिला समन्वयक ने क्लीन एनर्जी के ऊपर हो रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना चार वर्ष से सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड में मॉडल ब्लॉक के रूप में संचालित हो रही है। जिसमें ग्राम स्तर पर स्वच्छ ऊर्जा समिति बनाकर लोगों को ऊर्जा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं परियोजना के समुदायिक उत्प्रेरक दिलराज नायक ने कोलेबिरा प्रखंड के अंदर क्लीन एनर्जी के ऊपर किए जा रहे कार्यों व उपलब्धियों की चर्चा की। साथ ही उन्होंने रेस परियोजना के तहत युवाओं को स्किल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़ अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस कार्यक्रम मे पंचायत शाहपुर के मुखिया अंकिता करकेट्टा उप मुखिया रणधीर प्रसाद सिंह रोजगार सेवक विजय कुमार साहू वार्ड सदस्य एवं ग्रामीणों ने उपस्थित थे। इस कार्यशाला को सफल बनाने में अविनाश नायक का अहम् योगदान रहा।

### बदहाल है गढ़वा जिले का अनुमंडलीय अस्पताल श्री बंशीधर नगर

# अनुमंडलीय अस्पताल में 95 स्वीकृत पदों की अपेक्षा मात्र 17 कर्मी है कार्यरत

श्रवण पासवान@श्रीबंशीधर नगर

**बंशीधर नगर :** अनुमंडलीय अस्पताल विभागीय उपेक्षा का दंश झेल रहा है।अनुमंडलीय अस्पताल में स्वीकृत 95 पदों के विरुद्ध मात्र 17 कार्यरत कर्मचारी है.रिक्त पदों को भरने की दिशा में विभाग द्वारा आज तक कोई कार्रवाई नही किया गया है। कर्मियों की कमी को दूर करने के लिये विभाग द्वारा अनुबन्ध पर 54 तथा आउटसोर्सिंग से 8 कर्मी रखे गये हैं।अनुमंडलीय अस्पताल होने के कारण यहां इलाज के लिये कई प्रखंडों से मरीज आते हैं लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सकों के नही रहने के कारण उन्हें बेहतर इलाज की सुबिधा नही मिल पाता है। विवश होकर मरीजो को बेहतर इलाज के लिये निजी अस्पतालों के शरण मे जाना पड़ता है।गरीब मरीज पैसे के अभाव में बेहतर इलाज से वंचित हो जाते है और भगवान भरोसे रह जाते हैं।विभाग लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुबिधा उपलब्ध नही करा पा रही है। अनुमंडलीय अस्पताल में 95 है स्वीकृत पद. जिसमे उपाधीक्षक का एक, चिकित्सा पदाधिकारी के सात,दन्त चिकित्सक का एक,फिजिशियन एक,सर्जन एक,स्त्री रोग विशेषज्ञ एक,शिशु रोग विशेषज्ञ का एक,निश्चेतक का एक,नेत्र रोग विशेषज्ञ का एक,रेडियोलॉजिस्ट का एक,वरीय दन्त चिकित्सक का एक,नेत्र सहायक का एक,परिचारिका श्रेणी ए के चार,प्रयोगशाला प्रावैधिक का दो,ए एन एम का बीस, लिपिक तीन,स्वास्थ्य सेवक का चार,एक्स रे प्रावैधिक का एक,फार्मासिस्ट का दो,स्वच्छता निरीक्षक का एक,प्रखंड प्रसार प्रशिक्षक का एक,महिला स्वास्थ्य परिदर्शिका का दो,निगरानी निरीक्षक का दो,शल्य कक्ष सहायक का एक, परिधापक का दो,पुरुष कक्ष सेवक का तीन,महिला कक्ष सेविका का तीन,रसोइया का



एक,रसोइया सहायक का एक,माली का एक,झाड़ू कश का चार,रात्रि प्रहरी का एक,आदेश पाल का दो,चालक का दो,स्वास्थ्य कार्यकर्ता का तीन,बुनियादी स्वास्थ्य कार्यकर्ता का एक,पुरुष परिवार कल्याण कार्यकर्ता का तीन,सगणक का एक तथा निगरानी कार्यकर्ता के छः पद स्वीकृत हैं।कार्यरत कर्मियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चिकित्सा पदाधिकारी एक,नेत्र सहायक एक, प्रयोगशाला प्रावैधिक एक,ए एन एम दस,लिपिक तीन तथा माली एक ही सरकारी कर्मी के रूप में कार्यरत हैं.जब कि विशुनपुरा अस्पताल में कार्यरत डॉ गोकुल प्रसाद तथा डॉ अनुपमा सप्ताह में दो-दो दिन अपनी सेवा अनुमंडलीय अस्पताल में देती है.

कर्मियों की कमी को दूर करने के लिये विभाग द्वारा 54 कर्मियों को अनुबन्ध पर रखा गया है,जिसमे ए एन एम 18,ए ग्रेड नर्स 2,लिपिक 1,प्रखंड डाटा प्रबन्धक 1,मलेरिया सुपरवाइजर 1,एमपीडब्ल्यू 14,यक्ष्मा विभाग में 3,लेप्रोसी में 1,एन सी डी 1 तथा आयुष चिकित्सक 3,सीएचओ 5 तथा आउटसोर्सिंग से 8 कर्मियों को रखा गया है. ध्यान देने योग्य सबसे विशेष तथ्य यह है कि 17 नियमित स्वास्थ्य कर्मियों में से अधिकतर वर्षो से अनुमंडलीय अस्पताल में ही पड़े हुए है।बहुत अधिक समय से एक ही स्थान पर वर्षो से रहने के कारण उनके कर्तव्य निर्वाहन में भी शिथिलता आ गई है।अनुमंडलीय अस्पताल में एक चिकित्सक ऐसे भी है जिनका 2005 में अनुबंध पर प्रतिनियुक्ति विभाग द्वारा किया गया था।2013 में नियमित हुए और आज तक अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यरत है।जो कि बड़ी ही हास्यपद बात है कि विभाग की नजर से अभी तक बचे हुए है।ऐसे लगभग सभी नियमित कर्मी वर्षो से अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यरत है जिनका पुरसहाल स्वास्थ्य विभाग में कोई नही है।


## सियाचिन ग्लेशियर में आग लगने से सेना के एक अधिकारी की मौत, तीन जवान घायल

**जम्मू :** सियाचिन ग्लेशियर में बुधवार को सैन्य कैंप के अंदर आग लगने से सेना के एक अधिकारी की मौत हो गई, जबकि तीन जवान घायल हो गए। सेना के अधिकारियों ने बताया कि सियाचिन ग्लेशियर में आग लगने से घायल हुए जवानों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचा दिया गया है। उन्होंने कहा कि घटना के दौरान गंभीर रूप से झुलसने के कारण रेजिमेंटल मेडिकल ऑफिसर कैप्टन अंशुमान सिंह की मृत्यु हो गई है। तीन अन्य जवानों को धुएं के कारण सांस लेने में तकलीफ हुई और वह गंभीर रूप से झुलस गए। आगे के उपचार के लिए उन्हें सुरक्षित हवाई मार्ग से अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां पर उनका उपचार जारी है।

# पासपोर्ट इंडेक्स में भारत 80वें स्थान पर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** मंगलवार को जारी हेनले पासपोर्ट इंडेक्स द्वारा प्रकाशित नवीनतम रैंकिंग में भारत का पासपोर्ट 80वें स्थान पर है. साल 2022 के मुकाबले भारतीय पासपोर्ट पांच स्थान ऊपर आया है. हेनले पासपोर्ट इंडेक्स रैंकिंग जारी होने के बाद अब भारतीय बिना वीजा के 57 देशों की यात्रा कर सकते हैं. भारत की वर्तमान रैंक इसे टोगो और सेनेगल जैसे देशों के साथ जोड़ती है. जबकि भारतीय पासपोर्ट धारकों को इंडोनेशिया, थाईलैंड, रवांडा, जमैका और श्रीलंका जैसे देशों में वीज़ा-मुक्त पहुंच और आगमन पर वीज़ा की सुविधा है. फिर भी उन्हें दुनिया भर में 177 देशों में प्रवेश करने के लिए वीज़ा की आवश्यकता होती है.इनमें से कुछ




देशों में चीन, जापान, रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ के देश शामिल हैं. इस बीच, सिंगापुर ने दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट के साथ जापान की जगह ले ली है, जिससे 192 वैश्विक गंतव्यों में वीजा-मुक्त प्रवेश की अनुमति मिल गई है. 5 वर्षों तक शीर्ष पर रहने के बाद, जापान तीसरे स्थान पर खिसक गया. अमेरिका, जो लगभग एक दशक पहले रैंकिंग में शीर्ष पर था, दो स्थान फिसलकर आठवें स्थान पर आ गया. यूके दो स्थानों की छलांग लगाकर चौथे स्थान पर पहुंच गया. इस सूची में सबसे नीचे अफगानिस्तान है. पासपोर्ट इंडेक्स दुनिया के पासपोर्ट को प्रदर्शित करने, क्रमबद्ध करने और रैंक करने के लिए सबसे लोकप्रिय इंटरैक्टिव ऑनलाइन टूल बन गया है. विशेष रूप से, हेनले पासपोर्ट इंडेक्स, जो मूल रूप से डॉ. क्रिश्चियन एच. केलिन द्वारा बनाया गया था. अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन प्राधिकरण (आईएटीए) द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों पर आधारित है और इसमें 199 पासपोर्ट और 227 यात्रा गंतव्य शामिल हैं. जब भी वीज़ा नीति में बदलाव लागू होते हैं, इसे पूरे वर्ष रियल टाइम में अपडेट किया जाता है.

# एनडीए व इंडिया में शुरू हुआ मुकाबला

रविन्द्र उपाध्याय @ प्रभात मंत्र

यूपीए का नया संस्करण इंडिया और सत्ताधारी गठबंधन एनडीए में मिशन 2024 के लिए मुकाबला और शक्ति प्रदर्शन का दौर शुरू हो गया। दोनों ही गठबंधन एक ही दिन दो जगहों पर अपनी ताकत का एहसास कराया। एनडीए की तरफ 38 तो इंडिया खेमे में 26 दलों की उपस्थिति रही। दिल्ली में एनडीए का खेमा तो बेंगलुरु में इंडिया का कुनबा। गत 18 जुलाई, दोनों ही गठबंधन के लिए अपनी अपनी शक्ति दिखाने के लिए एक खास दिन रहा। एनडीए की बैठक की बात करें तो इसका नेतृत्व केंद्र की सत्ताधारी पार्टी भाजपा ने किया।बैठक के मूल में एनडीए का विस्तार है। इसके साथ ही भाजपा अपने मौजूदा सहयोगियों के साथ रिश्तों को और मजबूत करना चाहती है और पूर्व सहयिगियों के साथ रिश्तों को सुधारना चाहती है। बैठक के बाद पीएम मोदी ने विपक्ष पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब गठबंधन सत्ता की मजबूरी से होता है, जब गठबंधन भ्रष्टाचार के इरादे से हो, जब गठबंधन परिवारवाद की नीति पर आधारित हो, जब गठबंधन जातिवाद और क्षेत्रवाद को ध्यान में रखकर किया जाता है तो वह गठबंधन देश को बहुत नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि एनडीए के 25 वर्षों की इस यात्रा के साथ एक और संयोग जुड़ा है। ये वह समय है, जब हमारा देश आने वाले 25 वर्षों में एक बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कदम बढ़ा रहा है। ये लक्ष्य विकसित भारत का है, आत्मनिर्भर भारत का है।एनडीए सबके प्रयास के साथ आगे बढ़ रहा है। कहा कि एनडीए के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हर सपने संकल्प हैं और हर संकल्प सिद्धि के लिए हम समर्पित भाव से जुटे हुए लोग हैं। इधर विपक्षी गठबंधन का नाम इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) रखा गया है। बेंगलुरु में एकजुट हुए समान विचारधारा वाले 26 राजनीतिक दलों ने इस नाम पर सहमति जताई और अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का संकल्प लिया। राहुल ने कहा कि यह लड़ाई एनडीए और इंडिया के बीच है। पीएम मोदी और इंडिया के बीच लड़ाई है। उनकी विचारधारा और इंडिया के बीच लड़ाई है। विपक्षी दलों की बैठक में यह संकल्प भी लिया गया कि वे देश के सामने एक वैकल्पिक राजनीति का एजेंडा लाएंगे। सभी मिलकर सामाजिक और आर्थिक एजेंडा भी पेश करेंगे। बैठक में यह भी फैसला किया गया कि इस गठबंधन का एक संयोजक होगा। इसमें 11 सदस्यीय समन्वय समिति होगी। आगामी लोकसभा चुनाव प्रचार के प्रबंधन के लिए इसका सचिवालय दिल्ली में होगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमारे गठबंधन का नाम 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया)' होगा। सभी ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। 'इंडिया' के घटक दलों की अगली बैठक मुंबई में होगी, जहां गठबंधन के संयोजक और समन्वय समिति के सदस्यों का चयन किया जाएगा। विपक्षी दलों ने बैठक में पारित 'सामूहिक संकल्प' में कहा कि हम संविधान में निहित भारत के विचार की रक्षा के लिए अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त करते हैं। हमारे गणतंत्र के चरित्र पर भाजपा व्यवस्थित तरीके से गंभीर हमले कर रही है। हम अपने देश के इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं। 'सामूहिक संकल्प' में कहा गया कि भारतीय संविधान के मूलभूत स्तंभों-धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र, आर्थिक संप्रभुता, सामाजिक न्याय और संघवाद-को लगातार कमजोर किया जा रहा है। विपक्ष ने कहा कि हम अल्पसंख्यकों के खिलाफ पैदा की जा रही नफरत और हिंसा को हराने के लिए एक साथ आए हैं। हम महिलाओं, दलितों, आदिवासियों और कश्मीरी पंडितों के खिलाफ बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए के साथ आए हैं। हम सभी सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों के लिए एक निष्पक्ष सुनवाई के लिए साथ आए हैं।विपक्ष ने कहा कि पहले कदम के रूप में जाति जनगणना को लागू करना है। हम राष्ट्र के सामने एक वैकल्पिक राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक एजेंडा पेश करने का संकल्प लेते हैं। हम शासन के सार और शैली दोनों को अधिक परामर्श योग्य, लोकतांत्रिक और सहभागी बनाने के लिए इन्हें बदलने का वादा करते हैं। यहां कबीले गौर यह है कि भारतीय राजनीति में तीसरा मौका है जब सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ सभी विपक्षी दल एक जुट हुए हैं. इससे पहले 1977 में पहली बार विपक्षी नेता एक साथ आए, गठबंधन की सरकार बनी थी. तब मोरारजी देसाई के नेतृत्व में पहली गैर कांग्रेसी सरकार का गठन हुआ था. इसके बाद जनता पार्टी ने अलग-अलग दलों के समर्थन से 1989 में वीपी सिंह के नेतृत्व में सरकार बनी. अब 2024 चुनाव में भी तीसरा मौका होगा जब तमाम विपक्षी दल एक जुट होकर सत्ता पक्ष के खिलाफ चुनाव में हुंकार भरेंगे. विपक्ष के गठबंधन से मुकाबला के लिए एनडीए गठबंधन भी राजनीति के मैदान में कमर कस कर पूरी तरह से तैयार है।

# रांची मेयर के पद को एससी के लिए रिजर्व करने के मामले में याचिकाकर्ता ने वापस ली याचिका

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को रांची मेयर का पद अनुसूचित जनजाति से हटाकर अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सरकार और चुनाव आयोग ने इस आदेश को वापस ले लिया और ट्रिपल टेस्ट की बात कही है। याचिकाकर्ता ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। खंडपीठ ने याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान की।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने पैरवी की। याचिका में उनकी ओर से कहा गया था कि शेड्यूल एरिया में नगर निकाय चुनाव में मेयर या अध्यक्ष या नगर पंचायत अध्यक्ष का पद सिर्फ



आदिवासियों के लिए ही आरक्षित हो सकता है , गैर आदिवासियों के लिए यह पद नहीं हो सकता है।

इसे लेकर लक्ष्मीनारायण मुंडा ने याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि पांचवीं अनुसूची के तहत अनुसूचित जिले में मेयर या अध्यक्ष का पद एसटी के लिए आरक्षित करने का प्रावधान है लेकिन नियमों का उल्लंघन करते हुए इस बार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा एससी के लिए आरक्षित कर दिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने राहुल रमेश बाघ बनाम महाराष्ट्र सरकार के मामले की सुनवाई के बाद राज्य सरकारों द्वारा बिना ट्रिपल टेस्ट कराये ओबीसी को चुनाव में आरक्षण नहीं देने से संबंधित आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में होने वाले पंचायत और नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण प्रदान करने की तीन जांच अर्हताएं तय की हैं।

इसके मुताबिक पिछड़े वर्ग के लोगों की सामाजिक, राजनीतिक व शैक्षणिक स्थिति मालूम करने के बाद ही आरक्षण तय किया जायेगा। आयोग विस्तृत और व्यावहारिक डाटा के आधार पर निकायों में ओबीसी के प्रतिनिधित्व का निर्धारण करेगा। हालांकि, इसके लिए कुछ आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 फीसदी से अधिक नहीं होगी। निकायों में एसटी-एससी को मिलने वाले आरक्षण को 50 फीसदी की सीमा से घटाते हुए शेष सीटों पर ओबीसी को आरक्षण मिलेगा। इधर, झारखंड में नगर निकाय चुनाव के लिए ओबीसी या पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने के लिए 'ट्रिपल टेस्ट' शुरू किया जाना है। कैबिनेट द्वारा ट्रिपल टेस्ट के लिए आयोग गठित करने का फैसला ले लिया गया है। आयोग द्वारा पंचायत और निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने के लिए थ्री लेयर टेस्ट करेगा, ओबीसी का सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षण कर आयोग आरक्षण की सीमा तय करेगा।

## रेलवे प्लेटफॉर्म पर जनरल कोच के सामने मिलेगा 20-50 रुपये में पौष्टिक भोजन

**नई दिल्लीः** भारतीय रेलवे अपनी फूड एंड बेवरेज सेवा का विस्तार करने के लिए जनरल कोचों में यात्रियों को कम कीमत पर पौष्टिक और स्वच्छ भोजन परोसेगी। रेलगाड़ियों के सामान्य डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों को सस्ता खाना, स्नैक्स/कॉम्बो मील और किफायती दर पर पैकेट बंद पेयजल की सेवा प्रदान करने के लिए प्लेटफॉर्म पर सामान्य श्रेणी के डिब्बों के लगने के निकट सस्ता खाना, स्नैक्स/कॉम्बो मील का प्रावधान किया गया है। भारतीय रेलवे ने बुधवार को एक बयान में कहा कि 'इकोनॉमी भोजन' की कीमत 20 रुपये और स्नैक्स मील की कीमत 50 रुपये होगी। पेयजल भी किफायती दरों पर उपलब्ध कराया जाएगा। 'इकोनॉमी भोजन' के अन्तर्गत सात पूरियां (175 ग्राम), आलू की सूखी सब्जी (150 ग्राम) और अचार होता है।

# सीमा हैदर मामले में जांच एजेंसियों को मिली अहम जानकारी

एजेंसी

**नई दिल्ली** : सीमा हैदर मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच एजेंसियों को अहम जानकारी हाथ लगी है। खुफिया एजेंसी सूत्रों के मुताबिक, एजेंसियों को आशंका है की सीमा ने बकायदा पूरी तैयारी के साथ अपना ड्रेसअप इस तरीके से किया था कि वह ग्रामीण भारतीय महिला लगे, ना की बाहर के देश की महिला और इस मेकओवर में पेशेवर लोगों की मदद ली गई थी।



खुफिया एजेंसी काफी दिनों से ये तलाश करने में जुटी हुई है कि क्या किसी तीसरे शख्स की मदद से पूरी तैयारी के साथ सीमा को भारतीय सीमा में दाखिल करवाया गया था? सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसियों को आशंका है कि सीमा ने पूरी तैयारी के साथ अपना ड्रेसअप कुछ ऐसे किया था कि वह ग्रामीण भारतीय महिला लगे, न की बाहर के देश की महिला और इस मेकओवर में पेशेवर लोगों की भी मदद ली गई थी।

इतना ही नहीं, सुरक्षा एजेंसियों की नजरों से बचने के लिए उसने अपने बच्चों को भी इसी तरीके से ड्रेस अप किया था। जानकारी दे दें कि जांच एजेंसियों के मुताबिक कुछ ऐसा ही तरीका ह्यूमन ट्रैफिकिंग यानी घरेलू सहायिका या जिस्मफरोशी रैकेट में शामिल महिलाएं भारत नेपाल सीमा पार करने में इस्तेमाल करती हैं। इसके अलावा सूत्रों ने दावा किया कि जिस धाराप्रवाह भाषा में सीमा लगातार बात कर रही है, ऐसी ट्रेनिंग नेपाल में मौजूद पाकिस्तानी हैंडलर उन महिलाओं को देते हैं, जिनको नेपाल बार्डर पार कराकर भारत में गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भेजा जाता है।

भारतीय खुफिया और जांच एजेंसियों की जांच के दायरे में अब ऐसे एजेंट भी हैं जो इस तरीके से भारत में अवैध तरीके से लोगों को घुसवाने में मदद करते हैं।

# गुजरात में आफत की बारिश, सड़कों पर भरा पानी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** गुजरात में तेज बारिश के कारण भारी जलजमाव की स्थिति पैदा हो गई है. मूसलाधार बारिश की वजह से राज्य के कई शहरों में पानी भर गया है. बारिश इतनी ज्यादा हुई है कि कई जगहों पर कारें तक डूब गई हैं. बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित राजकोट, सूरत और गिर सोमनाथ जैसे जिले हुए हैं. इन जिलों में कुछ घंटों के भीतर ही 300 मीमी की बारिश दर्ज की गई है. भारी बारिश की वजह से हुए जलजमाव को देखते हुए प्रभाविक इलाकों से 70 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है. मंगलवार को हुई तेज बारिश का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. इस वीडियो में दिख रहा है कि तेज बारिश की वजह से कई जगहों पर सड़क पर पार्क की गई गाड़ियां जिनमें कारें भी शामिल हैं, पानी में डूब चुकी हैं. मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों सौराष्ट्र और दक्षिण गुजरात के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश की भविष्यवाणी की है. स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (एसईओसी) के अनुसार, गिर सोमनाथ जिले के सूत्रपाड़ा तालुका में सबसे अधिक बारिश हुई, मंगलवार सुबह 6 बजे से केवल 14 घंटों में 345 मिमी, जबकि राजकोट जिले के धोराजी तालुका में इसी दौरान 250 मिमी बारिश दर्ज की गई. सूरत में भारी बारिश हुई है, दिन के दौरान लगभग 104 मिमी बारिश दर्ज की गई. जूनागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में भी मूसलाधार बारिश हुई है. जिसका असर जनजीवन पर भी पड़ा है. राज्य सरकार फिलहाल हालात पर नजर बनाए हुए है.मंगलवार को हुई तेज बारिश के बाद राज्य सरकार ने एक बयान में कहा, पानी के भारी प्रवाह के कारण, गुजरात के 206 जलाशयों में से 43 को हाई अलर्ट पर रखा गया है, 18 अलर्ट मोड पर हैं, और अन्य 19 के लिए चेतावनी जारी की गई है.

## सीएससी सेवाएं शुरू करने को लेकर 21 जुलाई को गोष्ठी आयोजित करेगा सहकारिता मंत्रालय

**नई दिल्ली** : प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) की ओर से कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) की सेवाएं शुरू करने को लेकर 21 जुलाई को दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय महासंगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्घाटन केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे। यह जानकारी सहकारिता मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में दी। महासंगोष्ठी का आयोजन सहकारिता मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करने वाले राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) और सीएससी के सहयोग से कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पैक्स की ओर से सीएससी की सेवाएं प्रदान किए जाने से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। सहकारिता मंत्रालय के मुताबिक अब तक कुल 17000 पैक्स, सीएससी पोर्टल पर ऑनबोर्ड हो चुके हैं, जिनमें से 6,000 से अधिक पैक्स, सीएससी के रूप में सेवाएं देना शुरू कर चुके हैं।

# सात्विक साईराज रंकी रेड्डी ने सबसे तेज बैडमिंटन शॉट मारने का तोड़ा गिनीज विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने सबसे तेज़ बैडमिंटन शॉट मारने का 10 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने 565 किमी/घंटा की गति से शॉट मारा और सबसे तेज़ शॉट का एक दशक पुराना गिनीज विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड मलेशियाई बैडमिंटन खिलाड़ी टैन बून हेओंग के नाम था, जिन्होंने मई 2013 में 493 किमी/घंटा की रफ्तार से शॉट मारा था।बता दें कि फॉर्मूला 1 कार द्वारा दर्ज की गई सबसे तेज़ गति 397.48 किमी/घंटा है, जबकि सबसे तेज़ टेनिस सर्विस अधिकतम 263 किमी/घंटा है।महिला वर्ग में मलेशिया की टैन पर्ली ने 438 किमी/घंटा (लगभग 272 मील प्रति घंटे) की उल्लेखनीय गति के साथ सबसे तेज हिट का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया है।जापानी खेल उपकरण निर्माण कंपनी योनेक्स ने



एक विज्ञप्ति में कहा, योनेक्स को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि योनेक्स बैडमिंटन एथलीट, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी (आईएनडी) और टैन पर्ली (एमएएस) ने सबसे तेज पुरुष और महिला बैडमिंटन हिट के लिए नया गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया है। चूंकि सबसे तेज बैडमिंटन हिट के लिए पिछला गिनीज विश्व रिकॉर्ड का खिताब मई 2013 में दर्ज किया गया था, इसका मतलब है कि रंकीरेड्डी ने एक दशक से अधिक समय में पहली बार रिकॉर्ड तोड़ा। गौरतलब है कि विश्व रिकॉर्ड प्रयास 14 अप्रैल, 2023 को हासिल किए गए थे, और उस दिन से गति माप परिणामों के आधार पर गिनीज विश्व रिकॉर्ड के आधिकारिक न्यायाधीशों द्वारा सत्यापित किया गया था। सात्विक का स्मैश सोका, सैतामा, जापान में योनेक्स फैक्ट्री जिम्नेजियम में नियंत्रित वातावरण में आयोजित किया गया था।